e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 01
बुधवार, 01.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
प्रभात मंत्र
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आज खुद पर भरोसा कर लो, कल दुनिया तुम पर भरोसा करेगी!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### जैक के अध्यक्ष ने सीएम हेमंत सोरेन को दी बधाई



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो एवं सचिव जयंत कुमार मिश्रा ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नववर्ष की मंगल कामनाएं एवं बधाई दी।

### कांग्रेस-भाकपा (माले) के प्रतिनिधिमंडल से मिले राज्यपाल

**पटना :** बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन की 70 वीं पीटी परीक्षा को रद्द कराने को लेकर बीते दो सप्ताह से आंदोलनरत अभ्यार्थियों के पक्ष में आज वामदल-कांग्रेस ने राजभवन मार्च किया। लेकिन सतमूर्ति गोलचक्कर से आगे बढ़ते ही पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उनके प्रतिनिधिमंडल से राज्यपाल ने की मुलाकात। मंगलवार की दोपहर अभ्यर्थियों के समर्थन में महागठबंधन के नेता फिर सड़क पर उतरे। पटना में राजभवन मार्च के लिए भाकपा (माले) और कांग्रेस के कार्यकर्ता विधानसभा के पास जुटे। इसके बाद वे नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राजभवन की ओर बढ़ रहे थे, तभी पटना पुलिस ने चुनाव आयोग के पास मार्च को रोक दिया। इसके बाद महागठबंधन के विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया। देखते ही देखते विधायकों और पुलिस के बीच झड़प हो गई।

### रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत

**रायपुर :** रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर राजधानी रायपुर से लगे धरसींवां सिलतरा थाना अंतर्गत इलाके में बीती देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई ।जबकि वहीं 13 अन्य लोग घायल हो गए हैं।सिलतरा पुलिस ने जानकारी दी है कि घटना सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन पर सिलतरा ओवरब्रिज के ऊपर हुई।धमतरी का साहू परिवार अमरकंटक की यात्रा कर कार से वापस धमतरी की ओर आ रहा था।गाड़ी में कुछ खराबी आने से साहू परिवार सिक्स लाइन किनारे गाड़ी खड़ी कर सुधार रहा था। सभी यात्री सड़क किनारे बैठे हुए थे, तभी श्री सीमेंट से सीमेंट लेकर आ रहे ट्रक क्रमांक ष्टत्र 08,क्र8811 अनियंत्रित हो गया और चालक महेंद्र कुमार ने सड़क किनारे बैठे तीर्थ यात्रियों के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। जिससे दो बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं 13 लोग घायल हो गए।

### मां, माटी और मानुष के लिए समर्पित रहूंगी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को धन्यवाद देते हुए एक भावुक संदेश जारी किया। उन्होंने ट्वीट करते हुए, मां, माटी और मानुष के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और राज्य की जनता को आने वाले साल के लिए आश्वासन दिया कि तृणमूल कांग्रेस नई उम्मीदों और उजाले के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी।ममता बनर्जी ने अपने संदेश में 2024 को चुनौतियों और उपलब्धियों का साल बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता का विश्वास और समर्थन उनके लिए शक्ति का मुख्य स्रोत है। उन्होंने लिखा,मां, माटी और मानुष ही हमारी ताकत हैं।

### मजदूरी करने जा रहे पिकअप वाहन पलटा, 3 की मौत, 25 घायल

**उज्जैन :** साल का आखरी दिन मंगलवार को जिले की महिदपुर तहसील के पास डेलची, बंजारी, बलाई खेड़ा की लगभग 30 से 35 महिलाएं मजदूरी करने पिकअप वाहन में बैठकर रतलाम जिले में जा रही थी। ड्राइवर पिकअप वाहन लापरवाही पूर्वक चला रहा था तभी वाहन अनियंत्रित होकर पलटी खा गया।पुलिस कर अनुसार दो महिला और एक 15 वर्षीय बालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना में मृत्यु होने वाले लोगों में मां और बेटे भी शामिल है। 17 घायलों का शासकीय अस्पताल महिदपुर में उपचार चल रहा है तथा आठ गंभीर घायलों को जिला अस्पताल उज्जैन रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार चालक मौके से फरार है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 08° |

# 2025 : जश्न में डूबी दुनिया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दुनिया में सबसे पहले नए साल का आगाज किरीटीमाटी द्वीप पर हुआ। यह द्वीप प्रशांत महासागर में स्थित है और किरिबाती रिपब्लिक का हिस्सा है।यहां का समय भारत से 7.30 घंटे आगे है, यानी जब भारत में 3-30 बजे होते हैं, तो किरीटीमाटी में नया साल शुरू हो जाता है। इसके बाद चैथम द्वीप न्यूजीलैंड में भी नए साल का जश्न शुरू हुआ। जैसे ही घड़ी में रात के 12 बजे, वैसे ही पुराना साल विदा हो गया नए साल का स्वागत हुआ। सबसे आखिरी में नए साल का जश्न दक्षिण प्रशांत में अमेरिकी समोआ और नीयू द्वीप में हुआ। अलग-अलग टाइम जोन के कारण कई देशों में अलग-अलग समय पर नए साल का जश्न मनाया गया। भारत से पहले 41 देश ऐसे हैं, जहां नया साल पहले मनाया गया। ऑस्ट्रेलिया में सिडनी हार्बर ब्रिज पर नए साल का शानदार स्वागत किया गया। यहां शानदार आतिशबाजी का आयोजन किया गया।नए साल 2025 का स्वागत न्यूजीलैंड ने धूमधाम से किया गया। ऑकलैंड में आइकॉनिक स्काई टावर पर आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया गया। दुनिया भर में नए साल के मौके पर कई शहरों में शानदार आतिशबाजी का आयोजन किया गया।सिडनी में सिडनी हार्बर ब्रिज और ओपेरा हाउस पर जबरदस्त आतिशबाजी हुआ जिसे लाखों लोगों ने लाइव देखा। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर काउंटडाउन के बाद बेहद शानदार आतिशबाजी देखने को मिला। रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) के कोपाकबाना बीच और कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया) के लेक बर्ली ग्रिफिन में भी नए साल को लेकर खास शो का आयोजन हुआ। भारत में भी रात के 12 बजते ही लोग अपने घरों से निकल गए और जमकर आतिशबाजी की। देशवासियों ने 2024 का भव्य तरीके से स्वागत किया।

## पर्यटकों से गुलजार हुआ झारखंड का नेतरहाट, मैक्लुस्कीगंज और बेतला नेशनल पार्क

**रांची :** रांची जिला मुख्यालय से 124 किलोमीटर दूर झारखंड का मिनी स्विट्ज़रलैंड के नाम से मशहूर नेतरहाट की खूबसूरत वादियां, जंगल, पहाड़, सनराइज और सनसेट पॉइंट पर नए साल के अवसर पर सैलानियों का भीड़ उमड़ पड़ा है। मिनी लंदन के रूप में खातिप्राप्त मैक्लुस्कीगंज भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। भाभी लोग नए साल का जश्न मनाने पहुंच रहे हैं। इसे एक अंग्रेज ने बसाया था। रांची का हुंदरू हाल और दशम फॉल भी सैलानियों से गुलजार हो चुका है। नए साल का जश्न मनाने के लिए काफी संख्या में लोग बेतला नेशनल पार्क भी पहुंच चुके हैं। यहां लोगों को आने का सिलसिला जारी है। लोग बेतला नेशनल पार्क का आनंद ले रहे हैं। इसी के नजदीक गारू थाना क्षेत्र में स्थित मिर्चाइया फल भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है यहां काफी संख्या में लोग नए साल के अवसर पर पिकनिक मना रहे हैं। रांची जिले में स्थित देउडी मंदिर में भी लोग पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं। देवघर में स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम भी पूरी तरह से भूल जा रहे हैं यहां नए साल के अवसर पर हजारों लोग पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं यह एक विश्व स्तरीय जगह है जहां सालों भर सैलानियों का जामोद लगा रहता है।



## मनाली-शिमला, कश्मीर, नैनीताल, मसूरी, गोवा व जैसलमेर में सैलानियों का लगा जमावड़ा

**नई दिल्ली :** कश्मीर से लेकर बनारस तक सैलानी ही सैलानी हैं. लोगों ने नए साल के जश्न में इन शानदार जगहों का दीदार किया.कई जगहें तो लोगों की भीड़ से जाम हो गई है. मनाली-शिमला जैसी जगहों पर तो नए साल के जश्न का जबरदस्त रंग दिखा. कश्मीर के काजीगुंड में तो रेल की पटरियों पर बर्फ बिछ गई है. इस जगह पर बर्फ के बीच ट्रेन चल रही है. इस ट्रेन की यात्रा का मजा लेने के लोग सैलानी दूर-दूर से पहुंच रहे हैं. कई सालों बाद इस साल पहली बार मसूरी में भी बर्फबारी हुई है. नए साल के लिए सैलानी नैनीताल, मसूरी और ऋषिकेश जा रहे हैं.मौसम के इस बदले मिजाज के बीच नया साल मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं. कश्मीर से लेकर मानाली तक सभी हिल स्टेशनों पर होटल लगभग फुल हो चुके हैं. मनाली में बर्फबारी भी खूब हुई है. लोग स्नोफॉल को देखन के लिए ही मनाली जा रहे हैं. गोवा में भी बड़ी संख्या में लोग नए साल के जश्न के लिए पहुंच रहे हैं. वहीं सुकून के पल बिताने के लिए गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचने वालों की भी अच्छी खासी तादाद है. जैसलमेर में सैलानियों की रौनक सालो भर नज़र आती है लेकिन नए साल के मौके पर यहां की रंगत भी निखर गई है. जैसलमेर में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं. यहां के किलों और रेत के टीलों पर घूमकर खूब आनंद ले रहे हैं.

## पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दी नववर्ष की शुभकामना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आत्मविश्वास से भरे भारत के मूड को दर्शाते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देश के लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं. साथ ही 2024 में हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन को याद किया. पीएम मोदी ने इसे एक काव्यात्मक उत्सव (पोएट्री सेलिब्रेशन) बताते हुए एक्स पर साझा अपनी पोस्ट में कहा, मेरा भारत बढ़ रहा.



# कड़ाके की ठंड से हुआ नए साल की शुरुआत




एजेंसी

**नई दिल्ली :** नए साल की शुरुआत कड़ाके की सर्दी से हुआ। जनवरी के पहले हफ्ते में दो पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ आने वाले हैं, जिससे न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट होगी। इसके बाद लगभग देश के तीन चौथाई भागों में सर्द हवाओं का विस्तार हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं बिहार-झारखंड तक गलन बढ़ेगी। तेलंगाना-महाराष्ट्र तक असर देखा जाएगा। इसी दौरान बंगाल की खाड़ी में भी निम्न दबाव का क्षेत्र बनेगा, जिससे कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती है।मौसम से संबंधित एजेंसी स्काइमेट ने बताया है कि पहली जनवरी से छह जनवरी के बीच उत्तर के पहाड़ों पर लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के आने की स्थिति बन चुकी है। इससे पहाड़ों पर तीन से छह जनवरी के बीच भारी बर्फबारी हो सकती है। इसके पहले तीन दिनों तक बारिश के असर से उत्तर भारत के राज्यों के न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कोहरे का असर भी रहेगा, किंतु एक-दो दिनों में जैसे ही हवा की गति बढ़ेगी, वैसे ही कोहरा छंट जाएगा। मौसम साफ होगा और धूप निकलेगी। इससे दो एवं तीन जनवरी के बीच मैदानी इलाकों के न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है, मगर पश्चिमी विक्षोभ का असर होते ही तीन-चार जनवरी की रात से तापमान फिर गिरने लग जाएगा। इसी दौरान पहाड़ियों के तलहटी क्षेत्रों में भी बर्फबारी होने लगेगी। तीन से छह जनवरी के बीच हिमाचल और उत्तराखंड में भी बर्फबारी की संभावना है। कुल्लू, मनाली, शिमला में भी भारी बर्फबारी के संकेत हैं। इसका असर नीचे के इलाकों जैसे हरिद्वार और ऋषिकेश तक देखा जा सकता है। यहां बर्फबारी नहीं, मगर बारिश हो सकती है। अगले हफ्ते से हवाओं में ठंडक बढ़ने के चलते पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रात में पाला गिरने के आसार हैं।बिहार और झारखंड में भी सर्द हवा चलेगी। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में मौसम साफ रहेगा। धूप निकलेगी मगर सर्द हवा चलती रहेगी। इस बार के हिमपात का असर तेलंगाना और महाराष्ट्र तक देखा जाएगा। मुंबई में भी तापमान गिरेगा। आमतौर पर पहाड़ों पर बर्फबारी होती है तो उसका असर मैदानी इलाकों तक होता है। तापमान गिरने लगता है, लेकिन इस बार की बर्फबारी के बाद न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है, क्योंकि हवा की दिशा में परिवर्तन हो जाएगा। अभी जो हवाएं उत्तर से दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर आ रही हैं, वह पश्चिमी विक्षोभ के असर से विपरीत दिशा में बहने लगेंगी। इससे दो से तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी, किंतु उसके बाद मैदानी इलाकों में भी बर्फबारी और बारिश की शुरुआत होगी तो तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी।

### मणिपुर हिंसा को लेकर सीएम बीरेन सिंह ने मांगी माफी, कहा

# पूरा साल बेहद खराब रहा, लोग मुझे क्षमा करें



एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर हिंसा को लेकर सीएम एन बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से पिछले साल तीन मई से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे इसका दुख है। पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। मणिपुर में बीते साल मई से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। नवंबर में मणिपुर के जिरीबाम में तीन महिलाओं और उनके तीन बच्चों की हत्या के बाद भी बवाल हुआ। राज्य में लगातार हो रही हिंसा के चलते एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भारी दबाव में है और बीरेन सिंह को पद से हटाने की मांग जोर पकड़ रही है। एनडीए की सहयोगी एनपीपी ने भी मणिपुर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है और नेतृत्व परिवर्तन करने की मांग की है। अब साल की समाप्ति पर मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि यह पूरा साल खराब रहा। नए साल 2025 में शांति की उम्मीद है।

# दिल्ली में भाजपा व आप में पोस्टर वॉर

**इसके अलावा, सोशल मीडिया एक्स पर पोस्टर के साथ में भाजपा ने चुनावी हिंदू केजरीवाल कहते हुए लिखा,जो 10 साल से इमामों को सैलरी बांटता रहा, जो खुद और उनकी नानी प्रभु श्रीराम का मंदिर बनने से खुश नहीं थे।**




एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही राजनीतिक दलों में घमासान मचा है। भाजपा और आम आदमी पार्टी एक-दूसरे पर वार-पलटवार करने का मौका नहीं छोड़ रही हैं। सोमवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा की।इस पर मंगलवार को दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल पर तंज कसते हुए पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में केजरीवाल को चुनावी हिंदू बताया गया है। भाजपा के इस पोस्टर पर आप ने पलटवार किया। आप ने भाजपा को ओपन चैलेंज दिया है। दिल्ली भाजपा के एक्स पर जारी पोस्टर में अरविंद केजरीवाल रुद्राक्ष की माला के साथ ही फूलों की माला भी पहने दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में लिखा है- चुनावी हिंदू। इस पोस्टर के बैकग्राउंड में घंटियां दिख रही हैं। पोस्टर में नीचे लिखा है- मंदिर जाना है बस मेरे लिए एक छलावा पुजारियों का सम्मान मेरा चुनावी दिखावा, सनातक धर्म का मैंने हमेशा मजाक उड़ाया। इसके अलावा, सोशल मीडिया एक्स पर पोस्टर के साथ में भाजपा ने चुनावी हिंदू केजरीवाल कहते हुए लिखा,जो 10 साल से इमामों को सैलरी बांटता रहा, जो खुद और उनकी नानी प्रभु श्रीराम का मंदिर बनने से खुश नहीं थे।जिसने मंदिर और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके खोले।जिसकी पूरी राजनीति हिन्दू विरोधी रही। उसे अब चुनाव आते ही पुजारियों और ग्रंथियों की याद आई ? उधर, आम आदमी पार्टी ने पोस्टर पर पलटवार करते हुए पोस्ट किया कि भाजपा में हिम्मत है तो अरविंद केजरीवाल की खुली चुनौती को स्वीकार करें? आप ने भाजपा को चैलेंज किया कि वह देश के 20 राज्यों में जहां भाजपा की सरकार है, वहां पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करके दिखाएं। केजरीवाल ने कहा कि मेरी चुनौती स्वीकार करो।

# यमन में भारतीय नर्स को मिली मौत की सजा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लंबे समय से गृह युद्ध की चपेट में घिरे हुए देश यमन से भारत को लेकर हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। यमन में एक भारतीय नर्स को मौत की सजा सुनाई गई है। केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को कथित तौर पर एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए मौत की सजा दी गई है। अब इस मामले में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने भी अपना बयान जारी कर दिया है।भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को इस पूरे मामले पर अपना रुख सामने रखा है और नर्स के लिए हरसंभव मदद करने की बात कही है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह यमन में मौत की सजा का सामना कर रही एक भारतीय नर्स के मामले में जरूरी विकल्प तलाशने के लिए हर संभव मदद कर रहा है।भारतीय विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने मंगलवार को मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, हम यमन में निमिषा प्रिया की सजा के बारे में जानते हैं। हम समझते हैं कि प्रिया का परिवार प्रासंगिक विकल्प तलाश रहा है। सरकार इस मामले में हरसंभव मदद कर रही है।

**कौन हैं निमिषा प्रिया ? :**
निमिषा प्रिया भारत के केरल की रहने वाली हैं। वह यमन के सना में साल 2011 से काम कर रही हैं। निमिषा को जुलाई 2017 में यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या का दोषी ठहराया गया था। 2018 में निमिषा को मौत की सजा सुनाई गई। उन्होंने अपनी सजा के खिलाफ वर्षों तक लड़ाई लड़ी है। निमिषा के परिवार ने उनकी रिहाई के लिए काफी कानूनी और कूटनीतिक प्रयास किए हैं। जानकारी के मुताबिक, यमन के राष्ट्रपति रशद अल-अलीमी ने नर्स निमिषा प्रिया के लिए मौत की सजा को मंजूरी दे दी है। कथित तौर पर एक महीने के भीतर निमिषा को फांसी होने वाली है।

# स्पैडेक्स पूरी तरह से स्वदेशी मिशन : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली(एजेंसी):** केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्पैडेक्स मिशन का नाम भारतीय डॉकिंग टेक्नोलॉजी रखा गया है क्योंकि यह पूरी तरह से स्वदेशी मिशन है और भारत डॉकिंग तकनीक से संबंधित इस तरह का पहला प्रयोग कर रहा है। डॉ. सिंह ने दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्पैडेक्स मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ बहुत मेल खाता है।

उन्होंने कहा कि जहां तक डॉकिंग तकनीक का सवाल है, स्पैडेक्स मिशन की लॉन्चिंग भारत द्वारा किए गए पहले प्रयोगों में से एक है। यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक है और इसीलिए इसे भारतीय डॉकिंग तकनीक नाम दिया गया है। यह प्रधानमंत्री द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के बिल्कुल अनुरूप है।

वर्ष 2024 के अंत के अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि वर्ष 2024 भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक उल्लेखनीय यात्रा रही है।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## रबी फसल कर्मशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय रबी फसल कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, उप प्रमुख सुनील सिंह ने किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवनारायण उरांव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को जागरूक करने के लिए रबी मौसम के फसलों के बेहतर उत्पादन हेतु रबी कर्मशाला का आयोजन किया जाता है। सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रियंका कुमारी ने बताया कि किसानों को बीजोपचार करने के उपरांत ही फसल बोना चाहिए। बीजोपचार से आने वाले संभावित रोग नहीं होते हैं।फसलों में बीज उपचार नहीं करने के कारण ही रोग आते हैं साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने झारखंड और केन्द्र के द्वारा चल रहे कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम कुसुम योजना के तहत किसान अपने खेतों में सोलर आधारित मोटर का अधिष्ठापन कर सकते हैं। उसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। भूमि संरक्षण विभाग से 90प्रतिशत अनुदान में 2 एच.पी. का पंप सेट और 200 फीट पाइप दिया जाता है। इसके लिए किसान आवेदन कर सकते हैं। वहीं प्रखंड उप प्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि हम लोग अपने क्षेत्र के किसानों को योजनाओं से संबंधित जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कर सकते हैं। ताकि यह बात पहुंचे और किसानों को अधिकतम लाभ मिले। प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला में उपस्थित एजीएम संजीव कुमार, जनसेवक रविन्द्र उरांव, किसान मित्र विनोद बैठा, राजेंद्र प्रसाद यादव, ममता देवी, महेंद्र यादव, अनुज सिंह, राकेश प्रसाद, पुनीत राम सहित दर्जनों किसान मित्र मौजूद थें।

## अनियंत्रित हो कर पलटी कार, कोई हताहत नही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर मुख्य पथ स्थित कडीया धाम के समीप कार अनियंत्रित होकर पलट गई, कार में सवार तीन युवक बाल बाल बचे। बताया जाता है कि बंशीधर नगर की ओर से भवनाथपुर की तरफ एक कार एचआर51एके 1073 आ रही थी। इसी दौरान कड़ियां धाम के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में सवार तीन युवक बाल बाल बचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार बहुत तेजी से आ रही थी और अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में तीन युवक सवार थे। घटना के बाद तीनों युवक शीशा तोड़कर बाहर निकले और मोटर साइकिल पर सवार होकर भाग गये। घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी रंजनी रंजन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि कार श्री वंशीधर नगर थाना क्षेत्र के मरचवार गांव का बताया जा रहा है। कार में सवार युवक का भी पता लगाया जा रहा है, फिलहाल कार को जब्त कर लिया गया है।

## शिक्षक एवं सहायक के सेवानिवृति पर दी गई विदाई



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज में मंगलवार को वाणिज्य संकाय के शिक्षक प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी उर्फ शर्मा सर तथा कार्यालय सहायक कुशेश्वर चैबे के सेवानिवृति पर महाविद्यालय परिवार तथा छात्र-छात्रों के द्वारा विदाई दी गयी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज कर्मियों तथा छात्रों ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। इस मौके पर उन्हे अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चैबे ने सेवानिवृत शिक्षक प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी एवं कुशेश्वर चैबे के कार्यकाल के संबंध में कहा कि दोनो लोगों ने अपने कार्यकाल में पुरी कर्मठता तथा लगन के साथ सेवा दी। यही कारण है कि आज छात्र-छात्राओं के बीच वे काफी लोकप्रिय हैं। प्राचार्य ने दोनो कर्मियों के उज्जवल भविष्य तथा स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान इन्होने अपने कार्यों में जरा भी कोताही नही की। इससे सीख लेने की आवश्यकता है। विदाई समारोह को प्रो. विवेकानंद उपाध्याय, डा. अरुण कुमार तिवारी, डा. बिनोद कुमार द्विवेदी, डा. सत्यदेव पाण्डेय, प्रो. भरत उपाध्याय, प्रो. संजय केशरी, प्रो. खोदा बक्श अंसारी, प्रो. बिरेन्द्र पाण्डेय, प्रो. अर्जुन प्रसाद, डा. उमेश सहाय, प्रो. परवेज आलम, ब्रजेश सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कमलेश सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रामाशीष उपाध्याय ने किया।

## जनता डेन्टल क्लिनिक में निःशुल्क दांत जांच शिविर संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** शहर के कचहरी रोड स्थित जनता डेंटल क्लीनिक में आयोजित निःशुल्क दांत जांच शिविर आज संपन्न हो गया। गत दस दिसंबर से प्रारंभ निःशुल्क दांत जांच शिविर में आज तक 735 लोगों के दांतों की जांच की गयी। इस दौरान कई मरीजों को टूथपेस्ट और दवा भी दी गई। मरीजों की जांच दंत चिकित्सक डॉक्टर एमएन खान ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि लोगों को दांतों की सफाई के लिए सुबह-शाम ब्रश करना चाहिए। ठंड के मौसम में अधिक ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए। हल्का गुनगुना कर पानी पीना चाहिए। उन्होंने कहा जिस दांत में हल्का-फुल्का गड्ढा हो। दांत के डॉक्टर से मिलकर चेकअप करा कर उसको भरवाना चाहिए। वहीं जिन लोगों के दांत में फ्लोराइड के कारण पीलापन हो जाता है, दांत पर पीलापन आ जाता है वैसे लोगों को चिकित्सक से मिलकर परामर्श लेनी चाहिए तथा पीने के पानी में तब्दीली लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य गरीब व असहाय लोगों को मदद पहुंचाना है। कई लोग आर्थिक समस्या होने के कारण अपनी दांतों का इलाज नहीं करा पाते हैं। ऐसे में यह शिविर उन लोगों के लिए वरदान साबित हुआ।

## थाना प्रभारी ने किया पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने मंगलवार को सेल डैम स्थित पिकनिक स्टॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में पिकनिक मनाने की अपील की। कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की अशांति या विवाद से बचें और यदि किसी तरह की आपत्ति या समस्या उत्पन्न हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था, शोरगुल, या किसी अन्य अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी को अपने व्यवहार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि अगर किसी को कोई समस्या या विवाद का सामना करना पड़े, तो उसे तुरंत पुलिस थाने में सूचित करें। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि पुलिस की प्राथमिकता शांति बनाए रखना है। थाना प्रभारी ने पिकनिक स्थल पर सुरक्षा बढ़ाने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात भी कही।

## भाकपा माले सचिव ने किया कंबल और अलाव का मांग



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले पाटन प्रखंड सचिव सह जिला कमिटी सदस्य सह इंकलाबी नौजवान सभा पलामू जिला सचिव पवन विश्वकर्मा ने बयान जारी कर बताया कि 31 दिसंबर इस साल की अंतिम तिथि के साथ इस बर्ष की विदाई हो रही हैं नई सरकार भी दूसरी बार बनी सभी विभागों के कर्मचारियों के वेतन से लेकर अन्य मांगों को सरकार पुरा किया लेकीन आलम यह है कि बुर्जुग से लेकर गरीब मजदुर असहाय लोग इस कड़ाके की ठंडी से घर में सिकुड़ हुए हैं उनके लिए सरकार इस साल 2024 के अंतिम समय तक कंबल देने में विफल साबित हुई हैं चौक चौराहे पर अलाव भी उपलब्ध नहीं कराई है जिसे सरकार के प्रती लोग निराश नजर आ रहे हैं। पवन विश्वकर्मा ने अपने बातो को साझा कर राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मांग करते हुए कहां की पुरे पलामू जिला में अविलंब कम्बल और अलाव उपलबध कराई जाए।

## मारपीट मामले का आरोपी गया जेल




**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के अवसाने गांव निवासी सुरेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि अरुण यादव के खिलाफ मारपीट कर जख्मी कर देने का मामला दर्ज कराया गया था। जमीन विवाद में सोमवार को अरुण ने अपने चचेरे भाई सुरेंद्र यादव को मारपीट कर जख्मी कर दिया था। परिवार के लोग सुरेन्द्र को निजी अस्पताल में भर्ती करा कर इलाज करा रहे हैं। उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। बता दें कि जख्मी युवक के परिजनों ने बताया कि सुरेन्द्र खेत में पटवन के लिए गया था। खेत से सटे गोतिया परिवार का भी खेत है। पटवन के दौरान पाइप गोतिया परिवार के खेत में चला गया, जिससे आक्रोशित होकर गोतिया परिवार के अरूण यादव उसकी बहन जीरा देवी एवं गुड्डी देवी ने कुदाल से उस पर वार किया। उसके सिर में गंभीर चोट आयी। लंबे समय से गोतिया परिवार से जमीन विवाद चला आ रहा है।

## इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में तोलरा की बिटिया ने लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव की बिटिया आस्था ने गुजरात के अहमदाबाद ट्रांसटैडिया स्टेडियम में आयोजित 19 वें इस्कु इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में अपना परचम लहराया है. आस्था ने इस चैंपियनशिप के दो वर्गों में हिस्सा लिया था. जिसमें एक में उसने गोल्ड व दूसरे में सिल्वर मेडल जीता. आस्था ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी है. उसके पिता दीपक तिवारी पुलिस बल में कार्यरत हैं. वर्तमान में वे पुलिस महानिदेशक के राँची कार्यालय में पदस्थापित हैं. उन्होंने बताया कि आस्था खेल प्रतियोगिताओं में बचपन से ही रुचि रखती थी. उसने कराटे में अब तक दर्जनों मेडल जीता है. आस्था का सपना है कि वह देश के लिए खेले. इधर आस्था के इस सफलता पर पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है.कई लोगों ने उसे बधाई दी है. बधाई देते वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, कांग्रेस जिला महासचिव मिथिलेश मिश्रा, प्रमुख रंभा देवी, उपप्रमुख सतेंद्र सिंह, रविशंकर चौबे, प्रवीण मिश्रा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू शुक्ला, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, सुमंत तिवारी, नेत्री नूतन देवी सहित कई लोगों का नाम प्रमुख है।

## संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष हुए सेवानिवृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ विजय प्रसाद शुक्ला मंगलवार को सेवानिवृत हो गये. श्री शुक्ला के सम्मान में आज कॉलेज परिवार द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया. जिसमें उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी गई. समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य अर्चना कुमारी व संचालन लेखपाल सुभाष पांडेय छोटू ने किया. समारोह में कॉलेजकर्मियों द्वारा डॉ विजय प्रसाद शुक्ला को सम्मानित किया गया. श्री शुक्ला ने कहा कि नौकरी में योगदान और सेवानिवृति एक प्रक्रिया है, जिससे सभी को गुजरना पड़ता है.हमने तो इस वित्तरहित कॉलेज को अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया. लेकिन मुझे प्रसन्नता है कि हमारे त्याग से उच्च शिक्षा का यह शैक्षणिक संस्थान आज पूरे क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है. आर्थिक रूप से कमजोर युवा भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. उन्होंने कॉलेज के उज्वल भविष्य की कामना की. कॉलेजकर्मियों ने श्री शुक्ला के कार्यकाल की जमकर सराहना की.कहा कि कॉलेज परिवार इनके द्वारा बताये गये अनुशासन व संस्कार की रहा पर आगे बढ़ता रहेगा. मौके पर राजीव चौबे, इरफान अहमद, इबरार खलीफा, रेणु कुमारी, रूपा कुमारी, शुशील यादव, सोनालिका कुमारी, सोनी कुमारी, संतोष ठाकुर, चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभाकर सिंह, अमित चौबे, लक्ष्मीकांत शुक्ला, सुनीता पांडेय, अंजना कुमारी, रेणु कुमारी, मृत्युंजय पांडेय, पानपति देवी,संतोष चौबे, शशिकांत कुमार, पंकज चौबे, विशाल चंद्रवंशी, सुजीत चौबे, अनिमेष तिवारी सहित सभी कॉलेजकर्मी व छात्र छात्रा मौजूद थे।

## वर्ष 2024 के अंतिम दिन वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने गरीबों के बीच किया गर्म कपड़ा का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पुराने साल की विदाई और नये साल के स्वागत का सबका तरीका अलग अलग है। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट सालोंभर सामाजिक कार्यों के जरिए सक्रिय रहती है और जनहित के अधिक से अधिक कार्यों को करती है। जिसमें रक्तदान, वस्त्र वितरण, भोजन वितरण, शिक्षा, स्वच्छता जागरूकता, पर्यावरण और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान प्रमुख हैं।आज साल के अंतिम दिन इस टीम के लोगों ने लेस्लीगंज के गुराडीह गांव में वस्त्र एवं कंबल वितरण किया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने वनभोज का भी लुत्फ उठाया। सामाजिक काम भी और मिलन समारोह भी एक साथ संपन्न हुआ, साथ ही नये साल में नये संकल्प और नये कार्यों को करने की दिशा में विचार-विमर्श भी किया गया।संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि टीम वरदान निरंतर अपने सेवा कार्यों के जरिए लोगों के बीच सक्रिय रहेगी ताकि इससे और लोग भी प्रेरित होकर ऐसे कार्य कर सकें और खुद के अलावा दूसरों के लिए भी सोच सकें। आज इस अभियान में विवेक वर्मा, मन्नत सिंह बग्गा, फरहा नाज, कंचन गुप्ता, रिनू शर्मा, लक्ष्य श्रेष्ठ और सौभाग्य सृजन ने अपनी भागीदारी निभाई और अगले साल और बढ़चढ़कर सेवा कार्य करने का संकल्प लिया।

## नया साल सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए : मिथिलेश ठाकुर



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों को नव वर्ष की बधाई दी है। श्री ठाकुर ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नया साल 2025 गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों के लिए सुख, समृद्धि, शांति, स्वास्थ्य और अद्भुत खुशियां लेकर आए।नया साल खुशियों की सौगात के साथ-साथ भारत में न्याय और मोहब्बत का पैगाम ले कर आए। उन्होंने कहा कि नए साल में गढ़वा सहित संपूर्ण झारखंड खूब तरक्की करे। राज्य की जनता को पूरा हक, अधिकार एवं सम्मान मिले। साथ ही गढ़वा विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। नए साल में पिछले अधूरे पड़े सारे विकास कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण हो। जिसका लाभ गढ़वा वासियों को मिल सके। साथ ही नए साल में गढ़वा के लिए कुछ और बेहतर विकास कार्य हो इन्हीं शुभकामनाओं के साथ सभी को नए साल की बहुत बहुत बधाई।

## सहज कर्ता दल के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में जन योजना अभियान 2024 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने के उद्देश्य से गठित सहज कर्ता दल के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत कुशदंड, हुलहुला खुर्द, गरबांध, भोजपुर, कधवन एवं कोलझिकी के ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य शामिल थे। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के क्रम में मास्टर ट्रेनर कौशल कुमार एवं सुरेंद्र दुबे द्वारा गांव की समस्याओं को पहचानने, उसका कारण जानने सहित उनके निवारण हेतु महिला सभा, बाल सभा, ग्राम सभा एवं विशेष ग्राम सभा के माध्यम से वार्षिक कार्य, शुरू योजना का निर्माण किये जाने के लिए विस्तृत जानकारी दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया की योजनाओं के निर्माण से पूर्व पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स सर्वे की पूरी प्रक्रिया पूर्ण करना आवश्यक है। गांव में सभी ग्राम सभा पंचायत निर्णय एप के माध्यम से किया जाना है।पारदर्शिता हेतु सभी ग्राम सभा का फोटो एवं वीडियो पंचायत निर्णय एप में अपलोड करना अनिवार्य है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को कई क्रियाकलापों के माध्यम से, खेलों के माध्यम से ग्राम सभा की प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में पंचायत सचिव बिरेंद्र कुमार सिंह, रोजगार सेवक आलोक राज, अंबिका सिंह, सत्यनारायण सिंह, वीपीआरपी फैसिलिटेटर कुमारी ममता, संचिता देवी, खुशबू देवी, कमला कुमारी, मायावती देवी, रूबी रवानी, वार्ड सदस्य आरती देवी, खुशबून बीबी, रूदा देवी, रीना देवी, लालजी राम, आंगनबाड़ी सेविका रेखा देवी, सरस्वती देवी, कृषि मित्र संजय प्रजापति, उपेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में इनहाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोगाम का पांचवा चरण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल के सभागार में इनहाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का पाँचवां चरण सीबीएसई गाइडलाउन के आलोक में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी। इस मौके पर निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण शिक्षकों को तकनीकों और आधुनिक शिक्षण रणनीतियों से लैस करता है जो उन्हें प्रबंधित करने और उन्हें पढ़ाने में मदद करती है। यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र सीख रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं। जब शिक्षक यह समझ जाते हैं कि विभिन्न सीखने की शैलियों को कैसे पूरा किया जाए तो वे सैकड़ों और हजारों छात्रों को सकरात्मक रूप से प्रभावित करेंगे। शिक्षक प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा के सभी स्तरों को आवश्यक मूल्य प्रदान करना है। शिक्षक छात्रों के लिए ज्ञान और सूचना के प्राथमिक स्रोत होते हैं। छात्रों को विभिन्न विषयों को समझने में मदद करते हैं। शिक्षक छात्रों में नैतिक मूल्यों, नैतिकता और चरित्र के विकास में योगदान देते हैं जिससे उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद मिलती है। रिसोर्स पर्सन्स के रूप में शिक्षिका नीरा शर्मा एवं खुर्शीद आलम द्वारा हैप्पी क्लासरूम टॉपिक पर गहन, तार्किक एवं सुग्राह्य विचार एवं सुझाव व्यक्त किए गए। मंच का संचालन उपप्राचार्य तथा धन्यवाद ज्ञापन सीमा श्रीवास्तव दारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में शिक्षक वीरेन्द्र साहू, कृष्णा कुमार, विकास कुमार, मुकेश भारती, सुनिता कुमारी, निलम कुमारी रागिन्नी कुमारी, प्रिंस यादव आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## 13 लाख रुपये की लूट मामले में पुलिस के हाथ खाली

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र में सोमवार को हुए 13 लाख रुपये की लूट और गोलीबारी मामले में रांची पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस को सिर्फ सीसीटीवी फुटेज मिली है, इसी के आधार पर पुलिस ने आमजनता से अपील की है अपराधियों की पहचान करने और सूचना देने वाले को बीस हजार रुपये ईनाम दी जाएगी। इधर मंगलवार को राँची जोन के आईजी अखिलेश झा और राँची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे खुद घटनास्थल पर पहुचे और एसआईटी में शामिल अफसरों को कई तरह के निर्देश जारी किए। बता दे कि राँची के पंडरा इलाके में बैंक में पैसा जमा करने जा रहे युवक से 13 लाख की लूट और लूट का विरोध करने पर एक सुमित नाम के युवक को गोली मारने की घटना में शामिल अपराधियों की पहचान हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कांड में शामिल अपराधियों की पहचान की गई है। पुलिस की तरफ से एक अपराधी की तस्वीर भी जारी की गई और उसके ऊपर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

## सेठी के आकस्मिक निधन से लोगों में शोक की लहर

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी, के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी के आकस्मिक निधन पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है सेठ ने कहा गुरविंदर सिंह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष के पद पर भी वह कार्यरत रहे ।गुरु नानक हॉस्पिटल, गुरु नानक स्कूल, एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किया उनकी सेवा को कभी भी भूलाया नहीं जा सकता । इस दुख की घड़ी में हम सभी उनके परिजनों के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

# झारखंड पुलिस ने एक साल की उपलब्धियों की दी जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड राज्य में वर्ष 2024 का नक्सल/अपराध/साईबर क्राईम / संगठित अपराध की उपलब्धि संबंधी उपलब्धियों पर पुलिस महानिरीक्षक अभियान वेनुकांत होमकर, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने संयुक्त रुप से पत्रकारों को जानकारी दी। इस संवाददाता सम्मेलन में थाना अंतर्गत हो रहे अपराध, महिला हिंसा, छेडखानी सहित बालू, कोयला,पशु तस्करी पर और आने वाले नये साल में बेहतरीन पुलिसिंग को लेकर क्या तैयारियां है के सवाल पर चुप्पी साध लिया।

**वर्ष-2024 में नक्सल अभियान संबंधी उपलब्धियों की विवरणी:** पुलिस महानिरीक्षक अभियान वेनुकांत होमकर ने बताया कि वर्ष 2024 में कुल 244 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें सैक सदस्य-01, जोनल कमान्डर-02, सब जोनल कमान्डर-06, एरिया कमान्डर-06 शामिल हैं। इन गिरफ्तार नक्सलियों के विरूद्ध राज्य सरकार द्वारा कुल-36 लाख रूपये ईनाम की राशि घोषित की गई थी।

**आत्मसमर्पण किया है :** अब तक 24 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है, जिसमें जोनल कमान्डर-04, सब जोनल कमान्डर-01, एरिया कमान्डर-03 तथा सदस्य-01 शामिल हैं।

**मारे गए नक्सली:** इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 में पुलिस-उग्रवादी मुठभेड़ में 09 और उग्रवादियों एवं पुलिस के बीच मुठभेड़ की घटना हुई थी, जिसमें चतरा जिला बल के 02 पुलिस कर्मी शहीद एवं एक जवान घायल हुए थे।

हथियार बरामदः अब तक नक्सलियों से कुल-123 हथियार बरामद किये गये, जिसमें पुलिस से लुटा गया 35 हथियार एवं रेगुलर हथियार-07 और देशी हथियार-81 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 5234 गोली, विस्फोटक पदार्थ-246.40 कि0ग्रा0 एवं 13.39 लाख रूपये लेवी की राशि की बरामदगी की गयी तथा नक्सलियों द्वारा बिछाये गये 239 आई0ई0डी0 को बरामद कर विनिष्ट किया गया।

**आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज ने बताया कि वर्ष-2024 में साईबर अपराध एवं प्रतिबिम्ब एपसे संबंधित :** अब तक साईबर अपराध से संबंधित कुल-1295 कांड प्रतिवेदित हुए। इन कांडो में कुल-971 अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए कुल-2118 मोबाईल फोन, 2905 सिम कार्ड, 606 ए0टी0एम0 कार्ड, 165 भिन्न बैंको के पासबुक, 45 भिन्न बैंको के चेकबुक, 52 लैपटॉप, 12 चार पहिया वाहन, 70 अन्य वाहन के साथ कुल-8,17,84,714 (आठ करोड़ सतरह लाख चौरासी हजार सात सौ चौदह) रूपये नगद बरामद कर जप्त किए गये एवं 77,20,513 (सतहत्तर लाख बीस हजार पाँच सौ तेरह) रूपये फ्रिज किये गये। साईबर अपराध की रोकथाम हेतु प्रतिबिम्ब एप का सार्थक प्रयोग करते हुए वर्ष 2024 में राज्य के भिन्न-भिन्न जिलों में कुल 274 कांड प्रतिवेदित हुए। इन कांडो में कुल-898अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए कुल-2501 सिम कार्ड, 1774 मोबाईल फोन बरामद कर जप्त किए गए। इसके अतिरिक्त कुल 66.43 करोड़ रूपये फीज किया गया तथा 3,27,93,077 (तीन करोड़ सताईस लाख तिरानवे हजार सतहत्तर) रूपये पीड़ित को उपलब्ध कराई गई।

**वर्ष-2024 में मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्रवाई से संबंधित उपलब्धियाँ:** मादक पदार्थ की रोकथाम का सार्थक प्रयास करते हुए प्रभावी नियंत्रण लगाया गया और उससे संबंधित वर्ष-2024 में राज्य में कुल-788 कांड प्रतिवेदित हुए, जिसमें 1362 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 1407.1 किलोग्राम अफीम, 18.290 किलोग्राम ब्राउन शुगर, 36.45 ग्राम हेरोइन, 4251.2 किलोग्राम गांजा,




55333.54 किलोग्राम डोडा, नशे के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले 7115 टैबलेट, 4434 कैप्सूल, 10222 बोतल कफ सिरप, 1720 पीस इंजेक्शन एवं 1,82,51,950 (एक करोड़ बयासी लाख ईकावन हजार नौ सौ पचास) रूपये बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त कुल-3974.985 एकड़ की भूमि में लगे अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया।

**वर्ष-2024 में संगठित अपराधी गैंग के विरूद्ध एवं एटीएस द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित उपलब्धियाँ :** झारखण्ड में संगठित अपराध से संबंधित कुल 97 काण्ड प्रतिवेदित हुए, जिसमें कुल-154 संगठित गिरोह के अपराधकर्मियों यथा-पाण्डेय गिरोह-41 अमन साव गिरोह-43, प्रिंस खान गिरोह-04, सुजित सिन्हा गिरोह-01, अमन श्रीवास्तव गिरोह-03, अखिलेश सिंह गिरोह-04 एवं अन्य-58 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से 05 हथियार, 67 गोली, 01 देशी बम, 09 पीस मोबाईल फोन, 02 मोटरसाईकिल एवं 63,000 (तिरसठ हजार) रूपया बरामद किया गया। इन गिरफ्तारी में संगठित अपराधिक पांडे गिरोह के सेकेंड-इन-कमांड, फरार अपराधी गोविंद राय जिसके ऊपर 25,000/- रू0 का ईनाम घोषित था, शामिल है। वहीं एटीएस ने 04 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त संयुक्त टीम के साथ मिलकर झारखण्ड पर्यटन विकास निगम एवं झारखण्ड राज्य विद्युत कर्मचारी मास्टर ट्रस्ट से संबंधित कांड में 07 अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए 1,22,90,500 (एक करोड़ बाईस लाख नब्बे हजार पाँच सौ) रूपये के साथ करीब 15 लाख रूपये के आभूषण भी बरामद किए गये साथ ही47,20,02,373 (सैंतालिस करोड़ बीस लाख दो हजार तीन सौ तिहत्तर) रूपये को फ्रीज किया गया।

रामगढ़ जिला अंतर्गत,ञरू काटकर अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था इस कांड में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संलिप्त अपराधी गैंग की पहचान कर अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कांड का उद्भेदन कर कुल-05 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा गया। ,ञरू काटकर अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना में अपराधियों द्वारा 6,72,000 (छः लाख बहत्तर हजार) रूपये की चोरी की गई। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी एवं अन्य सक्ष्यों के आधार पर कांड का उद्भेदन करते हुए संलिप्त अपराधियों की पहचान कर 03 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा गया।

6. **वर्ष-2024 में पुलिस कल्याण से संबंधित उपलब्धियाँ :** डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस मुख्यालय स्तर से बोर्ड गठित कर संयुक्त रूप से अनुशंसा के आधार पर राज्य के कुल-132 पुलिस अवर निरीक्षक को पुलिस निरीक्षक कोटी मे, 1203 सहायक अवर निरीक्षक को पुलिस अवर निरीक्षक कोटी में एवं 2713 आरक्षी को सहायक अवर निरीक्षक कोटी में प्रोन्नति प्रदान की गई साथ ही 1034 सहायक अवर निरीक्षक एवं 260 पुलिस अवर निरीक्षक को का लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त आई आरबी के 90 वरीय हवलदारों को सहायक अवर निरीक्षक (स) की कोटी में एवं जैप-01 के 57 हवलदारों को अ0नि0 (स) की कोटी में प्रोन्नति प्रदान की गई साथ ही प्रा0अ0नि0 के 03 पदाधिकारी, से0नि0चा0 के 01 हवलदार को लाभ प्रदान किया गया। अनुकम्पा समिति में विचारार्थ / स्वीकृत मामलें में कुल 04 बोर्ड का गठन किया गया, जिसके अन्तर्गत कुल-311 स्वीकृत मामलें में से कुल-109 बाल आरक्षी, 57 महिला आरक्षी एवं 155 सामान्य आरक्षी संवर्ग में स्वीकृति प्रदान की गई।

पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष से संबंधित 02 बोर्ड गठित कर कुल-1232 लाभान्वितों को कुल-3,89,85,000 (तीन करोड़ नवासी लाख पचासी हजार) रूपये का भुगतान किया गया। झारखण्ड पुलिस शिक्षा कोष से संबंधित कुल-01 बोर्ड गठित कर कुल-8242 लाभान्वितों को कुल 10,03,81,000 (दस करोड़ तीन लाख ईकासी हजार) रूपये का भुगतान किया गया। झारखण्ड पुलिस परोपकारी कोष से संबंधित कुल 01 बोर्ड गठित कर कुल-627 लाभान्वितों को कुल-4,37,10,000 (चारकरोड़ सैंतीस लाख दस हजार) रूपये का भुगतान किया गया।

**वर्ष-2024 में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता से संबंधित उपलब्धियाँ :** तेलंगाना के हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में 17 से 21 मार्च 2024 तक आयोजित 16वीं आखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता में जैप-01 के सहायक अवर निरीक्षक, आशु0 अवधेश कुमार एवं आरक्षी मनोज कुमार तिवारी ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। तुमाकुरू, कर्नाटक में दिनांक-12.12.2024 से 15.12.2024 तक आयोजित 5ह्वद्ध योगा चैम्पियनशिप में हवलदार रोशन थापा आई आरबी-04 लातेहार द्वारा उत्कृष्ट योगा का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया गया।

**लोकसभा / विधानसभा से संबंधित उपलब्धियाँ:** झारखण्ड राज्य विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में पुलिस के सार्थक प्रयास से किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हुई और न ही कोई अपराधिक / नक्सल घटना घटित हुई, जिससे चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया जा सका। हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची के मार्गदर्शन में राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## नक्सलवाद के खिलाफ हर मंगलवार को डीजीपी करेंगे बैठक



**रांची।** झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ जो अभियान चल रहा है उसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता राज्य के 16 जिलों के एसपी के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में नक्सलवाद के खिलाफ एक नयी रणनीति तैयार की जायेगी। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान को लेकर हर मंगलवार यह बैठक होगी जिसकी शुरुआत हो गई है। बैठक के लिए कुछ एजेंडे तय किये गये हैं, इन बिन्दुओं पर अधिकारियों की बैठक होगी। बैठक दोपहर तीन बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। इस बैठक में रांची, धनबाद, चाईबासा, सरायकेला, खूंटी, गुमला, लातेहार, गढ़वा, पलामू, बोकारो, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह, सिमडेगा और लोहरदगा जिले के एसपी शामिल होंगे।सभी पुलिस पोस्ट,पिकेट पर प्रतिनियुक्त सीएपीएफ, जैप, आईआरबी, झारखण्ड जगुआर पदाधिकारी, कर्मियों को Know your enemies और Know your friends के तहत सभी सक्रिय नक्सली और नक्सली समर्थकों के सबंध में अवगत कराये जाने की स्थिति। पिछले पांच वर्षों में जितने भी नक्सलियों का स्वीकारोक्ति बयान दर्ज किया गया है, उस स्वीकारोक्ति बयान और उनका प्रोफाईल और सभी नक्सलियों का फोटो के साथ विस्तृत प्रोफाईल एक डिजिटल प्लेटफार्म पर डिजिटलाईज करना। पिछले एक सप्ताह में चलाये गए नक्सल अभियान का स्टेटस और उसका रिजल्ट।

# डीआईजी कार्मिक पद पर नौशाद आलम ने पूरे किये एक वर्ष, बधाई देने वालों का लगा तांता

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** डीआईजी कार्मिक के पद पर नौशाद आलम पूरे एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिए हैं। आज ही के दिन एक जनवरी 2024 को डीआईजी कार्मिक के पदभार लिए थे। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक कार्य किये, जिससे आम जन और पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर है। सबसे पहले नौशाद आलम ने झारखंड के सभी जिला एसपी को बजट की राशि लंबित थी जिससे कई कार्य बाधित हो रहे थे उस लंबित राशि को आवंटित कराने का काम किये। इसके साथ ही अनुशंसा के आधार पर राज्य के कुल-132 पुलिस अवर निरीक्षक को पुलिस निरीक्षक कोटी मे, 1203 सहायक अवर निरीक्षक को पुलिस अवर निरीक्षक कोटी में एवं 2713 आरक्षी को सहायक अवर निरीक्षक कोटी में प्रोन्नति प्रदान की गई साथ ही 1034 सहायक अवर निरीक्षक एवं 260 पुलिस अवर निरीक्षक को एसीपी /एमएसीपी का लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त आई आरबी के 90 वरीय हवलदारों को सहायक अवर निरीक्षक (स) की कोटी में एवं जैप-01 के 57 हवलदारों को अ0नि0 (स) की कोटी में प्रोन्नति प्रदान की गई साथ ही प्राअनि के 03 पदाधिकारी, सेनिचा के 01 हवलदार



को एम एसीपी का लाभ प्रदान किया गया। अनुकम्पा समिति में विचारार्थ / स्वीकृत मामलें में कुल 04 बोर्ड का गठन किया गया, जिसके अन्तर्गत कुल-311 स्वीकृत मामलें में से कुल-109 बाल आरक्षी, 57 महिला आरक्षी एवं 155 सामान्य आरक्षी संवर्ग में स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष से संबंधित 02 बोर्ड गठित कर कुल-1232 लाभान्वितों को कुल-3,89,85,000 (तीन करोड़ नवासी लाख पचासी हजार) रूपये का भुगतान किया गया। झारखण्ड पुलिस शिक्षा कोष से संबंधित कुल- 01 बोर्ड गठित कर कुल-8242 लाभान्वितों को कुल 10,03,81,000 (दस करोड़ तीन लाख ईकासी हजार) रूपये का भुगतान किया गया। झारखण्ड पुलिस परोपकारी कोष से संबंधित कुल 01 बोर्ड गठित कर कुल-627 लाभान्वितों को कुल-4,37,10,000 (चारकरोड़ सैंतीस लाख दस हजार) रूपये का भुगतान किया गया। डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम जब बुंडू एसडीपीओ थे तब भी नक्सलियों के बीच नक्सलियों को मुख्य धारा पर लाने का काम के लिए जाने जाते हैं। इसके बाद एसपी में प्रोन्नति होने के बाद रांची ग्रामीण एसपी पद में तीन साल से अधिक समय तक रहने और कई बडी घटनाओं का उदभेदन करने के लिए जाने जाते हैं। साहेबगंज एसपी और फिर डीआईजी कार्मिक के पद पर बेहतर सेवा दे रहे हैं। इस संबंध में डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम कहते हैं पुलिस की सेवा है सरकार जहां स्थान देगी वहीं रहकर काम करना है, पद जबतक है तब तक बेहतर काम करना चाहिए काम अच्छा होगा तभी लोग इज्जत देंगे।

# बूथ केंद्रित सदस्यता अभियान को तेज करेगी भाजपा : राकेश प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 से 30 के लिए प्रांतीय और जिला टोली की बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विषय प्रवेश प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने ,संचालन सह संयोजक रोशनी खलखो ने और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सांसद घूरन राम ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिला। बैठक में प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी एवम प्रदेश महामंत्री सह सांसद प्रदीप वर्मा प्रदेश पदाधिकारी बालमुकुंद सहाय,विकास प्रीतम, गणेश मिश्र,मुन्ना मिश्र,सुनीता सिंह सहित जिला की सदस्यता अभियान टोली के संयोजक ,सह संयोजक गण उपस्थित थे। बैठक के उपरांत मीडिया ब्रीफिंग करते हुए संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के संयोजक राकेश प्रसाद ने कहा कि पिछले 22दिसंबर से प्रारंभ भाजपा का सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप फाइव में लाने केलिए कार्यकर्ता लगातार ऑनलाइन सदस्यता कर रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि भाजपा का गांव ,शहर सभी जगह बड़ा जनाधार है। राज्य के सभी 29हजार से अधिक बूथों पर पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं,बूथ समिति है। कहा कि भाजपा फिर से बूथ केंद्रित सदस्यता अभियान चला रही है।सभी बूथों पर अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने की योजना है।कहा कि भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व सबका साथ,सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व समावेशी भाजपा के निर्माण केलिए कटिबद्ध है।कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में हाट, बाजार,चौक ,चौराहे,सार्वजनिक स्थलों पर विशेष कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कैंपों में आम जनता की भागीदारी और उत्साह बढ़ चढ़कर देखी जा रही है कहा कि पार्टी के सभी प्रदेश से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेवारी देकर सदस्यता अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।कहा कि जहां मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है उस स्थान पर मैनुअल रसीद के माध्यम से सदस्यता केलिए निर्देश दिए गए हैं। कहा कि प्रदेश भाजपा संगठन पर्व में अपने समर्थकों के माध्यम से एक मजबूत भाजपा बनाने में सफल होगी।कहा कि 15 जनवरी के बाद प्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी।

## पूर्व सीएम रघुवर दास की बहन का निधन

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम और ओडिशा के राज्यपाल रह चुके रघुवर दास की बड़ी बहन प्रेमबती देवी का मंगलवार 31 दिसंबर को निधन हो गया। इसकी जानकारी रघुवर दास ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर साझा की। उन्होंने लिखा है कि मेरी मां स्वरूपा बड़ी बहन का आज निधन हो गया. महाप्रभु जगन्नाथ जी से प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को अपने निजधाम में स्थान दें. भावभीनी श्रद्धांजलि. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी बड़ी बहन की तस्वीर भी साझा की है. प्रेमबती देवी के निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर है.

# खादी मेले में भ्रमण करने वालों में बढा उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के 11वें दिन लगभग 8,000 टिकट बिके एवं लगभग 10,000 लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया। महोत्सव में पूर्व निर्धारित सभी आयोजन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहेद्य परंतु महोत्सव घूमने के लिए आगंतुकों में उत्साह की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के स्टाल में लाख की चूड़ियां, हैंगिंग बेल, प्राचीन व्यंजन जुट के बैग, बाँस के फर्नीचर, हैंगिंग लाइट्स, इत्यादि के स्टाल में भारी भीड़ देखी जा रही है




झारक्राफ्ट के स्टाल में तसर, घीचा, कटिया मेटेरियल ,साड़ियां, सूट पीस, रेडीमेड सूट और रॉ मैटेरियल , इत्यादि की बिक्री खूब हो रही है पलाश जे.एस.एल.पी.एस. के स्टालों में हस्त निर्मित आचार, गुड ,चूड़ा ,सोना चूर चावल, पापड़ ,बाजरा ,रागी, मड़वा आटा ,चावल के आटा, गृह सज्जा के समान, ज्वेलरी , झारखंडी परंपरागत परिधान जैसे शॉल, साड़ी , बंडी इत्यादि की काफी खरीदारी की जा रही है। आज महोत्सव में ट्रांसजेंडर ग्रुप द्वारा भ्रमण किया गया। महोत्सव में घूम कर उन्हें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने जीवंत प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि रेशम के कीड़े से रेशमी वस्त्र बनने की प्रक्रिया देखना अद्भुत रहा। उन्होंने दोबारा महोत्सव घूमने की इच्छा जाहिर की मेला परिसर में बुजुर्गो के लिए मेला घूमने के लिए निशुल्क ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है। महोत्सव परिसर में छोटे शिष्यों को स्तनपान कराने हेतु बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था होने से माता को बहुत सुविधा हुईद्य महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की भी व्यवस्था की गई है।

महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगिकी उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग 3 करोड़ रुपए की रही है।

# सब इंस्पेक्टर के पद से हुए सेवानिवृत निशिकांत पाठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस पद पर लंबे समय से सेवा देने वाले और आम जनता व पत्रकारों के साथ बेहतर समन्वय बना कर बेहतर कार्य करने वाले निशिकांत पाठक, सब इंस्पेक्टर, राँची वॉलीबॉल में फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल वॉलीबॉल का मान्यता प्राप्त लेवल 2 प्रशिक्षक, ज्वाइन एक वॉलीबॉल खिलाड़ी के रूप में 1992,में, देवघर जिला में 2000 तक , उसके बाद राँची जिला में ,2010 तक, 2011 में इसके साथ ही विजिलेंन्स में, 2015 तक सीआईडी झारखण्ड 2015 से 2021 लोहरदगा में, पुनः 2021 तक राँची में, 2015 से लगातार मीडिया सेल, पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त रहे और यहाँ भी उन्होंने अपने सराहनीय कार्य के लिए पुलिस और आमजन के बीच जाने जाते हैं। 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत हो गया।

पुलिस महानिरीक्षक अभियान वेनुकांत होमकर, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

## जेएलकेएम नेता नव वर्ष के लिए वनभोज कार्य क्रम के लिये तैयार किया कार्य योजना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी 31 दिसम्बर 2024 को जे एल के एम सिल्ली विधान सभा के कार्यकर्ता सतीघाट त्रिसंगम महा तीर्थस्थल में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बीते वर्ष किए गए कार्य का समीक्षा किया तथा आने वर्ष का कार्य योजना तैयार किया गया।मौके पर केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो टाईगर जयराम महतो के निर्देशानुसार हरेक प्रखंड में साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर जनता के समस्या का समाधान किया जायेगा। साथ सिल्ली विधान सभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नियम के विरुद्ध काम होने नहीं दिया जायेगा। संगठन को मजबूत करने और जनता के हर दुःख सुख को अपना सुख दुःख समझते हुए साथ देने का प्राण लिया गया। मौके पर रांची जिला, सिल्ली प्रखंड , राहे प्रखंड , सोनाहातु प्रखण्ड के अधिकारी उपस्थित हुए। पदाधिकारी पार्वती देवी, राजकिशोर महतो, बिमल महतो, मोहरी देवी, अनीता देवी, रणजीत महतो, गंगा महली।

# आईपीएस मुरारी लाल मीणा हुए सेवानिवृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी मुरारी लाल मीणा मंगलवार को सेवानिवृत हो गये। मुरारी लाल मीणा रेल डीजी के पद से रिटायर हुए हैं। गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में मुरारी लाल मीणा को डीजी रैंक में प्रोन्नति मिली थी। इससे पहले वे सीआईडी, स्पेशल ब्रांच और पुलिस मुख्यालय में कई पदों पर पदस्थापित रह चुके हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से तीन जनवरी 2025 को मुरारी लाल मीणा को फेयरवेल दिया जायेगा।



## बुढ़मू थाना प्रभारी ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की अब खैर नहीं है, बुढ़मू थाना क्षेत्र में पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान की शुरुआत कर दी. क्रिसमस के दिन शुरू हुआ यह अभियान नए साल में भी जारी रखा गया. बुढ़मू थाना के थाना प्रभारी रितेश कुमार ने कहा कि क्रिसमस के दिन से ही इस अभियान की शुरुआत की गई थी और आज 31 दिसंबर को भी इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना है. उन्होंने कहा कि नए साल के जश्न में लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं और बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं. इसके लिए भी लोगों के सुरक्षा को देखते हुए यह सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया है.बुढ़मू राय पीपरवार मुख्य मार्ग के तिरा फाल के पास और बुढ़मू चौक के पास सभी दो पहिया. चार पहिया और भारी वाहनों के ड्राइवरों की जांच की गयी. ब्रीद एनालाइजर लेकर पहुंची पुलिस ने बुढ़मू सड़क से गुजरने वाले सभी वाहनों के ड्राइवरों की इस मशीन से जांच की. चेकिंग के दौरान कोई भी चालक खबर लिखने तक शराब के नशे में नहीं पाया गया। इस एंटी क्राइम चेकिंग में बुढ़मू थाना थाना प्रभारी सह पुलिस के जवान शामिल थे।

## जीतराम बेदिया का 222वां जयंती समारोह मनाया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बूढ़ा बेरुग गांव में शहीद जीतराम बेदिया के 222वाँ जयंती समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा शामिल हुए द्य जीतराम बेदिया की जयंती समारोह में संबोधित करते हुए भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि झारखंड में अनेकों शहीद हुए परंतु जीतराम बेदिया के शहीद को दर्जा नहीं देना बेईमानी है द्य आज बेदिया समाज आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से पिछड़े हुए हैं द्य जूझ रहे हैं द्य बेदिया जनजाति को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए राजनीति में आना होगा। समाज को सर्वांगीण विकास के लिए राजनीति का रास्ता ही समाधान दे सकता है द्य इसलिए हम बेदिया समाज को धर्म संस्कृति एवं संविधानिक के अधिकार लागू करने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है।

## आदिवासियों की ग्राम बैठक सम्पन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पतराहातु पंचायत के कारयाडीह गांव में आदिवासियों की एक बैठक ग्राम प्रधान दयानंद सिंह मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा शामिल हुए द्य इस बैठक में प्रेम शाही मुंडा ने कहा की आदिवासियों की जमीन लूट रोकने के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है द्य जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि जिस प्रकार पंचायत पतराहातु, मौजा -कारयाडीह में खाता- 91प्लॉट न -1107, 1075, 1076, 1074,आदिवासियों की जमीन पर राज्य सरकार के द्वारा बिना अधिग्रहण किए ग्राम सभा का सहमति लिए बिना कृषि योग जमीन को ,ग्रामीण विकास बिभाग के एन आर ई पी अंतर्गत रोड का निर्माण किया जा रहा हैद्य और धान को छती कर गडवाल का निर्माण किया जा रहा है ।

## रैयत विस्थापित मोर्चा और ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पिपरवार पांच नं कांटा के समीप मंगलवार को रैयत विस्थापित मोर्चा एंव ट्रक ऑनर एसोसिएशन पिपरवार एरिया के तत्वाधान मे संयुक्त रूप से शोकसभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान अर्थशास्त्री स्व. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन से देश को अपूर्णीय क्षति हुई है।वह अर्थ शास्त्रीय के साथ साथ मधुर स्वभाव, सादगीपूर्ण जीवन के धनी थे।करीब 10 वर्षों तक उन्होंने देश के प्रधानमंत्री के रूप में अपना योगदान दिया।अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई अहम फैसले एवं देश हित में काम किया।देश के प्रति उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा आयोजित

**नाला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय नाला में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी के निधन पर एक शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन व्रत रखा गया।इस अवसर पर उनके देश के प्रति योगदान को भी याद किया गया।शोकसभा में समर माजी, गुलशन अली, मसीहूर रहमान, गणेश चंद्र मित्रा, परिमल दे, नरेश मुर्मू, दीपक मंडल सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।यह आयोजन मनमोहन सिंह जी के सम्मान कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष ने कहा मनमोहन सिंह जी का निधन 92 साल की उम्र में हुआ था।उनके निधन पर देशभर में शोक की लहर दौड़ गई थी। मनमोहन सिंह जी एक महान नेता और अर्थशास्त्री थे।

## सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. एहतेशाम वकारिब, पुलिस अधीक्षक ने की। इस कार्यशाला में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया।इस कार्यशाला में राघवेंद्र शर्मा, परीक्ष्यमान जिला परिवहन अधिकारी, जामताड़ा, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, और सभी थाना प्रतिष्ठानों से आए पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। डॉ. एहतेशाम वकारिब ने इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और सभी उपस्थित अधिकारियों से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया।

# विकलांग किसान युद्ध पति मंडल की प्रेरणादायक कहानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** विकलांगता एक चुनौती है, लेकिन यह किसी की क्षमताओं को सीमित नहीं कर सकती।यह कहानी नाला प्रखंड के नीलजुड़िया गांव के विकलांग किसान युद्ध पति मंडल और उनकी पत्नी बंदना कुमारी माझी की है।उन्होंने अपने मेहनत और लगन से एक पैर के सहारे कमाल कर दिखाया है।उन्होंने आलू, सरसों, बैगन, टमाटर सहित कई सब्जियां उपजाई।युद्ध पति मंडल ने कहा कि उनके दो बेटियां हैं और उन्हें पढ़ने-लिखने के लिए वह अपने मेहनत का लगन से खेती करते हैं।उन्होंने सरकार से एक सिंचाई प्रणाली की मांग की, जिससे वह और अच्छे से खेती कर सकें।वर्तमान में, उन्हें लगभग हाफ किलोमीटर दूरी से पानी का सहारा लेना पड़ता है।युद्ध पति मंडल की कहानी हमें यह सिखाती है कि विकलांगता किसी को भी अपने सपनों को पूरा करने से नहीं रोक सकती।उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें एक सफल किसान बना दिया है। उनकी कहानी हमें प्रेरित करती है कि हम अपने सपनों को पूरा करने के लिए कभी हार नहीं मानें। विकलांगता के बावजूद, युद्ध पति मंडल ने अपने सपनों को पूरा किया है।उनकी कहानी हमें यह सिखाती है कि हम अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करें।युद्ध पति मंडल की कहानी एक प्रेरणा है हम सभी के लिए।उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें एक सफल किसान बना दिया है। उनकी कहानी हमें यह सिखाती है कि हम अपने सपनों को पूरा करने के लिए कभी हार नहीं मानें।विकलांगता के बावजूद, युद्ध पति मंडल ने अपने सपनों को पूरा किया है।उनकी कहानी हमें यह सिखाती है कि हम अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करें।युद्ध पति मंडल की कहानी एक प्रेरणा है हम सभी के लिए।उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें एक सफल किसान बना दिया है।उनकी कहानी हमें यह सिखाती है कि हम अपने सपनों को पूरा करने के लिए कभी हार नहीं मानें।विकलांगता के बावजूद, युद्ध पति मंडल ने अपने सपनों को पूरा किया है।

# वर्ष 2024 में 235 लोगों की सड़क हादसे में गयी जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आंकड़ों की माने तो जनवरी माह से अबतक यानी 365 दिनों में जिला के अलग अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों में 235 लोगों की जान गयी है। सड़क हादसों में मरने वालों में अधिकांश बाइक सवार युवा वर्ग के हैं। मौत के आकड़ो के अनुसार प्रतिमाह 20 से 25 लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई है। देखा जाता है कि सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादातर लोगों की मौत बिना हेलमेट पहनकर बाइक चलाने और सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से होती है. जिले में प्रत्येक दिन लोग दर्जनों छोटे बड़े सड़क हादसों का शिकार होते हैं। हादसे में घायल होने या जान गवाने वाले अधिकांश बाइक सवार होते है। जिनकी आयु सीमा औसतन 20 से 45 वर्ष होते हैं। जिला के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल और निजी अस्पतालों में हेड इंज्यूरी से घायल मरीजों के इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है। इसलिए गंभीर रूप से घायल मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करना चिकित्सकों की मजबूरी है। बता दें कि सड़क हादसे में घायल मरीजों को सबसे पहले इलाज के लिए पीजेएमसीएच लाया जाता है। जहां सर्जन और सीटी स्कैन की सुविधा है। लेकिन हेड इंज्यूरी के मरीजों का इलाज करने के लिए विशेषज्ञ नहीं है। प्रायः देखा जाता है कि गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया जाता है। सक्षम लोग तो अपने मरीज को लेकर बाहर चले जाते हैं। लेकिन आर्थिक रूप से लाचार मरीजों के परिजन बाहर नहीं जा सकते हैं। वैसे मरीजों का इलाज पीजेएमसीएच में चलता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर हो जाने पर मरीजों का जान बच सकती है।

जिला जिला परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की ओर से जिले में वाहन जांच अभियान चलाकर वाहनों को जब्त कर जुर्माना वसूला जाता है. सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है. ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक सवार को फूल और माला पहनाकर कर उसकी गलती का एहसास कराया जाता है. लेकिन जांच के खत्म होते ही लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते नजर आते हैं.

# भाकपा माले ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का स्मरण सभा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंडहित :** मंगलवार को भाकपा माले पार्टी कार्यालय कुंडहित में प्रखंड स्तरीय कमेटी बैठक का आयोजन भाकपा माले पार्टी के प्रखंड सचिव कामरेड सोमलाल मिर्धा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला सचिव कामरेड सुनील राणा उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के चित्रपट पर महिलार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं 1 मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात पार्टी के पोलित ब्यूरो सर्कुलर का पाठ अध्ययन किया गया। वही विधानसभा चुनाव की समीक्षा भी की गई। बैठक के दौरान पार्टी के प्रखंड सचिव कामरेड सोमलाल मिर्धा ने बताया कि नया सदस्यता और पार्टी मेंबर भर्ती अभियान, जोहर अभियान, संविधान बचाओ अभियान गांव-गांव में चलाने का आह्वान किया गया। वही प्रखंड स्तर पर 17 लोकल और 51 ब्रांच बनाने का लक्ष्य रखा गया। पार्टी का आगामी कारोबार आदि पर चर्चा किया गया। 18 जनवरी 2024 को संथाल परगना केंद्र कन्वेंशन जामताड़ा में आयोजित किया गया है। मौके पर जिला सचिव सुनील राणा, प्रखंड सचिव सोमलाल मिर्धा, दुख हरण माजी, बटेश्वर टुडू, सूरज मिर्धा, रासमुनि किस्कू, ममता राणा, आशा मिर्धा, बहामुनी मरांडी, देना हांसदा, सहदेव हेमराम, भीम बाउरी, लखिश्वर हांसदा, अनिल पाल, सुशील मुर्मू आदि उपस्थित थे।

# डीटीओ ने ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत 10 वाहनों को किया जब्त



**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिवहन पदाधिकारी श्री जय प्रकाश करमाली ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रामपुर में सभी वाहनों का कागजात एवं वाहन चालक का शराब जांच की। जिसमें 10 वाहनों को ड्रिंक एंड ड्राइव में जब्त किया गया। बिना कागजात के 2 को जब्त किया गया एवं 10 वाहनों का ड्रिंक एंड ड्राइव चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु करवाई की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी श्री करमाली ने वाहन चलाने के सही नियम एवं तरीके को बताया। उन्होंने बताया जब आप बाइक चलाएं या दोपहिया वाहन पर बैठें तो हमेशा हेलमेट पहनें। बहुत तेज न चलें, गति सीमा के संकेतों का पालन करें और सुरक्षित गति से वाहन चलाएं। हमेशा ट्रैफिक सिग्नल को याद रखें। लाल का मतलब है रुकें, हरा का मतलब है चलें, और पीला का मतलब है धीमा चलें। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। यदि आप कार में हैं, तो हमेशा सीट बेल्ट पहनें, यह हमेशा सुरक्षित है। जब आप गाड़ी चला रहे हों, तो आपकी आंखें और दिमाग सड़क पर होना चाहिए, और केंद्रित रहना चाहिए।हमेशा अपने वाहन के पीछे और आगे सुरक्षित दूरी बनाए रखें। कभी भी शराब पीकर वाहन न चलाएं, यह खतरनाक है। जब आप सड़क पर चल रहे हों, तो अनुशासित रहें, एक लेन में चलें, और सड़क पार करने से पहले दोनों तरफ देखें।

# नए वर्ष के तैयारी में जुटे कुंडहित के लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंडहित :** जंगलों और पहाड़ों के बीच बहने वाले दर्जनों जलधाराओ से भरपूर जामताड़ा जिले के कुंडहित प्रखंड के पिकनिक स्पॉटों पर लोगों की गहमागहमी बढ़ गई है। कुंडहित के लोग नए साल के स्वागत की तैयारी में जोर-जोर से जुट चुके हैं। क्षेत्र में लोग अपने परिजनों मित्रों और रिश्तेदारों के साथ पिकनिक स्पॉटों पर पहुंचकर नए साल के अवसर पर पिकनिक का आनंद उठाने में मशगूल हो चुके हैं। डीजे की धुन पर युवा वर्ग के युवक युवतियां नाचते गाते हुए नए साल का स्वागत कर रहे हैं और लोगों को एक दूसरे एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हरी भरी वादियों से भरपूर कुंडहित प्रखंड के घने जंगल और इधर-उधर मौजूद इकलौते पहाड़ो के साथ साथ जंगलों और पहाड़ों के बीच की खाइयो में बहुत ही जलधाराओ जिसे स्थानीय हल्के में जोरिया कहा जाता है, में कल कल करती जल की धारा सैलानियों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करती है। कुंडहित प्रखंड में पहाड़गोड़ा के पहाड़ के अलावे शीला नदी के कांधीहारा तट, बरमसिया घाट सहित विभिन्न घाट पिकनिक मनाने वालों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इस वर्ष क्षेत्र में अच्छी खेती होने के वजह से क्षेत्र के लोग काफी खुश और उत्साहित है जिससे नए साल की खुशियां दोगुनी हो गई है। उत्साहित लोग पिकनिक में शामिल होकर नए साल की खुशियां का आदान-प्रदान करने में जोर-शोर से जुड़े हुए हैं।

# पिपरवार मे सड़क दुर्घटना मे सीसीएल कर्मचारी की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक सीसीएल कर्मचारी की मौत होने की सूचना प्रकाश मे आया है।जानकारी के अनुसार बीती रात्री राय कोलियरी-बचरा मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना मे सीसीएल कर्मचारी की मौत हो गई।मृतक सीसीएल कर्मचारियों की पहचान 54 वर्षीय भुवनेश्वर महतो के रूप मे की गई है।वह मूलरूप से बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कथारा एरिया का रहने वाला बताया गया है।वर्तमान मे मृतक सीसीएल कर्मचारी अपने परिवार के साथ पिपरवार थाना क्षेत्र के 122 कॉलोनी मे रहकर अशोक परियोजना के पिपरवार यूनिट में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे।घटना के संबंध मे बताया गया कि मृतक सीसीएल कर्मचारी भुवनेश्वर महतो सोमवार की रात रात्रि पाली ड्यूटी के लिए अपने बाइक जेएच 01ऐभी-5951 से ड्यूटी के लिए जा रहा था, इसी दौरान खलारी थाना क्षेत्र के भेलवाटांड़ चौक से पूर्व राय कोलियरी-बचरा मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।इसकी जानकारी सुबह में मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सड़क दुर्घटना के स्पष्ट कारणो का पता न हीं चल पाया है।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार एवं खलारी पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।वहीं सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि भी अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।घटना के बाद उपस्थित श्रमिक प्रतिनिधियों ने मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग की। जिसके बाद अस्पताल परिसर में सीसीएल अधिकारी,श्रमिक प्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई।वार्ता में काफी विचार विमर्श के बाद दोपहर मे कागजी प्रक्रिया पूरी होने के साथ मृतक के बड़े पुत्र जितेंद्र कुमार महतो को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। स्थानीय सीसीएल अधिकारियों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों ने मृतक की पत्नी को नियुक्ति पत्र सौंपा, साथ ही जल्द ही मिलने वाले अन्य सुविधा को भी देने का आश्वासन दिया गया।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी कर्मियों का ख्याल रखती है कंपनी : संजीव कुमार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और संचालन कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा ने किया।इस समारोह में अशोक परियोजना पिपरवार यूनिट से सेवानिवृत हुए डम्पर ऑपरेटर अशोक कुमार राम और सीएचपी/सीपीपी परियोजना के एफ/एम इंचार्ज जीतु भगत के रिटायर होने पर उन्हे विदाई दी गई।कार्यक्रम मे सबसे पूर्व दोनो सेवानिवृत कर्मियों को बुके देकर स्वागत किया गया, जिसके बाद दोनों को शॉल, श्रीफल,सेवा प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान कर सम्मान के साथ विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की,साथ ही दोनों के कार्यो की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि कंपनी में योगदान देने के साथ ही सेवानिवृत्ति की तिथि सुनिश्चित हो जाती है।सभी अधिकारियों और कर्मियों को एक दिन रिटायर होना है, लेकिन बेहतर स्वास्थ्य के साथ रिटायर होना गर्व की बात है।उन्होंने कहा कि कंपनी से पुराने एवं अनुभव कर्मियो के रिटायर होने से कंपनी को काफी नुकसान हो रहा है।नए कामगारों को पुराने कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि रिटायर के बाद भी कर्मियों का कंपनी विशेष ख्याल रखती है।रिटायर के बाद मिलने वाले सभी सुविधा को निर्धारित समय तक पूरा करने का काम किया जाता है।कुछ कागजी प्रक्रिया में परेशानी होने के कारण किसी फाईल में विलंब होता है,लेकिन कंपनी समय पर सभी को मान और सम्मान देने का काम करती है।उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को रिटायर होने वाले कर्मियों को मिलने वाले पीएफ,ग्रेच्युटी सहित अन्य सुविधा देने का निर्देश दिया।इस मौके पर जीएम संजीव कुमार,एसओपी नागेश कुमार गोपाल,एसओसी विपिन बिहारी,कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो, ज्योति कुशवाहा,श्रमिक प्रतिनिधि अरविंद शर्मा,भीम सिंह यादव,दिलीप गोस्वामी, मोहम्मद अब्दुल्लाह सहित कई अधिकारी कर्मचारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## वाइल्ड लाइफ ने चलाया जागरूकता अभियान



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन प्रमंडल पदाधिकारी खूंटी के दिशा निर्देशानुसार मंगलवार को जंगली हाथी प्रभावित क्षेत्र जरिया रेंज के लोधमा सीमावर्ती के केदली, पंडरा व डुमरगड़ी गांव में वाइल्ड लाइफ के टीम द्वारा जंगली हाथी एवं जंगली जानवरों से बचाव हेतू जागरूकता अभियान चलाया गया. कार्यक्रम के दौरान वन प्रक्षेत्र कर्रा के कर्मीयों द्वारा जंगली जानवर के बचाव के अन्य प्रमुख उपाय पर सुझाव दिया गया. इस मौके पर फोरेस्टर अमर स्वासी वन रक्षी रश्मि कुमारी होरो, संबल बड़ाइक,सूरज दास आशीष कुमार के अलावे सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सहकार से समृद्धि कार्यशाला का आयोजन




**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण विकास और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सहकारिता को सशक्त बनाने के लिए सहकार से समृद्धि की अवधारणा पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज सहायक निबंधक सहयोग समितियां, खूँटी अंचल कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन सहायक निबंधक, कुमारदीप एक्का ने किया। उन्होंने सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी विकास संभव है। इस अवसर पर शिवानी, डीडीएम, नाबार्ड खूँटी, और एलेन एक्का, सीनियर मैनेजर, एनडीडीबी राँची ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## दलाबड़ काली मंदिर प्रांगण में नवकुंज विष्णु महायज्ञ को लेकर बैठक आयोजित



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाला प्रखंड क्षेत्र के दलाबड़ गांव के काली मंदिर प्रांगण में मंगलवार को नवकुंज विष्णु महायज्ञ को लेकर एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जितेन माजी ने किया।बैठक में आगामी नवकुंज विष्णु महायज्ञ में होने वाले विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा विमर्श किया गया।इसी दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महायज्ञ को लेकर आगामी बैठक 12 जनवरी को होगी साथ ही इस दिन कमेटी का भी गठन किया जाएगा,इसीलिए सभी सदस्यों को आने के लिए आग्रह किया गया है।मौके पर इस बैठक में जितेन माजी,सुनील मंडल,चंद्र मोहन घोष,निमाई घोष,बेजुनाथ घोष,कैलाश मंडल,निर्मल मंडल,राजीव घोष,धरम माजी,वृंदावन घोष,काशी मंडल,सुबल घोष,लाखपति मंडल,दुलाल मंडल,राधू मंडल,आशीष तिवारी, पंकज झां,अशोक माजी,सुशील घोष,मानिक मंडल,ललित राय,सूजन राय,शांति मंडल, तापस मंडल, प्रदीप घोष,सौलेन माजी,निरंजन मंडल,गणेश मित्र,दिलीप मंडल आदि उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने फतेहपुर थाने का किया निरीक्षण



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसपी डॉ. एहतेशाम वकारिब, ने फतेहपुर थाने का निरीक्षण किया और वहां के सभी अभिलेखों की जांच की। उन्होंने लंबित कांड, वारंट और कुर्की के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए और थाने के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इसके अलावा, उन्होंने थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां परिवादियों की समस्याओं का समाधान किया गया और त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। यह निरीक्षण जामताड़ा पुलिस की ओर से कानून व्यवस्था को मजबूत करने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के प्रयासों का हिस्सा है।

## बजरंग मेला आज, तैयारी पूरी

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली धोवाटिकरा के उरांगगड़ा नदी तट पर नये साल के प्रथम दिन 1 जनवरी दिन बुधवार को बजरंग मेला का आयोजन किया गया है। मेला को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मेला समिति के अध्यक्ष प्रकाश महतो ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मेले में पाता नाच, टूशु प्रतियोगिता आकर्षक का केंद्र होगा। इसके अलावा मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया गया है।

## ट्रेन के दो यात्री के पास से 27.5 लाख रुपया जब्त

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमालपुर से हावड़ा जाने वाली कविगुरु एक्सप्रेस ट्रेन से आरपीएफ के जवानों ने दो यात्रियों के पास से 27.5 लाख रुपये जब्त किया। आरपीएफ की सूचना आयकर विभाग के अधिकारी दुमका रेलवे स्टेशन पहुंचे और दोनों युवकों से करीब तीन-चार घंटे पूछताछ की। अंत में आयकर अधिकारी रुपये की गिनती करने के बाद रेल पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ के लिए रोके गये हर्ष कुमार मुंगेर और मनीष कुमार भागलपुर के रहने वाले हैं। बताया कि वे व्यापार के सिलसिले में रुपया लेकर जमालपुर से हावड़ा जा रहे थे। रुपये जब्त कर दोनों युवकों को छोड़ दिया गया। रुपये का सत्यापन होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## जामताड़ा के 4 युवा एथलीटेक्स16वीं क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित 16वीं क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने के लिए जामताड़ा रेलवे स्टेशन से चार खिलाड़ी टाटा जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर 2024 को यू सी ई एल ग्राउंड, सुन्दर नगर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में काजल कुमार (6 किलोमीटर), संतोष कुमार (2 किलोमीटर), स प्रताप राव (10 किलोमीटर), और नीतू कुमारी (2 किलोमीटर) शामिल हैं। ये खिलाड़ी आज टाटा दानापुर ट्रेन से रवाना हुए। संघ के सचिव सरोज यादव ने बताया कि क्रॉस कंट्री एक विशिष्ट प्रकार की दौड़ है, जो खुले मैदानों और प्राकृतिक भूभाग पर होती है। यह दौड़ आमतौर पर पहाड़ियों पर चढ़ाई और उतराई को शामिल करती है, जो इसे अन्य दौड़ों से अलग बनाती है। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

## धनबाद ने रोमांचक मुकाबले में देवघर को हराया, सुधीर राय बने मैन ऑफ द मैच

**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र के मराठी कोटी ग्राउंड में केपीएल सीजन 4 का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच ब्ल्यू स्टार देवघर और धनबाद के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए देवघर की टीम ने 20 ओवर में 186 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। देवघर के बल्लेबाज तौफीक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 रनों की बेहतरीन पारी खेली। धनबाद की गेंदबाजी में हसन ने दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाए, जबकि प्रदीप और नाज ने देवघर की ओर से गेंदबाजी में तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए धनबाद की टीम ने जबरदस्त खेल दिखाया। टीम ने 19.5 ओवर में 8 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। धनबाद की ओर से सुधीर राय ने 73 रनों की शानदार पारी खेली और आकाश ने 55 रन बनाकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। धनबाद के हसन ने गेंदबाजी में भी अपना जलवा दिखाते हुए दो अहम विकेट लिए।

## साल के अंतिम दिन ठंड से ठिठुरे कुंडहित प्रखंड क्षेत्र के लोग

**कुंडहित (प्रभात मंत्र संवाददाता):** साल के अंतिम दिन कुंडहित सहित आसपास के क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया। मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को ठिठुरा दिया। साल के अंतिम दिन की सुबह शीतलहरी के साथ हुई घना कोहरा छाए रहने की वजह से सुबह काफी देर तक सूर्य के दर्शन नहीं हुए। कोहरे से ढके क्षेत्र में लोगों ने कंपकपाती ठंड का अनुभव किया। उल्लेखनीय है कि पूरे दिसंबर महीने लोगों ने गुलाबी ठंड का मजा लिया। लेकिन गुलाबी ठंड ने साल के अंतिम दिन अपना रौद्र रूप धारण कर लिया। मंगलवार को कुंडहित सहित पूरा क्षेत्र पूरे दिन कोहरे से ढका रहा बीच-बीच में शीतलहरी के रूप में बह रही सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरन पर मजबूर कर दिया। साल के अंतिम दिन न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली।

## जीवात्मा परमात्मा के मिलन से हुआ महारास लीला : आशुतोष तिवारी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेन्टर में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी शांडिल्य जी महराज (अयोध्या धाम से आये) ने श्री कृष्ण-रूकमणी विवाह, रास पंचांग अध्याय, गोपी उद्धव संवाद कथा का सुंदर वर्णन किया। कथाव्यास की वाणी से कृष्ण-रूकमणी विवाह का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा वाचक ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। उन्होंने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे।

## साकची महालक्ष्मी मंदिर मायुमं ने स्व. प्रमोद सराफ को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच (मायुमं) के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय प्रमोद सराफ (भाई जी) के निधन पर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा साकची ठाकुरबाड़ी रोड स्थित महालक्ष्मी मंदिर के प्रथम तल्ला पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मायुमं के पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों ने स्वर्गीय सराफ जी के योगदान और प्रेरणादायक जीवन को स्मरण किया। दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना के साथ सभा समाप्त हुई। सभा में पूर्व अध्यक्ष बिमल रिंगसिया, भरत अग्रवाल, विजय आनंद मूनका, मोहित मूनका, सुमित देबुका, मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा की अध्यक्ष कविता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष उषा चौधरी, जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## कुलटांड़ में पौष अमावस्या पर हुई काली पूजा



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पौष मास सोमवती अमावस्या के मौके पर सोमवार को पटमदा के श्री श्री शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर में कुलटांड़ स्थित कालीबाड़ी में काली माता की पूजा की गई। इस दौरान पूजन के पश्चात हवन, आरती व भोग वितरण किया गया। पूजा कार्यक्रम जम्मू वाले बाबा ने संपन्न कराई जबकि यजमान के रूप में जमशेदपुर से आए दीपक अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, अपूर्व कृष्ण मंडल, रानी सिंह, रीता सिंह, सुमित कुमार अग्रवाल व तरणी गोराई आदि मौजूद थे।

## फोटोग्राफर एसोसिएशन ऑफ जमशेदपुर का पिकनिक सह मिलन समारोह आयोजित




**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फोटोग्राफर एसोसिएशन ऑफ जमशेदपुर की ओर से डोबो सतनाला डैम में स्थापना दिवस के अवसर पर पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में संस्था के करीब 130 सदस्य अपने परिवार के साथ शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक केशरी ने किया। इस मौके पर सदस्यों की एकजुटता और सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया गया। समारोह को एसोसिएशन के उपाध्यक्ष परमजीत कुमार, सचिव रुपेश कुमार, संयुक्त सचिव सरदार दलजीत सिंह आदि ने सम्बोधित किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सोमेन सरकार, सह कोषाध्यक्ष शिवशंकर गोराई, कार्यकारिणी सदस्य हरि नारायण प्रसाद, विनय कुमार, राजेश प्रसाद, रवि कुशवाहा, सरदार रणजीत सिंह गाबरी समेत झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन के बोकारो व रांची जिला कई पदाधिकारी उपस्थित थे। समारोह के आयोजन में संस्था के संस्थापक सदस्य अभिमन्यु कुमार, विमलेश सिंह, मुकेश प्रसाद, बाबूलाल प्रसाद, टी. सुभाष आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

## श्रीराम पाठागार ने किया दिवारात्रि क्रिकेट मैच का आयोजन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्रीराम पाठागार, बड़ा गम्हरिया नामोपाड़ा की ओर से बेसिक स्कूल मैदान में दिवारात्रि क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों से कई टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झामुमो नगर संयोजक शंकर मुखी ने किया। बताया गया है कि प्रतियोगिता के विजेता टीम को 10 हजार, उपविजेता टीम को 8 हजार रुपए नकद राशि इनाम स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इसके आयोजन में कमेटि के सदस्य कृष्णा दास, मनोज दास, शंकर बेरा, रोहित दास, सीमंत दास, विप्लव प्रमाणिक, शान्तनु दास, सूरज दास, राहुल दास, विक्रम सेन आदि का योगदान रहा।

## पानी के लिये मचा हाहाकार, लगा गंदगी का अंबार, महामारी फैलने का डर : अंसार खान



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त सुरेश यादव को तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। अंसार खान ने उपनगर आयुक्त सुरेश यादव को बताया कि मानगो क्षेत्र में गुलाब बाग फेस टू, जवाहर नगर क्रॉस रोड नंबर 14 पहाड़ी पर, वारिस कॉलोनी जवाहर नगर रोड नंबर 6 कुटकुट डूंगरी अन्य क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं के बराबर दिया जा रहा है। दूसरी और मानगो के कई क्षेत्रों में कचरे के अंबार लगा हुआ है कभी भी महामारी बीमारी फैल सकती है और मानगो के क्षेत्र में काफी स्ट्रीट लाइट खराब हो चुकी है। उपनगर नगर आयुक्त सुरेश यादव ने बताया मानगो क्षेत्र के लिए 18 ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है। दो मोटर खराब होने के कारण पानी की कमी हो रही है जो 2 तारीख को मोटर ठीक होने के बाद 3 जनवरी से पानी की सप्लाई किया जाएगा। आज मांग पत्र सैंपने में जुबेर मलिक, नूरु जमा, शकील अख्तर, शाहिद खुर्शे, इकबाल रशीद, मोहम्मद रियाज, इश्तियाक अहमद आदि मौजूद थे।

### विधायक, डीसी-एसपी ने शहीद पार्क का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

# खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि देने आज पहुंचेंगे सीएम हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां में आयोजित होने वाली शहीद दिवस की तैयारी पूरी कर ली गयी है। खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा व मंत्री चंपई सोरेन, विधायक दशरथ गागराई समेत कई मंत्री, सांसद व विधायक खरसावां पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर जिला के डीसी-एसपी लगातार खरसावां का दौरान कर तैयारी का जायजा ले रहे है। मंगलवार को विधायक दशरथ गागराई, उपायुक्त रविशंकर शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने खरसावां शहीद पार्क पहुंच कर किये जा रहे तैयारियों का जायजा लिया। बताया गया कि शहीद स्थल पर सुबह करीब आठ बजे देउरी द्वारा पूजा अर्चना किया जायेगा। देउरी द्वारा पारंपरिक रुप से पूजा अर्चना के बाद ही श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम शुरु होगा। शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि देने का शिलसिला देर शाम तक चलेगा। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ शहीद पार्क में प्रवेश व निकासी समेत सभी तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने शहीद पार्क के शहीद स्थल,आवागम हेतू अलग-अलग गेट, शहीद पार्क एवं आस-पास में साफ-सफाई,जूता चप्पल स्टैंड, पार्किंग, गेस्ट, चांदनी चौक आदी पर किए जा रहें तैयारियों का जायजा लिया। आपसी तालमेल स्थापित कर शांतिपूर्ण वातावरण में स्थानीय रीति-रिवाज के तहत शहीद दिवस को संपन्न कराने पर बल दिया।

## तैलिक साहू महासभा ने संगठन को नई पहचान देने की योजना बनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की बैठक जिला अध्यक्ष राकेश साहू की अध्यक्षता में साकची आम बगान में आयोजित हुई। बैठक में समाज को नए स्वरूप में प्रस्तुत करने, 12 जनवरी को पारिवारिक मिलन समारोह के आयोजन, भामाशाह चौक पर प्रतिमा स्थापना और सदस्यता अभियान चलाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने किया। राकेश साहू ने बताया कि 2025 में संगठन को हर क्षेत्र में सक्रिय करते हुए नए लुक में पहचान दी जाएगी। 12 जनवरी को साकची बारी मैदान में वन भोज, खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित भी किया जाएगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से वरीय उपाध्यक्ष शिव लोचन साव, उपाध्यक्ष पप्पू साहू, महिला अध्यक्ष पूजा साहू सत्यनारायण साव, राजेश साव ,गौतम साव, महेश साव, मनोज साह, राकेश कुमार, सत्यदेव साव, संजय साव, रोशन कुमार साव आदि उपस्थित थे।

## 2024 में 8.3 करोड़ ऑर्डर के साथ भारत में लगातार 9वें साल बिरयानी की बादशाहत कायम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची ने 2024 में खाने को लेकर अपने प्यार के माध्यम से पाक कला की एक अलग ही चमक बिखेरी है। इस प्यार को स्विगी ने बस बटन दबाते ही डिलीवर कर दिया। स्वादिष्ट बिरयानी से लेकर स्वादिष्ट मिठाइयों तक, स्विगी रांची के लजीज रोमांच का सबसे बड़ा साथी बन गया, जिसने शहर के हर कोने से स्वाद को लेकर लोगों की भूख मिटाई। रांची एक ऐसा शहर है, जो अपने खाने को भी क्रिकेट जितना ही पसंद करता है। यहां चिकन बिरयानी खाने के मामले में निर्विवाद बादशाह बनकर उभरी है। पूरे साल में इसके लिए 1.45 लाख ऑर्डर मिले। वहीं 1.3 लाख ऑर्डर्स के साथ पनीर ग्रेवी ने दूसरे स्थान पर जगह बनाई है। 73 हजार ऑर्डर के साथ चिकन ग्रेवी ने भी लोगों की थाली का स्वाद बढ़ाया। रांची में 2024 की सबसे शानदार दावत का बिल 11,103 रुपये था, जिसमें मटन बिरयानी, मटन कीमा, मटर पनीर और चिकन करी का ऑर्डर किया गया था। बीते साल को याद करते हुए स्विगी फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने कहा, '2024 एक ऐसा साल बनकर सामने आया, जब स्विगी के साथ मिलकर भारत ने व्यंजनों को लेकर अपनी विविधता का यादगार सफर पूरा किया। पूरे भारत में 2024 में 8.3 करोड़ बिरयानी के ऑर्डर के साथ बिरयानी ने लगातार 9वें साल इस फूड किंगडम के बेताज बादशाह के रूप में खुद को साबित किया है।

## मानगो से जल्द कचड़ा नहीं उठा तो आज़ाद समाज पार्टी मानगो नगर निगम के सामने डंप करेगी कचड़ा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पिछले कई दिनों से जमशेदपुर के मानगो इलाके में मानगो नगर निगम के द्वारा कचड़े को नही उठाया जा रहा है, जिस कारण से मानगो के सड़को, गली और मोहल्लों पर कचड़े का जमावड़ा देखा जा सकता है। जो अब इस हद तक बढ़ चुका है कि मेन रोड की सड़कें कचड़ों से आधी ढक चुकी है। अब यह स्थिति कुछ दिनों से और भयावह होकर बीमारियों को जन्म देना शुरू कर सकती है। इसके सीधे ज़िम्मेदार मानगो नगर निगम, ज़िला अधिकारी, यहां के विधायक और सांसद होंगे। आजाद समाज पार्टी ने इसे लेकर जगह जगह पर पोस्टर लगाकर यहाँ के आसंवेदनशील सांसद, विधायक और जिला प्रशासन ज़िन्दाबाद के साथ उन्हें जनता के प्रति उनकी जवाबदेही का एहसास दिलाने की कोशिश की है। आज़ाद समाज पार्टी प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से घोषणा की है कि अगर अगले 3 दिनों में मानगो की सड़को पर फैले कचड़ों को नही उठाया गया तो मानगो नगर निगम के कार्यालय के सामने सारे मानगो के कचड़े को फेकने का काम करेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से जिला प्रभारी परवेज़ खालिद, ज़िला अध्यक्ष धीरज मुखी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज़ खान, प्रदेश संगठन सचिव नईम खान, प्रदेश सचिव संत लाल।रविदास, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी जिब्रान आज़ाद आदि उपस्थित थे।

## ईचागढ़ का प्रसिद्ध महादेव घाट में पिकनिक में पहुंचते हैं सैकड़ों सैलानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के जारगोडीह स्थित प्रसिद्ध महादेव घाट में पिकनिक के लिए दुर दराज से लोग आते हैं। पहली जनवरी से ही लोग पिकनिक करने आते हैं। सुवर्णरिखा नदी तट पर स्थित महादेव घाट,जो शिव पूजा के लिए भी प्रसिद्ध है। प्राचीन कालीन महादेव मंदिर में श्रावण सहित बारहों महीने श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते हैं और मन्नतें मांगते हैं। पौष संक्रांति को मकर मेला भी प्राचीन काल से ही लगता है। सुवर्णरिखा नदी, दो शिवालय, हरी मंदिर, पहाड़ी और जंगल से आच्छादित यह जगह पिकनिक के लिए काफी मनमोहक है। वहीं पूर्व मुखिया पंचानन पातर ने बताया कि जारगोडीह महादेव घाट पिकनिक के लिए भी प्रसिद्ध है। बंगाल और झारखंड से लोग यहां पिकनीक मनाने आते हैं। उन्होंने कहा कि जहां प्रसिद्ध शिव मंदिर है, वहीं मकर संक्रांति को मकर मेला भी प्राचीन काल से लगता है। उन्होंने कहा कि सुवर्णरिखा नदी पर इस जगह तीन नदियों का संगम स्थली है और काफी मनमोहक दृश्य है, जिससे लोग यहां अपने आप आकर्षित होते हैं। उन्होंने कहा कि पहले जमाने में लोग बैल गाड़ी से दुर दराज से वनभोज मनाने आते थे और शिव मंदिर में पूजा पाठ कर वन भोज का आनंद उठाते थे। आज भी लोग चार पहिया व दो पहिया वाहनों से गाजे बाजे के साथ पिकनिक मनाने आते हैं और मनोरम दृश्य और पिकनिक का आनंद उठाते हैं।

## बोड़ाम की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त के नाम सीओ को ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को शहीद स्मारक समिति ने बोड़ाम सीओ रंजीत रंजन को कार्यालय में उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही उन समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र करने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा जाति, आवासीय, आय आदि प्रमाण पत्र के आवेदन हेतु 50 से 100 रुपए प्रति प्रमाण पत्र लिया जाता है एवं प्रखंड द्वारा संचालित मनरेगा योजना में भारी मात्रा में धांधली बरती जा रही है। एक ही योजना को दोबारा दिखाकर बिचौलियों द्वारा मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से राशि की अवैध निकासी की जा रही है। दलमा के तराई क्षेत्र स्थित कोंकाधासा गांव में ग्रामीणों को बिजली एवं आवास योजना की सुविधा अभी तक मुहैया नहीं कराई गई है। अबुआ आवास योजना की तीसरी किस्त लगभग 5 महीना से रुकी हुई है, जिससे लाभुकों को आवास का काम पूर्ण करने में असुविधा हो रही है। बोड़ाम प्रखंड का एकमात्र झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय अभी भी अधूरा है। इको सेंसेटिव जोन का नियम ठीक से पालन नहीं किया जा रहा है, इसे सख्ती से पालन करवाने, आदि की मांग की गई है।मौके पर कृष्णा रजक, अभिजीत महतो, चरण महतो, महिपाल सिंह, विश्वनाथ महतो, उमापदो महतो बंशीधर महतो एवं काशीनाथ आदि शामिल थे।

## भारतीय ज्ञान प्रणाली के आयाम पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय अंतर विषयक सेमिनार संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देवघर जिले के डॉ जगन्नाथ मिश्रा महाविद्यालय जसीडीह में सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली के आयाम : सिद्धांत एंव प्रवृत्ति विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय अंतर विषयक सेमिनार का समापन 30 दिसंबर को हुआ। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र देवघर के शैक्षणिक सहयोग से आयोजित सेमिनार में डॉ जगन्नाथ मिश्रा महाविद्यालय जसीडीह, अनुचिन्तन फाउण्डेशन, खगड़िया बिहार तथा शुभा देवी मेमोरियल ट्रस्ट की संयुक्त भागीदारी रही। इस सेमिनार का उद्घाटन करते हुए सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने कहा कि यह सेमिनार शोधकर्त्ताओं के लिए भविष्य का रास्ता तय करती है। सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जे पी मिश्रा ने इस सेमिनार के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोधकर्त्ता शोधकार्य की गुणवत्ता तथा इसकी सार्थकता पर ध्यान दे। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा बिहार के पूर्व प्रोफेसर डॉ संजय झा ने मुख्य वक्ता के रूप में मिथिला के ज्ञान योगदान पर विस्तार में प्रकाश डाला। राजर्षी जनक विश्वविद्यालय जनकपुर धाम नेपाल के शोध निर्देशक डॉ आर के शाह तथा सलाले विश्वविद्यालय, इथोपिया (अफ्रीका) के पूर्व प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने भी भारतीय ज्ञान प्रणाली के सम्बंध में विचार साझा किए। सेमिनार के पहले दिन अनुचिंतन फाउंडेशन, खगड़िया के अध्यक्ष डॉ ईश्वर चंद की चार पुस्तकों का विभोचन भी किया गया। अंतराष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन पहले सत्र में विभिन्न स्थानों से आये हुए 20 शोधकर्त्ताओं ने अपने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये। सेमिनार के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोकानंद झा उपाध्यक्ष, तक्षशिला विद्यापीठ देवघर ने भारतीय ज्ञान के परंपरा को किस तरह आगे बढ़ाया जाए इसकी चर्चा की। इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ रामकृष्णा चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सेमीनार के सफल आयोजन में शुभा देवी मेमोरियल ट्रस्ट के निदेशक हिमांशु देव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महिला जागृति समिति ने आदिम जनजाति महिलाओं को दिया प्रशिक्षण




**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड की बेलडीह पंचायत अंतर्गत हरियाकोचा सबर बस्ती में सोमवार को आदिम जनजाति महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में बेलडीह पंचायत के पंसस प्रतिनिधि प्रबोध कुमार महतो ने बताया कि झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी की ओर से महिला जागृति समिति ने आदिम जनजाति महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं पशुपालन संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण देते हुए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए स्वावलंबी बनकर परिवार का भरण पोषण कर सकते हैं। इस दौरान पंसस प्रतिनिधि प्रबोध कुमार महतो, भरत सिंह, अशोक पटेल, भूषण महतो आदि शामिल हुए।

## टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने आयोजित किया गोल्फ पटिंग चैंपियनशिप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने सीनियर सिटीजन फन एंड फिटनेस लीग के तहत सोमवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के गोल्फ पटिंग ग्राउंड में सीनियर सिटीजन गोल्फ पटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया। वरिष्ठ नागरिकों के बीच फिटनेस और मनोरंजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट पूरे साल ऐसे रोमांचक खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन टाटा स्टील के चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी और स्पोर्ट्स हेड विभूति धंद अडेसरा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कुल 21 प्रतिभागियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के दिनेश रक्षित और नीलम कुमारी ने अहम भूमिका निभाई। अंतिम परिणाम इस प्रकार रहा। महिला वर्ग : रेखा झा, रवीना दुग्गल और विनिता राय। पुरुष वर्ग (55-65 वर्ष) में एमके झा, रवि भूषण और कृपाल सिंह। पुरुष वर्ग (65 ) में बसुदेव चौधरी, टीपी सिन्हा, जेबी सिन्हा और अशोक कुमार झा। स्पोर्ट्स विभाग के चीफ मुकुल विनायक चौधरी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

## ग्राम प्रधानों के सम्मेलन में पेसा कानून को जल्द से जल्द लागू करने की उठी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** ग्राम प्रधान संघ पटमदा का वनभोज सह मिलन समारोह मंगलवार को लावा में बृंदावन दास की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मौके पर मृत्युंजय महतो ने कहा कि राज्य में जल्द से जल्द एवं पूर्ण रूप से पे कानून लागू करें राज्य सरकार। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में पारित अबुआ आवास समेत अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में ग्राम सभा की अनदेखी करते हुए जनता दरबार में आए आवेदनों को प्राथमिकता दी जा रही है जिसमें काफी अनियमितता बरतने की शिकायत है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों द्वारा प्रखंड कार्यालय से स्वीकृत सूची ग्राम प्रधानों को उपलब्ध नहीं कराई जाती है। संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास ने कहा कि मानकी, मुंडा व प्रधानों का मानदेय बराबर होना चाहिए। इस दौरान सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें मुख्य रूप से प्रत्येक गांव में ग्राम सभा हेतु भवन या शेड का निर्माण, सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने हेतु बीडीओ के साथ चर्चा करने आदि शामिल हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, समाजसेवी सुभाष कर्मकार, पंचानन दास, बृंदावन दास, मृत्युंजय महतो, सुधीर चंद्र माझी, खगेंद्र नाथ सिंह, शंभू नाथ सोरेन, फूलचांद महतो, टीकाराम मुर्मू, अनिल महतो, परीक्षित महतो, प्रकाश महतो, भावनिधि महतो, विकास महतो व किंकर महतो समेत 50 ग्राम प्रधान शामिल हुए।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# सरकार के खिलाफ ही सरकार

**दिल्ली** में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी अजब-गजब की राजनीति खेली जा रही है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'महिला सम्मान राशि' और 'संजीवनी' नामक दो प्रमुख योजनाएं घोषित की हैं। उन्होंने पात्र महिलाओं को 1000 रुपए माहवार देने का आश्वासन दिया है और सत्ता में आने के बाद यह राशि 2100 रुपए तक बढ़ाने का वायदा भी किया है। 'संजीवनी' के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र वाले बुजुर्ग सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज करा सकेंगे। पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। ऐसी चुनावी घोषणाएं पश्चिम बंगाल, मप्र, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड सरीखे 10 राज्यों में की जा चुकी हैं, लेकिन नौकरशाही ने न तो कोई सवाल उठाया और न ही सरकारी विभागों ने इन घोषणाओं के खिलाफ विज्ञापन देकर उन्हें खारिज किया। दिल्ली में 'आप' की ही सरकार है। बेशक मुख्यमंत्री केजरीवाल के बजाय आतिशी हैं। जाहिर है कि केजरीवाल ने जिन योजनाओं की घोषणाएं कीं, उन्हें मुख्यमंत्री आतिशी का भी समर्थन है, लेकिन दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों ने एक विज्ञापन जारी कर कहा है- सरकार ऐसी कोई स्कीम नहीं चला रही। इतना ही नहीं, महिला और स्वास्थ्य विभागों ने दिल्ली के लोगों को आगाह किया है कि 'अस्तित्वहीन' योजनाओं में पंजीकरण के नाम पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। कोई व्यक्ति या राजनीतिक दल ऐसे फॉर्म भरवाता है अथवा निजी जानकारी मांगता है, तो यह 'धोखाधड़ी' है। इन योजनाओं की कोई सरकारी अधिसूचना भी जारी नहीं की गई है।'' जाहिर है कि विज्ञापन का स्पष्ट संकेत केजरीवाल और 'आप' की तरफ है। यह कैसा मजाक है? दिल्ली सरकार अपने ही खिलाफ काम कर रही है अथवा लोकतांत्रिक व्यवस्था को खारिज किया जा रहा है? किसी भी चुनाव से पहले राजनीतिक दल 'रेवडियों' के आश्वासन देते हैं अथवा योजनाओं की घोषणा करते हैं। ऐसे ही चुनावी वायदों पर जनता वोट देती है। यह लोकतांत्रिक अधिकार कैसे छीना जा सकता है? कुछ हालिया सालों के उदाहरण गौरतलब हैं। हिमाचल में 2022 के चुनाव से पहले और कर्नाटक में 2023 के चुनाव से पहले महिलाओं में नकदी राशि बांटने की घोषणाएं कांग्रेस ने की थीं। दोनों ही राज्यों में भाजपा सत्तारूढ़ थी। भाजपा ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा में महिला वोट बटोरने की खातिर ऐसी ही घोषणाएं की थीं। दोनों राज्यों में क्रमशः कांग्रेस और बीजू जनता दल की सरकारें थीं, लेकिन चुनावों के बाद भाजपा दोनों ही राज्यों में सत्तारूढ़ हुई। इन तमाम संदर्भों में किसी भी सरकारी विभाग और मंत्रालय ने ऐसी घोषणाओं को न तो खारिज किया और न ही विज्ञापन जारी करने का दुस्साहस किया। आखिर दिल्ली में ऐसा क्यों हुआ? क्या जनादेशी सत्ता नौकरशाही के सामने बौनी है? क्या केंद्र सरकार के इशारे पर दिल्ली के उपराज्यपाल ने विभागों को ऐसी हरकत के लिए बाध्य किया? उपराज्यपाल भी केंद्र सरकार के एजेंट हैं। उन्हें कोई जनादेश हासिल नहीं है, लेकिन अभी तक दिल्ली में यह सवाल गुत्थी बना हुआ है कि अद्र्धराज्य का प्रमुख, कार्यकारी चेहरा कौन है? यदि मुख्यमंत्री आतिशी ने सरकारी अधिकारियों के खिलाफ 'प्रशासनिक कार्रवाई' करने का बयान दिया है, तो क्या वह ऐसा करने में सक्षम होंगी? दरअसल दिल्ली सरकार की नौकरशाही उपराज्यपाल के संरक्षण में है। अफसर मुख्यमंत्री तक की बात नहीं सुनते, लिहाजा ऐसी हरकत करना बड़ा सामान्य है। मुख्यमंत्री आतिशी ने यह आरोप लगाया है कि भाजपा के पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा सरकारी आवास से महिलाओं को 1100 रुपए प्रति बांट रहे हैं। इस तरह नकदी बांटना क्या चुनाव की मर्यादा के तहत आता है या रिश्वत बांटना है, यह देखना होगा।


आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'महिला सम्मान राशि' और 'संजीवनी' नामक दो प्रमुख योजनाएं घोषित की हैं। उन्होंने पात्र महिलाओं को 1000 रुपए माहवार देने का आश्वासन दिया है और सत्ता में आने के बाद यह राशि 2100 रुपए तक बढ़ाने का वायदा भी किया है। 'संजीवनी' के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र वाले बुजुर्ग सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज करा सकेंगे। पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। ऐसी चुनावी घोषणाएं पश्चिम बंगाल, मप्र, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड सरीखे 10 राज्यों में की जा चुकी हैं, लेकिन नौकरशाही ने न तो कोई सवाल उठाया और न ही सरकारी विभागों ने इन घोषणाओं के खिलाफ विज्ञापन देकर उन्हें खारिज किया। दिल्ली में 'आप' की ही सरकार है। बेशक मुख्यमंत्री केजरीवाल के बजाय आतिशी हैं। जाहिर है कि केजरीवाल ने जिन योजनाओं की घोषणाएं कीं, उन्हें मुख्यमंत्री आतिशी का भी समर्थन है, लेकिन दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों ने एक विज्ञापन जारी कर कहा है- सरकार ऐसी कोई स्कीम नहीं चला रही।


भारत में नये अर्थ के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है

# उदारीकरण एवं आर्थिक सुधार के महासूर्य का अस्त होना!

ललित गर्ग

डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से आर्थिक सुधार का महासूर्य अस्त हो गया, भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वे निश्चित ही आर्थिक सुधारों एवं उदारीकरण के नींव के पत्थर थे, मील के पत्थर थे। वे आर्थिक सुधार की बुलंद आवाज थे। उन्हें आर्थिक सुधार, भारत में वैश्विक बाजार व्यवस्था एवं उदारीकरण का जनक कहा जा सकता है।

**भारत** के धुरंधर अर्थशास्त्री, प्रशासक, कद्दावर नेता, दो बार प्रधानमंत्री रह चुके डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से आर्थिक सुधार का महासूर्य अस्त हो गया, भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वे निश्चित ही आर्थिक सुधारों एवं उदारीकरण के नींव के पत्थर थे, मील के पत्थर थे। वे आर्थिक सुधार की बुलंद आवाज थे। उन्हें आर्थिक सुधार, भारत में वैश्विक बाजार व्यवस्था एवं उदारीकरण का जनक कहा जा सकता है। जिन्होंने न केवल देश-विदेश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हो गये हैं। डॉ. सिंह यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त राष्ट्रनायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, भारत में नये अर्थ के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर कहा है कि जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना आसान बात नहीं है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।' दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री-पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार चलाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़



किया। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे, उनके लिये वे मार्गदर्शक ही नहीं, प्रेरणास्रोत भी है। वे बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से भारतीय राजनीति एवं लोकतांत्रिक संस्थान चमकते रहे हैं। डॉ. सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोलने के लिए उदारीकरण सुधार लागू किए। साथ ही, उन्होंने लाइसेंस राज समाप्त कर, निजीकरण और राज्य नियंत्रण में कमी की। डॉ. सिंह द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहित किया गया। डॉ. सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब में 26 सितम्बर 1932 को हुआ था। उनकी जन्मतिथि भी 26 एवं निधन तिथि भी 26 एक संयोग ही कहा जायेगा। उनकी माता का नाम अमृत कौर और पिता का नाम गुरुमुख सिंह था। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। डॉ. सिंह की पत्नी का नाम गुरशरण कौर है, जो कि एक गृहिणी और गायिका भी हैं। उनके तीन बेटियां हैं। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे कैमब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की। तत्पश्चात उन्होंने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। डॉ॰ सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ॰ सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किये गये। इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। इसके बाद के वर्षों में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। भारत के आर्थिक इतिहास में हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब डॉ॰ सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मन्त्री रहे। डॉ. सिंह ने भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूरे किए हैं। पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया। वहीं सूचना का अधिकार अधिनियम भी उनके कार्यकाल में आया। इसके अतिरिक्त उन्हें ऐतिहासिक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता पर हस्ताक्षर के लिए भी जाना जाता है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि, इस दौरान उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले जैसे विवादों का भी सामना करना पड़ा। यह बात हम सभी जानते हैं कि उन्हें मौन पीएम भी कहा जाता था, हालांकि उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए सार्वजनिक रूप से इसका सटीक जवाब भी दिया था। विकास के प्रति डॉ. सिंह की प्रतिबद्धता और उनकी अनेक उपलब्धियों को उन अनेक सम्मानों के माध्यम से मान्यता मिली है जो उन्हें प्रदान किए गए हैं। इनमें 1987 में पद्म विभूषण, 1993 में वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, 1993 और 1994 में वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार और 1995 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार शामिल हैं।

दृष्टि कोण

# मुफ्त की चुनावी घोषणाएं बिगाड़ रहीं हैं आर्थिक सेहत

**दिल्ली** चुनाव को अभी एक महीने से ज्यादा का समय बाकी है। उससे पहले दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रुपये आएंगे। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद इसको बदलकर 2100 रुपए करेंगे। चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली आप अकेली पार्टी नहीं हैं। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान-फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं हैं। यह अलग बात है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, कटना तो खरबूजे को ही है। मसलन फ्री का माल लेने वाले को भी आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। किसी न किसी रूप में टैक्स का बोझ उन पर भी पड़ता है। फ्री की योजनाओं का फायदा उठाने वाले भी इससे बढने वाली महंगाई की मार से बच नहीं सकते। इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वोटरों को फ्री में स्मार्टफोन और तीन साल के लिए फ्री इंटरनेट का वायदा किया था। गहलोत ने राज्य के हर परिवार को हर महीने 100 यूनिट तक फ्री बिजली फ्री देने का ऐलान किया था। मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार को 100 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना के तहत सवा करोड़ गरीब महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये जमा कराए। कांग्रेस ने वादा किया था कि उसकी सरकार आई तो हजार नहीं बल्कि 1,500 रुपये दिए जाएंगे। शिवराज ने युवाओं को लुभाने के लिए 12वीं कक्षा के कुल 9000 टॉपर्स को एक-एक स्कूटी देने का भी ऐलान किया था। चुनावी रेवड़ी बांटना का कल्चर शुरु से ही विवादों से घिरा रहा है। सुप्रीम कोर्ट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आर्थिक विशेषज्ञ, चुनाव आयोग और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक इस पर चिंता जता चुके हैं। कोई भी राजनीतिक दल व्यापक देशहित से जुड़े ऐसे मुद्दों का समाधान तलाशना तो दूर बल्कि चर्चा तक करना नहीं चाहता। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त राशन और अन्य मुफ्त योजनाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर लोगों को ₹फ्री की रेवड़ी₹ कब तक बांटी जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन देना समय की जरूरत थी, लेकिन अब रोजगार और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि देश के 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, ₹तो मतलब सिर्फ टैक्सपेयर्स ही ऐसे लोग हैं जिन्हें मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है। यह स्थिति गंभीर विचार का विषय है।₹ वर्ष २०२२ में श्रीलंका का आर्थिक संकट सामने आया तो इसने दुनियाभर की सरकारों को चेता दिया। सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि श्रीलंका से सबक लेते हुए हमें मुफ्त के कल्चर से बचना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका जैसी स्थिति भारत में नहीं हो सकती, लेकिन वहां से आने वाला सबक बहुत मजबूत है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक रैली में रेवड़ी कल्चर पर सवाल उठाए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर उन्हें खरीद लेंगे। मोदी ने कहा था कि हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है। भारत में ऐसी लुभावनी पर आर्थिक तौर पर घातक चुनावी वायदों की शुरुआत तमिलनाडु से मानी जाती है। वर्ष 2006 में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में डीएमके ने सरकार बनने पर सभी परिवारों को फ्री कलर टीवी देने का वादा किया। डीएमके के इस चुनावी वादे को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि, डीएमके जीत गई। वादा पूरा करने के लिए 750 करोड़ रुपये का बजट लगाया गया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा था कि 2011 के विधानसभा चुनाव में विपक्षी अन्नाद्रमुक ने टीवी के जवाब में मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक फैन, लैपटॉप, कम्प्यूटर, सोने की थाली आदि बांटने का वादा कर दिया। शादी होने पर महिलाओं को 50 हजार रुपये और राशन कार्ड धारकों को 20 किलो चावल देने का वादा भी किया। नतीजे आए तो अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। 2006 के चुनावी वादे पर जुलाई 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फ्रीबीज सभी लोगों को प्रभावित करती है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ को काफी हद तक हिला देती हैं।

कुछ अलग

# दूसरे टाइप के लेखक

**वे** मेरे जैसे लेखक नहीं थे, वे दूसरे टाइप के लेखक थे। मेरा काम लिखना और छपवाना था, उनका इससे दूर-दूर तक का नाता न था। दरअसल वे लेखक टाइप बुद्धिजीवी थे, जो गोष्ठियों में गहन विमर्श, उनकी अध्यक्षता और कहीं व्याख्यान देते पाए जाते थे। मुझसे यह सब नहीं हो पाता था। कहीं कोई विचार मंत्रणा होनी होती तो उन्हें बुलाया जाता। कला केन्द्रों में भी उन्हीं की दरकार थी। लिखना और फिर उसे छपवाना, वे इसे हल्की बात मानते थे। उनके कहे आप्त वचन छपते थे समाचार-पत्रों में। उनका कोई सम्मेलन होता और उनकी सूची छपती तो मैं उन नामों को पहचान नहीं पाता। यह दिवालियापन मेरा था, इसमें उनकी तनिक भी गलती नहीं थी। सुना था उन्होंने कभी लिखा था, और इतना प्रभावी लिखा था कि उनका नाम हो गया और वे देश के बौद्धिक वर्ग की शिरकत करने में आगे आ गए थे। मैंने लाख कोशिश की कि मैं उन जैसा दूसरे टाइप का लेखक बन जाऊं, लेकिन एक तो लिखने की आदत नहीं छूट रही थी, दूसरा लोग उन जैसी पहचान मुझे दे भी नहीं पा रहे थे। सत्य तो यही है कि मैं दूसरे टाइप का लेखक बनना चाहता था, परंतु शायद यह मेरे भाग्य में नहीं है। बात-बात में हंसना, सहज रहना, मजाक बाजी करना, ये मेरे कुटेव थे-जो मुझे दूसरे टाइप का लेखक नहीं बनने दे रहे थे। उनकी तरह रहना मेरे बस की बात नहीं थी। वे जो बोलते थे, मेरी समझ से परे था। सदैव गंभीर मुद्रा में आसमान को ताकना, चेहरे पर तनिक हास्य क्या आ जाए और नया तुला बोलकर सबको हतप्रभ कर देना, उनकी अपनी फितरत और अंदाज था। खूब लिखने-छपने के बाद भी वे मुझे नहीं जानते थे। पहली बात तो उन तक पहुंचना आसान नहीं था, फिर भी कभी कोई उनसे मिलवाता तो वे चालाकी से मुझे नजरअंदाज कर जाते और मैं मन मसोसकर रह जाता। मेरी अपनी उत्कंठा थी कि वे मुझे जानें और मैं उन्हें जानूं। लेकिन ऐसा कभी संभव ही नहीं हो पाया, क्योंकि वे दूसरे टाइप के लेखक थे, मुझे इतना तो पता चल गया था-उनमें से कुछ अंग्रेजी की दुनिया के थे, कुछ विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर थे, कुछ फिल्मी दुनिया के थे और कुछ अन्य भारतीय भाषाओं के पहुंचे हुए और घुटे हुए थे। कुछेक बड़े पदों पर आसीन थे तो कुछेक बड़े पदों से सेवानिवृत्त होकर इस दूसरे टाइप के लेखक बन गए थे। वे संगठनों से जुड़े हुए थे, उनमें पदाधिकारी थे और उनका अपना पंथ था। दूसरे टाइप के लेखकों का रहन-सहन और पहन-पहनावा यानी उनकी जीवन शैली भी मुझसे काफी भिन्न थी। वे खाते भी थे, पीते थे और आचरण से भी शुद्ध नहीं होने के बावजूद अपना कदम और कद अहम बनाए हुए थे। कपड़े भी एकदम पाश्चात्य सभ्यता के, मुड़े-तुड़े और महंगे। इनके साथ इन्हीं की तरह की कुछ महिला लेखिकाएं भी थीं। ये सब महानगरों से ताल्लुक रखते थे। मेरे गांव के घासियारे नहीं थे। चेहरे पर शालीनता और कुलीनता दोनों एक साथ देखी जा सकती थी। बस मैं इसी टाइप का बनना चाहता था, लेकिन अफसोस असीम प्रयासों के बावजूद मैं अपना मूल 'टाइप' नहीं बदल सका। दूसरे टाइप के लेखक मुझे लुभाते थे, खींचते थे और आकर्षक लगते थे। दूसरे टाइप के लेखक कितने अलग होते हैं, अक्सर मैं सोचा करता हूं।

देश दुनीया से

# प्रदेश में हो अपना क्रीड़ा संस्थान

**हिमाचल** प्रदेश में यूरोप व अमेरिका की तरह जलवायु होने के कारण यहां पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एक उच्च स्तरीय खेल संस्थान की जरूरत है क्योंकि बेहतर आबोहवा में प्रशिक्षण के लिए करोड़ों खर्च करके हमारे खिलाड़ी विदेश जाते हैं। देश में राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान पटियाला बहुत बढिया प्रशिक्षण स्थल है मगर वहां गर्मियों में ट्रेनिंग करना बहुत मुश्किल है। जब हम राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान पटियाला में प्रवेश करते हैं तो गेट से सौ मीटर आगे चल कर बायीं ओर एक शिला पर लिखा है विश्वविद्यालयों के ग्रंथकीट नहीं, वरिष्ठ लिपिक नहीं, अपितु हमें ऐसे महापुरुष निकालने चाहिए जो विश्व पटल पर भारत को गौरव प्रदान कर सकें। खेल संस्थान का मतलब विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कराने वाला संस्थान है। हिमाचल प्रदेश सरकार की खेल नीति को नया स्वरूप मिल चुका है। इस नीति में स्तरीय ढांचे की बात तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम को खिलाड़ी के अनुरूप करने की कोशिश की है जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा देकर खिलाड़ी प्रदेश व देश को पदक जीतकर तिरंगे को सबसे ऊपर उठा कर जन-गण-मन की धुन पूरे विश्व को सुना सके। हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन हुक्मरानों ने खेल विभाग को कभी खेल प्राधिकरण तो कभी खेल संस्थान बनाने की वकालत की है, मगर हिमाचल प्रदेश में खेलों की हकीकत सबके सामने है। नई खेल नीति में राज्य खेल संस्थान का भी जिक्र है। हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए विश्व स्तरीय खेल ढांचा तो बनकर तैयार हो चुका है, मगर प्रशिक्षकों व अन्य सुविधाओं के अभाव में यहां पर उस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश में अभी तक भी खेल संस्कृति का अभाव साफ देखा जा सकता है। धूमल सरकार में बनी खेल नीति में हिमाचल के खिलाडियों को सरकारी नौकरी में तीन प्रतिशत आरक्षण बहुत बड़ी सौगात है। अब दो दशक बाद विभिन्न पहलुओं के ऊपर नयी खेल नीति में सुधार किया गया है, मगर देखते हैं इसका जब जमीनी हकीकत से सामना होगा तो वास्तव में सरकारी तंत्र व खेल संस्थान इसे कितना सही कार्यनिष्पादित करवा पाते हैं। खेलों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो, इससे जब हजारों विद्यार्थी फिटनेस कार्यक्रम से गुजरेंगे तो उनमें कुछ अच्छे खिलाड़ी भी मिलेंगे। खेल नीति में हिमाचली खिलाडियों से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता प्रदर्शन के लिए राज्य में अधिक से अधिक खेल अकादमियां व शिक्षा संस्थानों में खेल विंग, स्थान की सुविधा व प्रतिभा को देखते हुए सरकारी व खेल संघों के माध्यम से खोलने को कहा गया है तथा भविष्य में विभिन्न बड़ी कंपनियों से सीआरएस के माध्यम से राज्य में खेल ढांचे को सुदृढ़ करने की मंशा भी है। मनरेगा से भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्ले फील्ड की सुविधा जुटाने की बात कही गई है। हिमाचल प्रदेश में विभिन्न खेलों का स्तर राज्य में खेल छात्रावासों के खुलने के बाद भी अभी तक सुधरा नहीं है। यह अलग बात है कि कुछ जुनूनी प्रशिक्षकों के बल पर कभी-कभी अच्छे परिणाम जरूर आए हैं। इसके बावजूद हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर कुछ एक खेलों को छोड़ कर अधिकांश बार पिछड़ा ही रहा है। हिमाचल हो या देश का कोई अन्य राज्य, उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाने के लिए केवल प्रशिक्षक ही मुख्य किरदार दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत के खेल मंत्रालय व कई राज्यों ने भी अपने यहां हाई परफॉर्मेंस प्रशिक्षण केन्द्र खोलने पर जोर दिया है तथा वहां पर वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाने वाले प्रशिक्षकों को अनुबंधित कर रहे हैं। खेलो इंडिया, गुजरात व पंजाब के उच्च खेल परिणाम दिलाने वाले प्रशिक्षण केन्द्रों की तरह ही हिमाचल प्रदेश में भी अधिक से अधिक इस तरह के हाई परफॉर्मेंस केंद्र व अकादमियां खोलनी होंगी। इन प्रशिक्षण केन्द्रों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता प्रदर्शन करवाने वाले अनुभवी प्रशिक्षकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाने की शर्तों पर पांच वर्षों के लिए अनुबंधित करना चाहिए, ताकि हिमाचल प्रदेश की संतानों को भी हिमाचल प्रदेश में रह कर ही बेहतर प्रशिक्षण सुविधा मिल सके। केन्द्र व केरल सरकार की तर्ज पर प्रशिक्षकों को भी खिलाड़ी की तरह नकद ईनामी राशि व अवार्ड का



प्रावधान किया गया है। आप अगर हर विद्यार्थी को फिटनेस के लिए खेल मैदान में ले जाएंगे, तो उनमें से जरूर कुछ अच्छे खिलाड़ी भी मिलेंगे। प्रतिभा खोज के बाद पढ़ाई के साथ-साथ प्रशिक्षण के लिए अच्छी खेल सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिएं। इसके लिए राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान की तर्ज पर अपना राज्य क्रीड़ा संस्थान हो। इसके लिए खेल मंत्री कृतसंकल्प नजर आते हैं। जल्द ही इसे अमलीजामा पहनाया जा सकता है। खेल संस्थान में हिमाचल प्रदेश के खिलाडियों को वैज्ञानिक आधार पर लंबी अवधि के प्रशिक्षण शिविर लगें तथा प्रदेश के शारीरिक शिक्षकों व पूर्व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों के लिए सेमिनार व कम अवधि के प्रशिक्षक बनने के कोर्सेज हों। साथ ही साथ यहां पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पूर्व लगने वाले कोचिंग कैम्प भी अनिवार्य रूप से लगाए जाएं ताकि पहाड़ के लोगों को भी वही सुविधा उपलब्ध है जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जा सकें। खेल नीति में उन राष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए वजीफे की बात की गई है जो खेल छात्रावास के बाहर हों। उन्हें भी खेल छात्रावास के अंतर्गत दैनिक खुराक भत्ता व अन्य सुविधाओं के ऊपर खर्च होने वाली राशि के बराबर वजीफा देने की वकालत हो। खेल प्राधिकरण बनने से पहले राष्ट्रीय स्तर पर यह कार्य राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान पटियाला करता था। खेल नीति में प्रदेश का अपना खेल संस्थान हो, ऐसी बात कही गई है। हिमाचल प्रदेश में खेल संस्थान बनता है तो यह यहां के खिलाडियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पदक विजेता बनाने में जहां सहायक सिद्ध होगा, वहीं साथ ही गर्मियों के लिए देश के पास एक अच्छा प्रशिक्षण केन्द्र हो जाएगा।

आप का नजरीया

# भाजपा के अपने कांग्रेसी

**अकेले** मिले भी तो कैसे मिले, दुनिया की निगाहों में खटक गए। चर्चाओं से सियासी समुद्र के ज्वारभाटे सामने आते हैं, इसलिए बेताज भी उनकी खबर से बादशाह नजर आते हैं। खबर उस दरबार की है, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के सान्निध्य में, पार्टी की नब्ज पर हाथ रखे हुए हिमाचल के कुछ नेताओं से मिल रहा था। अचानक पार्टी में आ कर गौण हुए इन नेताओं का भाजपाईकरण, पार्टी अध्यक्ष से औपचारिक भेंट नहीं निजी अस्तित्व के सवाल पूछ रहा था तो यह खबर नहीं, घटनाक्रम है प्रदेश की सियासत का नया क्रम है। मिलने वाले छह नेता अपने वर्ण से कांग्रेसी रहे हैं, लेकिन भाजपा में शरीक होकर उच्च श्रेणी के होकर भी अछूत हो गए। छह नेताओं का अचानक मिलन, अपने आप में गठन और अपने लिए संगठन में बहुत कुछ खोज रहा है। यह इसलिए भी कि भाजपा की छांव में जब कांग्रेस से कुछ दरख्त चाहिए थे, इन तत्कालीन विधायकों ने उम्र के रिश्तों और भविष्य के खतरों से बेखबर होकर अपना सर्वस्व पार्टी को दे दिया। आज भी राज्यसभा में भाजपा सदस्यों की गिनती में बढ़ोतरी होती है, तो कहीं हर्ष महाजन की जीत में अंगुली इन्हीं नेताओं की ओर उठती है। उसके बाद हुए उपचुनाव में तीन नेताओं को अपनी जमीं खोनी पड़ी। बेशक सुधीर शर्मा, इंद्रदत लखनपाल और आशीष शर्मा के पास विधायक होने का रुतबा लौट आया, लेकिन जहां लुढक्रा वहां भाजपा रिक्त नहीं हो सकती, विरक्त नहीं हो सकती। यह कल की भाजपा नहीं, आज की भाजपा है, जो पार्टी कॉडर को जमीन से लेकर आसमान तक ढूंढती है। ये छह नेता कांग्रेस के आकाश से खोजे गए, तो क्या वक्त गुजर जाने के बाद जमीन पर पटक दिए गए। क्या संगठनात्मक चुनावों में भाजपा की किश्तियों ने इनसे किनारा किया। क्या बढ़े हुए मंडलों की तादाद में इन नेताओं के आगाज को ग्रहण लग रहा है। यह स्पष्ट है कि मंडलों की फिरौतियों में भाजपा के बीच, कई धड़े और मंसूबे निकल आए हैं और अगर कांग्रेस निशानों में इस खटपट का उल्लेख करती है, तो भाजपा की किश्ती पर कई 'मांझीराम' सफर कर रहे हैं। कितने हिमाचल के घर में हैं, कितने दिल्ली की मुंडेर पर हैं पंछी, यह गिनती होने लगी है। आखिर एक साथ छह नेताओं का कदमताल यह भी तो ज्ञापित कर रहा है कि भाजपा के रक्त में कांग्रेस का बीज कहां तक छुपा है। भाजपा के लिए कांग्रेस की परवरिश से आ मिले नेताओं के उच्चारण और सियासी मजहब तो स्वीकार करने ही पड़ेंगे। ऐसे में भाजपा की संगठनात्मक शक्ति के नए मंजर पर स्वीकारोक्तियां तो बढेंगी ही और इसी में से एक का गुलदस्ता थामे सुधीर शर्मा, आशीष शर्मा, राजिंद्र राणा, इंद्रदत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा व देवेंद्र भुट्टो अगर जगत प्रकाश नड्डा के उजाले से मिल रहे हैं, तो यह नजारा केवल एक तस्वीर नहीं, बल्कि 'श्वेत एवं श्याम' पत्र भी हो सकता है। नेताओं की इस टोली में केवल भाजपा नहीं और न ही कांग्रेस, बल्कि हिमाचल के कई राजनीतिक संतुलन, संभावना व क्षमता है। माना कि इस बार राजिंद्र राणा पर भाजपा का भीतरघात असर कर गया, लेकिन अगली चौसर में एक अलग पारी बिछेगी। सुधीर शर्मा के मार्फत भाजपा ही नहीं जीती, वहां कांग्रेस सरकार का शिविर हारा है।

# ओबीसी की जाती जनगणना और ईवीएम तथा भीम राव अम्बेडकर के अपमान के विरोध में चतरा बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारत मुक्ती मोर्चा के रास्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के रास्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकाश पटेल के द्वारा घोषित 31 दिसंबर को भारत बंद को लेकर मंगलवार को चतरा में भी तीन सूत्री मांगो को लेकर भारत बंद किया गया।मांगो में संसद में गृह मंत्री अमित साह के द्वारा डा.भीम राव अम्बेडकर के खिलाफ अपमान जनक बयान और ईवीएम के विरोध में तथा ओबीसी की जाती जनगणना कराने के विरोध शामिल है।बंद का नेतृत्व राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पूनम यादव बीभीएम राज्य प्रभारी अशोक रजक ने किया। भारत बंद को लेकर संघठन के कार्यक्रताओ ने तपेज़ स्थित कुलु मोड़ पर 12 बजे इकट्ठा होकर रोड जाम कर दिया।इस दौरान हज़ारीबाग व चौपारण रोड तक़रीबन दो घंटा जाम रहा।सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लम्बी कतारे लग गई। इधर सुचना पाकर चतरा सीईओ प्रशासन के साथ कुलु मोड़ पहुंच कर संगठन के अधिकारियो से बातचीत कर जाम को लगभग दो बजे हटाया गया। इस दौरान कुलु मोड़ पर बीजेपी आरएसएस के इशारे पर बाबा साहब का अपमान करना बंद करो, अमित साह शर्म करो, ओबीसी की जाती आधारित जनगणना करना होगा, जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिसेदारी, ईवीएम चोर है, चुनाव आयोग चोरो का सरदार है, जैसे कई नारे लगाए गए। साथ हीं गृह मंत्री अमित साह का पुतला दहन किया गया।इस सन्दर्भ में पत्रकारों से बात करते हुवे, रास्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष रबिन्द्र यादव ने कहा की आज देश का नेतृत्व आरएसएस और क्रिमिनल लोगो के हाथो में है।देश की बड़ी आबादी का जाती निहाय जनगणना नहीं कराकर, पिछडो का हक़ मारा जा रहा है। रास्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के जिला संयोजक राजेश रवि ने कहा की देश की संसद में संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर पर गृह मंत्री द्वारा अपमान जनक बयान देना अपमान है। अमित साह को माफ़ी मांगनी चाहिए। महिला मोर्चा के अध्यक्ष पूनम यादव ने कहा की वर्तमान केंद्र सरकार ईवीएम के घोटाले से चुन कर आ रही है। आज ईवीएम की वजह से वोट का वैल्यू शून्य हो गया है। ईवीएम बंद कर बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाय। मौक़े पर धनेशर यादव, राजद नेता अरुण यादव, प्रदीप दशा, अशोक दांगी, बीभीएम जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार, हिमांशु भारती आदित्य यादव, श्यामदेव मेहता समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# एनडीपीएस मामले के फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** हजारीबाग के कोर्रा थाना पुलिस एनडीपीएस मामले में फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर सख्त हो गई है। एनडीपीएस मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के घर कोर्रा थाना पुलिस ने कुंदा थाना क्षेत्र के पिंजनी में मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस ने अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाते हुए अभियुक्त को सरेंडर करने के लिए दबाव बनाया। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि एनडीपीएस के एक मामले के अभियुक्त कांड संश 137/19 में फरार चल रहा हैं। जिसमें प्राथमिक अभियुक्त विजय गंझु पिता राघो गंझु के घर इश्तेहार चिपका कर जल्द सरेंडर करने को कहा गया है। इस अभियान में जिला बल के जवान शामिल थे।

## उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती ने जपुआ में छत ढलाई का किया निरीक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी मंगलवार को जपुआ में छत ढलाई कार्य का निरीक्षण किया। जहां ढलाई कार्य मे लगे मजदूरों को बेहतर छत ढलाई करने का निर्देश दिया।जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जपुआ गांव में बिरहोर परिवारों के लिए जनमन योजना के तहत सात आवास मुहैया कराया गया था। जिसका चार आवास का छत ढलाई कार्य किया जा रहा है। साथ ही बिरहोर परिवारों से कई जानकारी जुटाई। इस मौके पर 35 बिरहोर परिवारों के बीच कम्बल का वितरण भी किया। मौके पर बीडीओ राहुल देव, सिओ अंनत सयनम विश्वकर्मा, मुखिया निर्मला देवी, पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, उज्वल सिंह, दिगम्बर पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

## अनियंत्रित टोटो पलटा, बाल-बाल बचा चालक, टोटो का पहिया क्षतिग्रस्त



**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच 22 स्थित हंटरगंज पानी टंकी के समीप मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एक टोटो वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसपे रासायनिक खाद (यूरिया) लदे थे। गनीमत रही कि इस दुर्घटना के बीच किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। जानकारी अनुसार खाद लदा टोटो वाहन गोदोबार से हंटरगंज की ओर जा रही थी इसी क्रम में उक्त स्थल पानी टंकी के समीप टोटो वाहन अनियंत्रित हो सड़क किनारे कच्चे रास्ते होते हुवे खेत में जा कर पलट गया। इस क्रम में वाहन पर लदे खाद की बोरियां खेत में फैल गए। दुर्घटना के बीच बाल बाल बचे चालक ने पुनः बोरियों को वाहन पर लाद दूसरा दूसरी पहिया लगाते हुवे गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। टोटो कुब्बा एकतारा गांव का बताया जा रहा है।

# बीडीओ ने सुलभ शौचालय एवं यात्री शेड का किया निरीक्षण

## सुलभ शौचालय का होगा कायाकल्प : बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने मंगलवार को सिमरिया चौक स्थित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय का जायजा लिया। इस दौरान कूड़ा कचड़ा और गंदगी का अंबार देख नाराजगी व्यक्त किया। वही गार्ड रूम का भी अवलोकन किया वहां भी गंदगी का अंबार लगा हुआ पाया गया। शौचालय के बगल का रूम की जानकारी ली। बीडीओ ने कहा कि अनुमंडल मुख्यालय में सुलभ शौचालय की स्थिति इस तरह का होना अशोभनीय है। बीडीओ ने कहा कि सुलभ शौचालय को चुस्त दुरुस्त किया जाएगा। बंद दुकान को चालू कर आने वाले किराया की राशि शौचालय के विकास के लिए खर्च की जाएगी। इसके बाद बीडीओ ने पास के यात्री विश्रामगार का भी निरीक्षण किया। इस दौरान भवन और उसके कमरों की जांच की। लोगो ने बीडीओ को इसके वस्तु स्थिति से अवगत कराया। बीडीओ ने कहा कि यात्री विश्रमागर को जीर्णोद्धार किया जाएगा, ताकि दूर दराज से आने वाले यात्रियों को ठहरने में सुविधा मिलेगी। इसके बाद बीडीओ ने तुरंत पंचायत के मुखिया पति करम साव, पंसस बोला सिंह को दो जनवरी को ग्राम सभा कराकर कर योजना को पारित कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया और जेई आशीष नायक को तुरंत स्टीमेट बनाने का निर्देश दिया गया। हालांकि उक्त बने रुक पर कई लोगों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि इस तरह की भी चौक के आस पास सरकारी भूमि पर रुम बना कर किराया दे सकता है वैसे में शौचालय में बने गार्ड तुम को कब्जा से मुक्त किया जाय। अन्यथा यह प्रशासन की बेइमानी होगी। मौके पर पंचायत सेवक रोहित कुमार, शशिकांत उपाध्याय, अभिषेक कुमार, ग्रामीण रंजीत कुमार, दुर्गेश राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# बीडीओ ने प्रखण्ड के कई पंचायतों में किया मनरेगा योजना का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र में संचालित मनरेगा योजना से संबंधित योजनाओं का प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने जांगी पंचायत में संचालित मनरेगा की योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विशेष कर बिरसा हरित ग्राम आम की बागवानी योजना के लाभुकों से मिलकर बातचीत की। उन्होंने लाभुकों से कहा कि बागवानी में लगे पौधों की निरंतर निकाई - गुड़ाई करते रहे। वहीं आम के हरे भरे पौधे देखकर कहा कि यह बहुत ही अच्छा है।आगे कहा कि बागवानी योजना का उद्देश्य ही पर्यावरण को हरा-भरा करने के साथ लाभुकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। जांगी में यह काफी सार्थक सिद्ध हो रहा है, उन्होंने मौके से ही मनरेगा कर्मियों को अधिक से अधिक लोगों को बागवानी योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने लाभुक को निर्देश दिया कि बागवानी की देखरेख में कभी भी लापरवाही न बरतें। बागवानी में लगे पौधों के अलावे खाली जमीन पर अन्य फसल लगाने की सलाह दी। उपस्थित कर्मियों को बीडीओ ने मनरेगा योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और इस योजना में ज्यादा से ज्यादा प्रवासी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि उनकी घर गृहस्थी अच्छी से चल सके। साथ हीं पंचायतों में चल रहे लंबित आवास योजना का औचक निरीक्षण एवं भौतिक प्रगति का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभुकों को आवास जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिया एवं कहा कि जल्द हीं आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।जबकि लाभुकों को पैसा मुहैया करा दिया गया है बावजूद इसके लाभुको के द्वारा आवास निर्माण कार्य पूरा करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। मौके पर प्रभारी बीपीओ मुकेश कुमार, जेई शिवदास कुमार, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

## जंगली हाथी के उत्पात से तीन पशुधन की मौत, दो जख्मी

**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र मे जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है।बिते रात डाढा पंचायत के डुमरा ग्राम मे जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए मजदूर किसान अरविन्द गंझु पिता स्वर्गीय साधु गंझु का एक बैल व दो गर्भवती गाय को मार डाला और एक बैल को जख्मी कर दिया।वहीं राजेश्वर उरांव पिता सीबु उरांव के एक गाय को जख्मी कर दिया साथ ही सुनिल उरांव के घर को क्षतिगस्त कर दिया, घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अरविन्द गंझु ने बताया कि गांव के पिडरा गढा मे हमलोग अपने पशुओ को बांधते हैं। बिते रात भी हमलोग का अठारह पशु वहीं बंधा हुआ था। लगभग बारह बजे जंगली हाथी आये और हमारे बंधे हुए दो गर्भवती गाय और एक बैल को मार डाला, एवं एक गाय और एक बैल को बुरी तरह जख्मी कर दिया, पशुओ की शोर सुनकर हमलोग के साथ संजय गंझु, मनोज गंझु, सकेंद्र उरांव, प्रकाश उरांव धर्मदेव उरांव सहित कई ग्रामीण घटना स्थल पर पहुचें और बाकि के पशुओ को खोलकर भगाया, कई पशु भय से वापस नहीं आए हैं। भुक्तभोगी मजदूर किसान को पशुधन के मौत से लगभग सत्तर हजार रूपये का क्षति हुआ है।भुक्तभोगी अरविन्द गंझु, राजेश्वर उरांव, सुनिल उरांव सहित कई ग्रामीणों ने संबन्धित विभाग से मुआवजे की मांग की है।

# प्रखण्ड स्तरीय रवि फसल कार्यशाला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर मे प्रखण्ड स्तरीय रवि फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि प्रखण्ड उप प्रमुख निशा सहादेव उपस्थित रही. कार्यक्रम मे प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक प्रमान्द राम व प्रभारी बीईओ समीर सुमन भेंगरा ने सभी पंचायत के उपस्थित कृषक मित्रों को कृषि विभाग द्वारा बीज विनमय, आरएमवाई योजना सहित क़ृषि से संबधित कई योजनाओं के बारे मे बिस्तार से बताया। . साथ सभी कृषक मित्रों को अपने अपने क्षेत्र से 10-15 नमूना लाकर जमा करने की बात कही. ताकि जमीन मे मिट्टी की गुणवत्ता और पोषक तत्व की कमी के बारे मे पता किया जा सके. वहीं बताया गया कि पीएम कुसुम योजना व पीएम समृद्धि योजना के तहत सोलर प्लेट ट्रॉली किसानो को फॉर्म भरकर इस योजना का लाभ ले सकते है। साथ ही रबि फसल मे होने वाले रोग व उसके रोकथाम के बारे मे बताया गया। मौके पर सभी पंचायत के कृषक मित्र उपस्थित थे।

# ग्रामीण हितों की रक्षा की जायेगी : प्रकाश राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा के बिराटोली में कोयले के ट्रांसपोर्ट को लेकर हो रहे विवाद के बीच ग्रामीणों की मांग पर मंगलवार को लातेहार विधायक प्रकाश राम नगर गांव के बसारटोली पहुंचे। महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। उपस्थित ग्रामीणों ने कोयला गाड़ी परिवहन से होने वाली परेशानियां से विधायक को अवगत कराया। कई लोगों ने कहा कि हमारे क्षेत्र में काम तो बहुत होते हैं लेकिन यहां के लोग बेरोजगार हैं। धुलकण और बर्बादी हम झेले और बेरोजगारी का दंश भी झेले यह सही नहीं है। ग्रामीण सड़क पर हो रहे भारी वाहन के परिवहन पर भी ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि ग्रामीण हितों की रक्षा के लिए हम हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। ग्रामीण आपस में तय कर ले कि उन्हें करना क्या है, सभी के सहमति से जो भी निर्णय लिया जाएगा, आपका विधायक आपके साथ खड़ा है। इसके साथ ही विधायक श्री राम ने क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों को भी स्पष्ट रूप से चेताया हैं कि युवाओं के साथ छल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लातेहार पिछड़ा क्षेत्र है यहां के युवाओं को रोजगार देना ही होगा। विधायक ने ग्रामीणों को एकजुट रहने का आह्वान किया है। कहा कि गांव में आपसी विवाद ना हो इस पर सभी को पहल करनी चाहिए।

# टीवी के रोगीयों के बीच पोषण टोकरी का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सिविल सर्जन डा अवधेश कुमार सिंह के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह लातेहार में यक्ष्मा के इलाजरत मरीजों के बीच अतिरिक्त पोषण टोकरी का वितरण किया गया।प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत यक्ष्मा मरीजों को अतिरिक्त पोषण टोकरी सीसीएल के द्वारा एवं सिन्नी संस्थान के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका व बरवाडीह इलाजरत यक्ष्मा (टीबी) के मरीजों के बीच अतिरिक्त पोषण टोकरी का वितरण किया गया।इसका मुख्य उद्देश्य है यक्ष्मा से ग्रसित व्यक्तियों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु अतिरिक्त पोषण सहायता प्रदान करना है ताकि उनके सेहत में जल्द सुधार हो सके।मौके पर मनिका तथा बरवाडीह के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम मैनेजर, एसटीएस, सिन्नी संस्थान के कर्मी तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-टंडवा मुख्य पथ पर मंगलवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सूरज गंझू 20वर्ष पिता गुलाब गंझू ग्राम चमातु थाना बालूमाथ निवासी चमातु से बालूमाथ आ रहा था। इसी दौरान चेटर ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रक से साईड लेने के क्रम में एक मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया। मंगलवार को चंदवा थाना के गुरीटांड़ में एक बाइक सवार तेज रफ्तार बाइक चला रहा था और सामने से आ रही ट्रक से साइड लेने के क्रम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। युवक की पहचान राहुल गंझू पिता भोला गंझू मड़मा, चंदवा के रूप में की गयी है।

# जबरन किये जा रहे हैं जमीन कब्जा पर दोनों पक्षों को धारा 163 के तहत लगा प्रतिबंध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** निवासी मोहम्मद इस्लाम द्वारा विवादित भूमि पर पिछले एक सप्ताह से जबरन कार्य किए जाने के बाद अंचलाधिकारी बालूमाथ ने विधि व्यवस्था भंग होने की आशंका को लेकर लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी को अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी ने पत्रांक452 दिनांक30 /12/24 को धारा 163 लगा दिया। तथा दोनों पक्षों के सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई आरंभ करते हुए दोनों पक्षों को भूमि पर जाने से रोक लगा दिया है तथा दोनों पक्षों को आदेश दिया गया है कि 3 जनवरी 2025 को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं व अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें ।अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा है कि B N S S-2023 की धारा 163 के तहत भूमि पर जाने से पूर्णत प्रतिबंध किया जाता है। उन्होंने कहा कि खाता नंबर 18 प्लॉट नंबर 195 रकबा 4 एकड़ 90 डिसमिल में से 50 डिसमिल भूमि पर मोहम्मद इस्लाम के द्वारा कार्य किया जा रहा था। अंचलाधिकारी के अनुशंसा प्रतिवेदन में के बाद शांति भंग करने की संभावना प्रतीत हो रही है इसीलिए कार्रवाई की गई है। इधर जमुना प्रसाद साहू ने आरोप लगाते हुवे कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा लगाए गए धारा 163 के बाद भी बालूमाथ पुलिस जाकर काम रोकने का प्रयास किया। लेकिन मो इस्लाम के पुत्र झामुमो नेता मो इमरान ने काम नहीं रोका और मंगलवार की शाम तक लगभग 50 से अधिक मजदूर लगाकर दिनदहाड़े काम करते रहे। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार द्वारा निर्देशित पत्र को तमिला करा दिया गया है। शीघ्र हीं काम बंद कर दिया जाएगा।

# क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल मुकाबला के साथ हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सुभाष चंद्र बोस क्लब पोचरा द्वारा आयोजित 18वीं डबल खस्सी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है आप सभी मन लगाकर खेलें बहुत अच्छी बात है आप सब इसी तरह से खेलते रहें और अपने राज्य और देश का नाम रोशन करें।विशेष अतिथि जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस क्लब के द्वारा यह मंच पिछले 18 वर्षों से मिल रहा है जहां दूर-दूर से खिलाड़ी आकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।पूर्व मुखिया रामेश्वर सिंह ने कहा कि आप लोगों ने कड़ी मेहनत कर 32 टीमों के बीच प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचकर पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं यह आप लोगों का मनोबल बढ़ाएगी आगे भी प्रयास जारी रखें और अपना नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन अनुपम कुमार मिश्र के द्वारा किया गया इस अवसर पर मुखिया रामजी सिंह ग्राम प्रधान रणजीत सिंह क्लब के सचिव अनूप कुमार, लाल आशीष नाथ शाहदेव सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।टॉस हारकर अमवाटिकर क्रिकेट क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में सभी विकेट होकर 154 बनाए जिसमें सर्वाधिक लवकुश ने 55 चिश्ती ने 30 रन, डीसीसी के तरफ से गेंदबाजी करते हुए आदर्श और शनि में 3 दिन विकेट लिए। 155 रनों का पीछा करने उतरी डीसीसी क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 9.4 ओवर में 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । जिसमें सर्वाधिक शनि ने 34 बक्शी ने 17 रन बनाए। अमवाटिकर के तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए चिस्ती ने तीन ओवर में 6 रन देखकर तीन विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच लवकुश व मैन ऑफ द सीरीज आदर्श चुने गए, मैच में इन्पायरिंग दिलीप कुमार प्रसाद और लाल अभिषेक नाथ शाहदेव ने किया व स्कोरिंग आलोक सिंह के द्वारा किया गया। मैच की कमेंटेटरी पंकज सिंह देव् के द्वारा किया गया।

## रेलवे विभाग द्वारा ग्राम अनगड़ा में ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण किया गया




**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के नोनगांव पंचायत अंतर्गत अनगड़ा हरिजन टोला में निवास कर रहे गरीब, मजदूर, वृद्ध महिलाओं और पुरुषों के बीच रेलवे विभाग ने लगभग 150 कम्बल का वितरण किया। ज्ञात हो कि पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में इरकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा रेलवे निर्माण को लेकर अनगड़ा में लगभग 10 घरों को रेलवे विभाग ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दी थी। जिसके बाद वे लोग बेघर हो गए हैं। जिसे लेकर रेलवे विभाग के अधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि रेलवे निर्माण कार्य में जिन लोगों के घर को गिराई गई थी उन्हें 25 प्रतिशत राशि दी गई थी। आगे उन्होंने बताया कि जब वे अपने घर का निर्माण कार्य शुरू करेंगे उसके बाद उन्होंने पूरी राशि दी जाएगी। साथ ही आगे उन्होंने बताया कि कड़कते ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए रेलवे विभाग ने अनगड़ा के हरिजन टोला में लगभग 150 कम्बल की वितरण की है एंव ठंड के बढ़ते प्रभाव से बचने की अपील की है।

# उपायुक्त नैंसी सहाय और विधायक प्रदीप प्रसाद के बीच विकास संबंधी विस्तृत चर्चा

**- हजारीबाग के विकास में कोई समझौता नहीं होगा, जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के समग्र विकास और जनहित के मुद्दों को लेकर मंगलवार को हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके कार्यालय में बैठक की। इस बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्थिति, जनता की समस्याएं, और उनके निराकरण के संभावित उपायों पर गहन चर्चा की गई।

**बैठक में प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई**

सड़क, परिवहन और आधारभूत संरचना हेतु सदर विधायक ने जिले की सड़क व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण और नए संपर्क मार्ग बनाने के लिए तेजी से कार्य करने का आग्रह किया। उपायुक्त ने जानकारी दी कि सड़क परियोजनाओं के लिए निधि स्वीकृत हो चुकी है और कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। शिक्षा और स्वास्थ्य हेतु जिले के सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी और छात्रों की समस्याओं पर चर्चा हुई। सदर विधायक ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सा उपकरणों



के रखरखाव पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। पेयजल समस्या हेतु ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट के समाधान के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा की गई। विधायक ने जल जीवन मिशन और अन्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की।स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहन देने पर जोर दिया गया। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियानों को गति देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि जिले के विकास से जुड़े हर मुद्दे को गंभीरता से लिया जाएगा और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य करेगा। उन्होंने विधायक को आश्वस्त किया कि जनता की भलाई के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करेंगे।

**बैठक की समाप्ति के बाद विधायक की मीडिया से वार्ता**

बैठक समाप्त होने के बाद सदर विधायक ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा की बैठक बेहद सकारात्मक और परिणामोन्मुख रही। उपायुक्त महोदया से जिले के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और पेयजल संकट के स्थायी समाधान पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा हमने महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी जोर दिया। उपायुक्त महोदया ने आश्वासन दिया है कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का यह समन्वय जिले के विकास को नई गति देगा। विधायक ने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर प्रशासन के साथ संवाद बनाए रखेंगे। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंत में, विधायक ने कहा, हजारीबाग के विकास के लिए मैं हर स्तर पर प्रयासरत हूं और जनता के सहयोग से हम इसे एक मॉडल जिला बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से चौकीदारी के पद पर नियुक्ति, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मुलन को लेकर विष्णुगढ निक्षय दिवस मनाया गया




**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टीवी हारेगा देश जीतेगा के नारे के साथ राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मुलन कार्यक्रम में तहत नि- क्षय दिवस मनाया गया। टीवी हारेगा देश जीतेगा का नारा बुलंद किया गया।इस अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया।विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो , होलग,चलकरी में ग्रामीणों को टीवी बीमारी से बचाव की जानकारी दी गयी।इस सम्बंध में बताया गया कि दो सप्ताह से अधिक खाँसी होने,चेस्ट में दर्द,लगातार बुखार रहना,वजन का कम होना,बलगम से खून आना टीवी के लक्षण हैं।लक्षण महसूस होने पर जांच कर निशुल्क दवा दी जाती है।कार्यक्रम के तहत लोगो को जागरूक किया जा रहा है।मौके पर एसटीएलएस राजेश कुमार, सीएचओ सन्ध्या महतो, स्वेता शर्मा,आदर्श कुमार गौड़,एमपीडब्ल्यू विनय कुमार, एएनएम रेखा पांडेय,बेबी कुमारी, सपना कुमारी,रेखा देवी,सरिता कुमारी,सहिया दीदी अनिता देवी,पूनम देवी सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।

## भुइयां समाज कल्याण समिति का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति का प्रखंड स्तरीय बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन प्रखंड सचिव शंकर भुईयां ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां उपस्थित हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी धूमधाम से वनभोज भुईयां मिलन समारोह किया जाएगा और माता शबरी जयंती भी धूमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम, सचिव शंकर भुईयां, बनेश्वर भुईयां, संतोष कुमार राम, दुखन भुईयां, गिरजा भुईयां, खेमलाल भुईयां, फूलचंद भुईयां, राम ब्रिज राम, अशोक राम, छोटू भुईयां, दीपक कुमार, राजेश कुमार, ललकु भुईयां, जितेंद्र रेक्यशान, इत्यादि उपस्थित थे।

## आगजनी से पुआल और मचान जल कर खाक



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरी कलां गांव निवासी गेंदों महतो पिता झरी महतो के मचान में आग लगाने से मचान पर रखे पुआल और मचान पूरी तरह जल कर खाक हो गया. घटना 31 दिसंबर 11 बजे आसपास की है. इस संदर्भ में बताया गया है गरी कलां पंचायत भवन के समीप में गेंदों महतो का नया मचान था जिसमें बड़ी मात्रा में पुआल रखा गया था.अचानक लोगों ने मचान से धुआं और आग की लपटों को उठते देख कर हो हल्ला किया. जिसपर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे. आग इतनी भयावह थी कि ग्रामीण आग पर काबू नहीं पा सके. अंततः ग्रामीणों को द्वारा एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल माइंस से फायर ब्रिगेड के वाहन को बुलाया गया. फायर ब्रिगेड के लोगों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. मचान और पुआल में आगजनी की घटना होने से गेंदों महतो को बड़ा नुकसान का सामना करना पड़ा है. मवेशियों के चारा के लिए उक्त व्यक्ति मोहताज हो गया है. आपदा प्रबंधन के तहत आगजनी पर मुआवजा की मांग किसान गेंदों महतो ने की है.

## टेकलाल महतो के साथ रहे झारखण्ड आंदोलनकारी, शहीदो को दिया श्रद्धांजलि



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बलकमक्का में माण्डू विधानसभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने झारखंड राज्य अलग के आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद रामधनी मंडल, साधू, शनिचर, शैनाथ, सोहर, मोहर, केवल एवम बोधराम महतो का शहादत दिवस मनाया।शहीद स्थल पर जाकर पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने श्रद्धासुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री पटेल ने सभी शहीद परिवारों को पेंशन राशि एवम अंगवस्त्र भेंट कर सभी को सम्मानित किया गया।अपने वक्तव्य में श्री पटेल ने कहा कि झारखण्ड अलग राज्य में इन सबो का योगदान को कभी भी नही भुलाया जा सकता। शहीद परिवारों की थोड़ी सेवा कर पाता हूँ,इससे बड़ा शौभाग्य और क्या हो सकता है।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का कमिटी गठन



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रित्विक कोल माइंस चट्टी बरियातू में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ एटक का गठन होने को लेकर कमिटी ने एनटीपीसी महाप्रबंधक चट्टी बरियातू कोल माइंस को लिखित सूचना दी है. महाप्रबंधक को दिए गए पत्र में कमिटी ने कहा है कि 23 दिसंबर 2024 को रित्विक कोल माइंस चट्टी बरियातू में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ एटक का गठन केंद्रीय पर्यवेक्षक के उपस्थिति में किया गया जिसके अध्यक्ष कुलदीप साव कार्यकारी अध्यक्ष शंभू गुप्ता उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार गुप्ता सचिव कामेश्वर महतो सह सचिव संतोष महतो कोषाध्यक्ष कौलेश्वर प्रसाद सह कोषाध्यक्ष गुलदेव महतो संगठन मंत्री रामकुमार साहू सह संगठन मंत्री अमन कुमार सिंह मीडिया प्रभारी सचिन राम सह मीडिया प्रभारी सचिन कुमार गुप्ता कार्यकारणी सदस्य में उपेंद्र गुप्ता दिनेश महतो छक्कन महतो अनिल मुंडा संजय साव राजेंद्र साव हेमराज महतो गोपाल महतो समेत अन्य का नाम शामिल है. वहीं कमिटी गठन से संबंधित पत्र की प्रति अंचल अधिकारी केरेडारी पगार ओपी प्रभारी महाप्रबंधक रित्विक कोल माइंस चट्टी बरियातू उपायुक्त हजारीबाग आरक्षी अधीक्षक हजारीबाग क्षेत्रीय श्रम आयुक्त हटिया रांची सहायक श्रम आयुक्त हजारीबाग स्थानीय विधायक बड़कागांव थाना प्रभारी केरेडारी को दी है.

## एनएमएल कोयला खनन परियोजना के द्वारा बाइकरों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल कोयला खनन परियोजनाएँ, हजारीबाग ने अपने सामाजिक विकास दायित्वों के तहत आज बड़कागाँव चौक एवं 14 माईल मोड पर बड़कागाँव पुलिस के सहयोग से सड़क पर बिना हेलमेट लगाए चल रहे बाइकरों को हेलमेट वितरित किया। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दोपहिया चलाने वालों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना था। हेलमेट्स का वितरण पवन कुमार एसडीपीओ बड़कागाँव, अरुण कुमार सक्सेना, जनरल मैनेजर, बादाम कोयला खनन परियोजना और अनिल कुमार, इंस्पेक्टर बड़कागांव ने अपने हाथों से किया। वितरण के दौरान अधिकारियों ने बाइक चालकों को समझाया कि हेलमेट पहनना आपकी सुरक्षा के



लिए बेहद ज़रूरी है। दोनों ही अधिकारियों ने दोपहिया चालकों से कहा कि दुर्भाग्यवश अगर आप दुर्घटना के शिकार होते हैं तो हेलमेट आपकी सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा। वितरण के दौरान पुलिस और कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स हजारीबाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और उन सबने भी बिना हेलमेट लगाए गाड़ी चला रहे लोगों को को सुरक्षा के प्रति सचेत किया। आपको बता दें कि इससे पहले भी कोयला खनन परियोजनाएँ, हजारीबाग के द्वारा हज़ारीबाग़ में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गये थे जहाँ पर जिला के पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह स्वयं मौजूद थे और उन्होंने बिना हेलमेट लगाए ड्राइव कर रहे बाइकरों को ऑन द स्पॉट हेलमेट पहनाया था। कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स, हजारीबाग, लोगों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है और लोगों में जिम्मेदार तथा सुरक्षित ड्राइविंग आदतों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कदम उठा रहा है।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने जरूरतमंद को व्हीलचेयर प्रदान कर दिखाई संवेदनशीलता

**- हर जरूरतमंद तक पहुंचेगी मदद, समाज में कोई असहाय न रहे : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत रोमी में एक मानवीय पहल का उदाहरण सामने आया है। ग्राम पंचायत रोमी के निवासी राजेश ठाकुर एवं सुनील ठाकुर के पिताजी जगदीश ठाकुर, जो लंबे समय से चलने में असमर्थ हैं, उन्हें अब व्हीलचेयर के माध्यम से राहत प्रदान की गई है। परिवार की इस समस्या की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद से संपर्क किया। समस्या की गंभीरता को समझते हुए विधायक ने तुरंत इस पर कार्रवाई की। उन्होंने स्वयं इस



मामले की जानकारी ली और पहल करते हुए जगदीश ठाकुर को एक व्हीलचेयर प्रदान की। व्हीलचेयर प्राप्त करने के बाद, परिवार ने विधायक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि यह सहायता उनके जीवन को आसान बनाने में बहुत मददगार साबित होगी। जगदीश ठाकुर,जो अब तक असहाय महसूस कर रहे थे, अब अपनी दैनिक गतिविधियों को कुछ हद तक स्वतंत्र रूप से कर पाने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक मदद पहुंचे। यह हमारी जिम्मेदारी है कि समाज में कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं के साथ अकेला महसूस न करे। इस पहल को लेकर ग्रामीणों ने भी विधायक की प्रशंसा की और कहा कि यह कार्य न केवल जरूरतमंद परिवार के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रेरित करता है।

## जुबेदा खातून व मो महमूद्दीन ने चरही मस्जिद की तामीर के लिए जमीन किया वक्फ

**- बहुत जल्द मस्जिद कि तामीर की जाएगी : सदर मो नौसाद अंसारी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** मंगलवार को इस्लाहुल मूसलेमिन कमिटी चरही को जुबैदा खातून पति-मरहूम मो0 मुस्तकीम ग्राम + पोस्ट + थाना-चरही, जिला-हजारीबाग झारखण्ड, और मो0 सलीम, पिता - मरहूम मो0 मुस्तकीम ग्राम + पोस्ट + थाना चरही, जिला - हजारीबाग झारखण्ड ने मस्जिद के वजुखाना एवं बाथरूम वगैरह बनाने के लिए लिए इस्लाहुल मुस्लमीन कमिटि, चरही को मस्जिद के बगल का जमीन जिसका खाता नं. 02 (चो) एवं प्लॉट नं. 357,361 में मस्जिद की ओर से 20 फिट लम्बा एवं 11 फिट चौडा जमीन वक्फ किया।



मस्जिद के जमीन वक्फ करते हुआ जुबेदा खातून ने बताया कि हम खुशनसीब है कि मेरा जमीन मे मस्जिद के काम आएगा। मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ इफ़्तेख़ार आलम जियए ने बताया कि जमीन कि कमी के वजह से मस्जिद का काम नहीं लग पा रहा था और मस्जिद मे वजू खाना व बाथरूम का कमी था इस जमीन को मिल जाने से सभी कार्य होना मुमकिन है। कमिटी के सदर मो नौसाद अंसारी ने बताया कि बहुत जल्द मस्जिद कि तामीर की जाएगी और सभी कमिटी के सदस्य बहुत ही शुक्रगुजार है मोहम्मद महमूद्दीन व जुबेदा खातून पर की मस्जिद के लिए जमीन वक्फ किये। मुख्य रूप से सिगरेट्री मिन्हाज अंसारी, मुस्लिम अंसारी, इस्तियाक अंसारी, सलीम अंसारी आज़ाद अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी,रहमत अंसारी, नेजाम अंसारी, तस्लीम अंसारी, इसराइल अंसारी, लियाक़त अंसारी सहित कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## बरही पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के मिनी फैक्ट्री को किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मंगलवार को बरही पुलिस ने थाना अंतर्गत छोटकी केवाल मैं मुर्गी फॉर्म के अंदर संचालित अवैध मिनी शराब फैक्ट्री को नष्ट कर दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि सूचना मिली की छोटकी केवाल में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है, जिसके बाद छापामारी टीम गठन कर सोमवार रात्रि करीब 11 बजे कार्रवाई की गई। हालांकि पुलिस की टीम को देखकर निर्माण कार्य कर रहे लोग फरार हो गए। मौके पर से रॉयल स्टैग के 750 एमएल का खाली बोतल 160 पीस, 375 एमएल का भरा हुआ बोतल 245 पीस, मैकडॉवेल्स नंबर 1 का स्टीकर 8 पीस, रॉयल स्टैग बोतल का ढक्कन 500 पिस, स्टिकर 500 पिस, इंपीरियल ब्लू ब्लैडेट ग्रीन का स्टीकर 375 मल का 150 पीस, 750 एमएल मल का 50 पीस बरामद किया गया। वहीं सील स्टीकर 400 पिस बरामद किया गया। छापामारी दल में नागेंद्र पांडेय,बसंत कुमार, अमित किस्कू समेत बरही थाना के सशक्त बल मौजूद थे।

## हजारीबाग राइफल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया शिरकत

- हजारीबाग के खिलाड़ियों का नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन
- हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें दिया बधाई
- हजारीबाग के खिलाड़ियों ने नेशनल शूटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी मेहनत और लगन सभी के लिए प्रेरणा है : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भोपाल में 15 से 31 दिसंबर तक आयोजित 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हजारीबाग राइफल एसोसिएशन के प्रतिभाशाली निशानेबाजों ने अपनी काबिलियत का परिचय देते हुए नेशनल स्तर के लिए क्वालीफाई किया। इन खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल जिले का नाम रोशन किया, बल्कि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने की उम्मीदें भी जगाई। 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में प्रदर्शन में आस्तिक सिंह 585 अंक, प्रतीक राज : 595 अंक, आर्यन राज : 560 अंक,सरस्वती कुमारी : 559 अंक,50 फायर आर्म्स वर्ग में प्रदर्शन,ऋद्धि गुप्ता : 591 अंक प्राप्त हुआ है। सभी पांच खिलाड़ियों ने




600 अंकों के स्कोर में से उच्च प्रदर्शन करते हुए नेशनल स्तर के लिए क्वालीफाई किया। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग स्टेडियम स्थित हजारीबाग राइफल एसोसिएशन के कार्यालय कक्ष में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया जिसके बाद श्री प्रसाद ने स्वयं निशाने बाजी कर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। जिसके बाद खिलाड़ियों से व्यक्तिगत मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा ये प्रतिभाएं हमारे जिले का गौरव हैं और आने वाले समय में देश का नाम रोशन करेंगी। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हमारे हजारीबाग के खिलाड़ियों ने 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में अपने अद्भुत प्रदर्शन से जिले का नाम गौरवान्वित किया है। यह उनकी मेहनत, समर्पण और कोचों के मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं इन सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं और उनके उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। केंद्रीय सरकार और मैं व्यक्तिगत रूप से खेल और खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये प्रतिभाएं न केवल हमारे जिले, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर हजारीबाग राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन, उपाध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव, महासचिव नीलेंद जयपुरियर, दिगंबर जैन पंचायत के महामंत्री पवन अजमेरा,तैराकी संघ के प्रहलाद सिंह, कोच राहुल रविदास,सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। हजारीबाग राइफल एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। एसोसिएशन ने खिलाड़ियों को आगे के लिए हरसंभव सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया।

## पतरातू थाना वाहन जांच अभियान चला,वसूला गया जुर्माना

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के समीप वरीय अधिकारी के निर्देश पर पतरातू पुलिस एवं रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें बिना हेलमेट,बिना गाड़ी के कागजात तथा ट्रिपल लोड लोगों से जुर्माना वसूला गया। इस संदर्भ में ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर गजेन्द्र पांडे ने बताया कि 21दो पहिया वाहनों से 79000 की चालान के रूप में राशि वसूली गई है। उन्होंने आगे कहा कि लोग इसे सिर्फ जुर्माना नहीं समझ कर एक सबक समझे तो उनके तथा उनके परिवार के लिए बेहतर होगा। सरकार के द्वारा इस तरह के वाहन जांच अभियान इसलिए चलाए जाते हैं कि आपको आर्थिक रूप से दंडित करने के साथ एक सबक दिया जाए ताकि आप भविष्य में सतर्क रहें तथा हेलमेट पहनकर चलें और अपने साथ गाड़ी के तमाम कागजात अपने साथ रखें। क्योंकि आपकी एक छोटी सी लापरवाही से न सिर्फ आपकी जान जाती है बल्कि आपके पूरे परिवार को इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। इस वाहन जांच अभियान में पतरातू थाना के जवानों के साथ ट्रैफिक इंस्पेक्टर गजेंद्र पांडेय,ट्रैफिक ए एस आई शंकर कुमार आरक्षी श्याम तथा आरक्षी देव कुमार शामिल रहे।

## मुखिया के द्वारा कंबल का किया गया वितरण

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिद्दी क पंचायत के पंचायत सचिवालय मे सरकार द्वारा प्रदत कंबल का वितरण गिद्दी क पंचायत की मुखिया कविता सिंह द्वारा किया गया मुखिया ने सभी लाभुको से अपील किया कड़ी ठंड की मौसम को देखते हुए सरकार ने पंचायत मे कंबल उपलब्ध कराया है। उसका उपयोग करे और ठंड से बचे ओर आप के अगल बगल में कोई भी असहाय या निर्धन हो जिसे आवश्कता हो तुरंत हमें सूचित करे उन्हें कंबल उपलब्ध कराया जाएगा 125 कंबल प्रखंड से उपलब्ध कराया गया है जिसका आज बितरण कराया गया इस अवसर पर उप मुखिया दिपक कुमार सिंह, वार्ड सदस्य सुरज कुमार सिंह। पूजा कुमारी, टिनी देवी, गुलशन खातुन आदि लोग थे

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिये सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाप्रबंधक कार्यालय, अरगडा क्षेत्र में ÷सम्मान समारोह दिसंबर 2024÷ का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद फैयाजुल हक, अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासन), अरगड़ा क्षेत्र मौजूद रहे। साथ ही स्टाफ ऑफिसर ( ई एंड एम ) संजीव कुमार झा, महाप्रबंधक कार्यालय कार्मिक इंचार्ज निखिल श्रीवास्तव के अलावा अन्य अधिकारी तथा सेवानिवृत होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारीगण सपरिवार उपस्थित रहे। जिनकी सूची निम्नलिखित है

## ऊर्दू के समस्याओं को हल करने में मेरी पूरी कोशिश होगी : ममता देवी




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन फरोग ए उर्दू रामगढ़ जिला इकाई के द्वारा ऊर्दू भाषा के विकास के लिए जिला स्तरीय उर्दू ज्ञान प्रतियोगिता एवम उर्दू सुलेख प्रतियोगिता हेहल,अमवा टांड़ में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता इंजीनियर शाहनवाज खान और संचालन तसनीम फैजी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ शाहनवाज खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति रामगढ़ विधायक ममता देवी और मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शहजादा अनवर उपस्थित थे। मुख्य अथिति ममता देवी ने कहा कि ऊर्दू के समस्याओं को हल करने में मेरी पूरी कोशिश होगी। सरकार भी इस मामले में गंभीर है। मुख्य वक्ता के तौर पर शहजादा अनवर ने कहा कि अंजुमन फरोग ए उर्दू इंकलाब ला रही है गांव गांवों जा रही है जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है जिसकी आज जरूरत। कार्यक्रम के अध्यक्ष इंजीनियर शाहनवाज खान ने कहा कि उर्दू के विकास का रास्ता खुलता ऐसे कार्यराम से।मुख्य आयोजक डॉ शाहनवाज खान ने सभी अतिथियों,अंजुमन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उर्दू ज्ञान प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप में प्रथम शफकत जहां जूनियर ग्रुप में मनतशा परवीन तथा उर्दू सुलेख प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप में प्रथम सफक फहीम तथा जूनियर ग्रुप में शारिका परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में अनवर हुसैन, केंद्रीय अध्यक्ष अंजुमन फरोग ए उर्दू मोहम्मद इकबाल, सचिव ग़ालिब नश्तर, कोषाध्यक्ष दानिश अयाज, शगुफ्ता बनो, सरफराज आलम, फखरे आलम, अब्दुल रशीद, रईस खान, जियाउल हक, अब्बास अली, मोहम्मद इस्लाम , फरीद अंसारी, कमालुद्दीन मुखिया, ज़ाकिर मुखिया उपस्थित थे।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/ पूर्व मध्य रेल / धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**क्र.सं. : 1,** ई–निविदा सं. : 288-DHN-2024-25 कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :व.मं.अभि. /1/धनबाद के क्षेत्राधिकार में सहा.मं.अभि./लातेहार के अधीन टोरी–शिवपुर सेक्शन में चौबीस महीनों की अवधि के लिए सीसीएल साइडिंग का ट्रैक संरक्षण एवं अन्य सहायक कार्य का अवशेष कार्य, 24 (चौबीस ) महीना । कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹4,79,94,158.80

**क्र.सं. : 2,** ई–निविदा सं. : 289-DHN-2024-25 कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं. अभि. / लातेहार के अधीन टोरी में वर्तमान गुड्स वार्फ को ब्लास्ट साइडिंग की तरह उपयोग करने के लिए क्षतिग्रस्त ट्रैक, लोडिंग पीएफ, एप्रोच रोड का मरम्मत एवं अन्य सहायक कार्य, 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में):₹59,99,881.05

**क्र.सं.:3,** ई–निविदा सं.: 290-DHN-2024-25 कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं.अभि. / डाल्टनगंज के अधीन डाल्टनगंज, बरवाडीह और गढ़वा रोड के नजदीक अनाधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए एवं अतिक्रमण से बचाने के लिए ट्रैक के बगल में चाहरदीवारी का निर्माण, 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): ₹3,07,72,070.95

**क्र.सं.:4** ई–निविदा सं. : 291-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं. अभि./लातेहार के अधीन टोरी – शिवपुर तीहरी लाइन के नई ट्रैक संपत्ति का संरक्षण एवं बचे हुए कार्य का निष्पादन, 24 (चौबीस) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): ₹3,73,58,231.78

**क्र.सं.:5,** ई–निविदा सं.:292-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं. अभि./डाल्टनगंज के अधीन बरवाडीह, डाल्टनगंज और गढ़वा रोड में ओआरएच के शौचालयों, छतों, सतहों, दिवारों एवं डी/डब्लयु का मरम्मत एवं नवीनीकरण, 06 (छः) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): ₹45,02,301.24

**क्र.सं.:6,** ई–निविदा सं. : 293-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं. अभि./ डाल्टनगंज के अधीन केचकी से हेहेगढ़ा तक स्ट्रक्चर रिसाव इत्यादि से जुड़े विवादों का निपटारा हेतू पुराने स्टाफ क्वार्टरों का विशेष मरम्मत एवं अन्य सहायक कार्य, 06 (छ: ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): ₹29,99,754.39

**क्र.सं.:7,** ई–निविदा सं.:294-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं. अभि./लातेहार के अधीन चेतर से कुमण्डी तक में स्ट्रक्चर रिसाव इत्यादि से जुड़े विवादों का निपटारा हेतू पुराने स्टाफ क्वार्टरों का विशेष मरम्मत एवं अन्य सहायक कार्य, 06 (छ: ) महीना कार्य की लगभग लागत (रू. में): ₹34,99,831.25

**क्र.सं. : 8,** ई–निविदा सं.:295-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.मं.अभि. / 1 /धनबाद के सेक्शन में गैंग शेडों का मरम्मत एवं नवीनीकरण, 06 (छ:) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): 14,99,781.29

**क्र.सं.:9,** ई–निविदा सं.:296-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.मं.अभि./1/ धनबाद के अधीन वरवाडीह और टोरी स्टेशन पर वर्तमान पुराने एफओबी में संक्षारित स्टील मेंबरों क्षतिग्रस्त डेक स्लैब को बदलना एवं सहायक कार्य 06 (छ:) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹45,00,576.87

**क्र.सं.:10,** ई–निविदा सं.:297-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.मं.अभि / सम./धनबाद मंडल के लिए रेलवे के मापदंड के अनुसार 50 एमएम आकार के 50,000 घनमीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति तथा उसे किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में एफओआर बिल्ली साइडिंग में लोडिंग, 08 (आठ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): ₹8,24,44,500/–

**क्र.सं.:11,** ई–निविदा सं.:298-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.मं.अभि / सम./धनबाद मंडल के लिए रेलवे के मापदंड के अनुसार 50 एमएम आकार के 1,10,000 घनमीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति तथा उसे किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में एफओआर पाकुर में लोडिंग, 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): 21,01,75,900/–

**क्र.सं.:12,** ई–निविदा सं.:299-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि: कटुआटिया –कटकमसांडी (KAUA-KKAS) के बीच आईबीपी का प्रावधान, 06 (छ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): ₹51,63,574.57

**क्र.सं.:13,** ई–निविदा सं. : 300-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : हजारीबाग टाउन में मनोरंजन कक्ष, भोजन कक्ष, फर्नीचर एवं अन्य सुविधाओं के साथ 20 बेडवाले आरपीएफ बैरक का प्रावधान, 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): ₹1,72,96,707.78

**क्र.सं.:14,** ई–निविदा सं. : 301-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:जीसी सेक्शन – घाट सेक्शन में कटिंग का सुधार और साइड नाली एवं कैच वॉटर नाली का निर्माण (किमी. 405/ 1–3 से किमी. 421/33–422/1 तक), 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹14,82,18,114.53

**क्र.सं.:15,** ई–निविदा सं. : 302-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं. अभि./गुझंडी के अधीन व. अनु.अभि. (कार्य) / गुझंडी के घाट सेक्शन में ट्रॉली कटानों का मरम्मत/अप – ग्रेडेशन/पुनर्निर्माण, 06 (छ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में): 50,40,513.75

ब्याने की राशि (रू.में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 24.01.2025 को 12 :00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 24.01.2025 को 12 :30 बजे से। वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/01806/डीएचएन/अभि./टी/24–25/140

# रामगढ पुलिस ने अवैध डोडा लदा ट्रक किया जप्त, लगभग 3 करोड़ का अवैध डोड़ा हुआ जप्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली की ट्रक संख्या-क्क23ञ्ञ-1707 में अवैध डोडा लोड है जो माण्डू थाना क्षेत्र स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप हेसागढ़ा के परिसर में खड़ा है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा फौजान अहमद, पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप हेसागढ़ा पहुँच कर छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें पेट्रोल पंप परिसर में ट्रक संख्या-क्क23ञ्ञ-1707 खड़ा पाया, ट्रक के पास जाने पर ट्रक का डाला तिरपाल से ढका हुआ एवं ट्रक के केबिन में कोई भी व्यक्ति नहीं पाया गया। पेट्रोल पंप के कर्मियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि समय करीब 07~30 बजे उक्त ट्रक को पेट्रोल पंप पर खड़ा कर ड्राइवर कहीं चला गया है, जिसकी जानकारी इन्हें नहीं है। ट्रक की जाँच करने पर ट्रक के डाला में सफेद रंग के कुछ प्लास्टिक के बोरा में मुढ़ी एवं कुछ प्लास्टिक के बोरा में डोडा और सोयाबीन बरी मिक्स कर भरा हुआ पाया। ट्रक के केबिन के बॉक्स से वाहन से संबंधित कागजात, चालक अनुज्ञपित की छाया प्रति, एक बिना सीम कार्ड का कीपैड मोबाईल एवं अन्य कागजात पाया। डोडा का अवैध परिवहन एवं व्यपार करने के आरोप में ट्रक, ट्रक से बरामद डोडा, मुढी, कागजात एवं अन्य सामग्री को विधिवत जप्त करते हुए ट्रक मालिक , चालक एवं संलिप्त अन्य अज्ञात के विरूद्ध माण्डू थाना काण्ड सं0-301/24, दिनांक 30.12.2024, धारा-15(ष्ट)/18(ड्ढ)/25/29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।बरामद सामानों की विवरणी 1. ट्रक संख्या-क्क23ञ्ञ-1707 । 2. अवैध सुखा डोडा एवं सोयाबिन का मिश्रण सभी बोरा सहित का कुल वजन 1926.528 कि0ग्रा0, मुढ़ी का कुल वजन बोरा सहित 611.22 कि0ग्रा0। वाहन से संबंधित दस्तावेज। कम्पनी का कीपैड मोबाईल।इस छापामारी दल में फौजान अहमद, पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान), पु0नि0 सुरेश लिंडा, पुलिस निरीक्षक माण्डू अंचल, पु0अ0नि0 रामप्रवेश पासवान, थाना प्रभारी, माण्डू थाना, पु0अ0नि0 दिगम्बर पाण्डेय, डी0सी0बी0 प्रभारी, पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रामगढ़, स0अ0नि0 दिलिप पासवान, माण्डू थाना एवं माण्डू थाना के सशस्त्र बल शामिल है।

## रामगढ़ के बुद्धिजीवियों ने जोया परवीन से किया मुलाकात

**रामगढ :** रामगढ़ जिला के अल्पसंख्यक बुद्धिजीवियों ने अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला कमिटी के अध्यक्ष ज़ोया परवीन का बुके भेंट कर स्वागत किया साथ ही बधाई भी दिए। जिसके बाद जिला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने चितरपुर कांग्रेस कार्यालय में बैठक कर पूरे जिले में अल्पसंख्यकों की मजबूती और उत्थान के लिए रामगढ़ अल्पसंख्यक संगठन को आगे और भी मजबूत बनाने को लेकर बल देते हुए कहा पूरे जिले में अल्पसंख्यकों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए सभी को लाभ दिलाने एवं नए लोगों को जोड़ने का कार्य करें और गरीब असहाय अल्पसंख्यक ही नहीं हर विंग के लोगों को मदद पहुंचाए ताकि अल्पसंख्यकों को मजबूत किया जा सके।

# मनुआ में औलिया मस्जिद की छत की ढलाई हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** मांडू प्रखंड अंतर्गत मनुआ में औलिया मस्जिद की छत की ढलाई सम्पन्न हो गया। ढलाई का काम शुरू होने से पहले फैजान ए औलिया कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। उसके बाद ढलाई का काम शुरू किया गया। जिसमें पहली कढ़ाई की बोली 71786 इस्लाम अंसारी (राजा), दूसरी कढ़ाई की बोली अताउल्ला अंसारी 51786, तीसरा कढ़ाई की बोली मोहम्मद इसहाक 11786 एवं चौथी कढ़ाई की बोली बावर्ची नसीमा 5786 की लगाई। जबकि मोहम्मद असलम 5100, जैनुल ठिकेदार 5100, इस्माइल इंजीनियर 5000, जावेद भाई 5786, शमशेर आलम रतवे 2500, ललन खान 1000, मौलाना अबू हुरैरा 1000, मोहम्मद अयूब 1000, कौशर अंसारी 1000, मुबारक हुसैन 1000 ने ढलाई में दिया। मौके पर फैजान ए औलिया कांफ्रेंस में पीरे तरीकत सैयद अलकमा स. हजरत मौलाना हबीब आलम, मौलाना कलीम, मुफ्ती इजहार, मौलाना अबू हुरैरा, मौलाना शाबीर, मौलाना रियाज मिस्बाही, कारी मुबारक, कारी सरफराज, कारी गुलाम हैदर, कारी तनवीर आलम, इम्तियाज अम्बर, खालिद अम्बर, कारी शमीम, कारी मुबारक, कारी हसन, कारी रिजवान, मोहम्मद इस्लाम, अब्दुल रसीद, रफीक आलम, इस्माइल इंजीनियर, जावेद, अताउल्ला अंसारी, मोहम्मद हलिम, बबलू, बबन, शमीम, अल्ताफ रजा, इस्राफील अंसारी, इसहाक अंसारी, इम्तियाज, शमशेर आलम, महमूद आलम (सदर) मोहम्मद अयूब, मेराज अंसारी, रकीब अंसारी आदि उपस्थित थे।

## कोयलांचल और गिद्दी थाना क्षेत्र के लिये वर्ष 2024 दुर्घटना और संघर्ष के साथ साथ आपराधिक घटनाओ के लिये किया जायेगा याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**गिद्दी :** कोयलांचल और गिद्दी क्षेत्र तथा आपराधिक घटनाओं के लिए वर्ष 2024 याद रखा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो में कोई प्रगति देखी नहीं गई। जबकि डीएमएफटी फंड से डाड़ी प्रखंड में विकास के कई कार्य चल रहे हैं. अनियमितता के भी आरोप लगे हैं. जन मुद्दों को लेकर क्षेत्र में कोई बड़ा और व्यापक आंदोलन नहीं किया गया।गिद्दी परियोजना के मजदूर इस वर्ष भी पानी व बिजली की समस्या से परेशान रहे. गिद्दी थाना क्षेत्र में कई घटनाएं घटी. जनवरी माह में गिद्दी की सेवानिवृत महिला सीसीएलकर्मी शिरोमनी देवी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी थी. मार्च माह में गिद्दी बस्ती में महिला रीना देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी. अप्रैल माह में बुंडू गांव के सुकर उरांव की हत्या कर दी गयी थी.गिद्दी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही हत्यारा तालो मांझी को बुंडू गांव से गिरफ्तार कर जेल भेजा था. मई माह में कनकी गांव में वज्रपात से 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी थी। वहीं कंजगी गांव में गिरि गोप का शव पुलिस ने बरामद किया था। जबकि खपिया मे पारसनाथ महतो नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।जून माह में गिद्दी सी ट्रेकर स्टैंड के नजदीक अपने घर में 16 वर्षीय अनुज कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। रिकवा में मरम्मत के दौरान कुंआ धंसने से महिला द्रोपदी देवी की मौत हुई थी. अरगड्डा चेकपोस्ट के नजदीक सड़क दुर्घटना में हेसला के युवक अर्जुन मुंडा व अरगड्डा के मुरारी ठाकुर की मौत हुई थी. जुलाई माह में खपिया गांव के जंगल में रमेश करमाली का शव पुलिस ने बरामद किया था. सितंबर माह में सड़क दुर्घटना में घायल गिद्दी सी के सीसीएलकर्मी गिद्दी निवासी मो. इमरान खान का निधन इलाज के दौरान रांची में हो गया था. फुलसराय गावं में 50 वर्षीय महिला अंजू देवी का शव पुलिस ने बरामद किया था. उसकी हत्या प्रेमी ने गला दबाकर की थी. गिद्दी पुलिस ने उसके प्रेमी महेंद्र महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कहुआबेड़ा में दामोदर नद में नहाने के दौरान एक ही परिवार की तीन बच्चियां सिमरन, संध्या, छाया कुमारी की मौत डूबने से हो गयी थी.नवंबर माह में छठ घाट में नहाने के दौरान गिद्दी के आशुतोष, आयुष राय की मौत डूबने से हो गयी थी ।

## गिद्दी सी परियोजना ईएंडएम विभाग के अभियंता एस जी आलम हुये सेवानिवृत, दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** गिद्दी सी कोलियरी विद्युत एंड यांत्रिक विभाग के अभियंता एस जी आलम अपने पद से मंगलवार को सेवानिवृत हो गए।एस जी आलम, अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक विभाग गिद्दी सी के सेवानिवृत होने पर गिद्दी सी ई एंड एम विभाग के कर्मियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।। समारोह में परियोजना पधाधिकारी जितेन्द्र कुमार, उत्खनन अभियंता दिनेश मालाकार, राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव, जन्मेजय सिंह, रमेश राजभर, लायक अली, मुनाजिर हुसैन, जाकिर हुसैन, प्रकाश राम, ब्रह्मदेव सिंह, चंदन कुमार, पंकज, रवि कुमार,विनोद, योगेंद्र पासवान, मुजाहिद हुसैन,लक्ष्मीकांत मुखर्जी, दिलीप बसई, मुकेश महतो, एवं सभी विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के सभी कर्मी उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए पीओ श्री सिंह ने कहा कि एस जी आलम अपने काम के प्रति ईमानदार व मेहनती थे। सभी उनका आदर करते थे।उन्होंने श्री आलम को अपने दूसरी पारी पर शुभकामनायें दी। यूनियन नेता जन्मजय सिंह ने कहा कि सेवानिवृति एक चक्र है। और नियमानुसार अपनी सर्विस के बाद आदमी को अपने काम से सेवानिवृत होना ही पड़ता है। श्री सिंह ने कहा कि अभियंता श्री आलम को शुभकामनायें देते हुए उनके 36 वर्ष के कार्यकाल को बखूबी निभाया। और आगे भी वे कही भी रहे कुछ भी करें परन्तु अपने आपको व्यस्त रखें।यहीं उनके प्रति मेरी कामना है।

## इंटक कांग्रेस के द्वारा किया गया पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** एस0 आर0 यू इफिको प्लांट के कैंटीन सभागार में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का श्रद्धांजलि अर्पित का आयोजन इंटक कांग्रेस के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक विधायक ममता देवी उपस्थित हुई! शोक व्यक्त करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि डां0 मनमोहन सिंह भारत गणराज्य के 13 वें प्रधानमन्त्री थे।साथ ही साथ वे एक अर्थशास्त्री भी थे। लोकसभा चुनाव 2009 में मिली जीत के बाद वे जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमन्त्री बने, जिनको पाँच वर्षों का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एकअर्थशास्त्री थें जिन्होंने भारत के प्रधान मंत्री के रूप में दो कार्यकालों को अपनी सेवाएं दीं। उनसे पहले केवल जवाहर लाल नेहरू ही थे, जो दो बार लगातार पीएम रहे सन 1991 में देश की अर्थव्यवस्था को फिर से विकसित करने के लिए संरचनात्मक सुधारों की रूपरेखा तैयार करके देश को पूर्ण आर्थिक संकट के कगार से बचाने का श्रेय दिया जाता है! श्रद्धांजलि एवं शोक सभा कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरीष्ठ नेता खोगेंद्र साव, के 0डी मिश्रा, सी पी संतन, डि 0एन गिरी, आनंद प्रताप सिंह, सुरेश यादव, रामलाल, संतोष सिंह, नंदकिशोर बेदीया, गुप्तेश्वर मिश्र, मुन्ना सिन्हा, दीपक मिश्रा, राजू वर्मा, मुन्ना सिंहा सहित सैकड़ों मजदूर श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहे।

*शहीद जीतराम बेदिया का 222 वी जयंती सह स्थापन दिवस धूमधाम से मनाया गया*

## शहीद जीतराम बेदिया के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है : संजीव बेदिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** ग्रामीण जागरूकता मंच जरजरा के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी सह अमर शहीद जीतराम बेदिया का 222 वा जंयती सह स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया एवं विशिष्ट अतिथि एटक नेता विध्यांचल बेदिया शामिल हुए। वहीं इस कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों अतिथियों ने फिता काटकर किया। वहीं साथ ही सभी ने संयुक्त रूप से स्मारक स्थल पर पूजा अर्चना के पश्चात पुरे विधि विधान से सरना झंडा स्थापित किया गया। एवं सभी लोगों द्वारा शहीद जीतराम बेदिया के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। वहीं झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया के शहादत व उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेन्द्र बेदिया, देवेन्द्र बेदिया, रामबृक्ष बेदिया, जितेन्द्र बेदिया, कुलदीप बेदिया, ओमप्रकाश बेदिया,मनित बेदिया, पिंटू बेदिया, राजकुमार बेदिया, जगमोहन बेदिया, संजीत बेदिया, सत्यनारायण बेदिया,लक्ष्मण बेदिया, सुभाष बेदिया,लखन चौधरी, निखिल चौधरी, जगन्नाथ बेदिया, गणेश्वर बेदिया,हरिनाथ बेदिया, शिवकुमार बेदिया, गोपाल बेदिया, फुलचंद बेदिया, राजेश बेदिया,पंसस किशोर बेदिया, सुजीत बेदिया, संतोष बेदिया, शिवशंकर बेदिया, अनिल बेदिया, जितेन्द्र बेदिया आदि लोग मौजूद थे।

## नये साल में विधायक रोशन लाल चौधरी कई योजनाओं का रखेंगे आधारशिला : महेंद्र महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी 2025 की शुरुआत मेंजिला प्रशासन कई योजनाओं को धरातल पर उतरने जा रही है पतरातू प्रखंड के जिन पंचायत में यह योजना स्वीकृत हुई है उसमें तलाटांड में 2 करोड़ 54 लाख रुपया की लागत से चार योजनाएं,पालू में 2 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से चार योजनाएं,बुध बाजार रिवरसाइड में 2 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाएं,सांकूल में 63 लाख रुपए की लागत से दो योजना, हफुवा में एक करोड़ 47 लख रुपए की लागत से दो योजना,बारीडीह पंचायत में एक करोड़ 84 लाख की लागत से दो योजना,भुरकुंडा छठ घाट पर हाई मास्ट लाईट,भुरकुंडा जनता टॉकीज के पास हाई मास्ट लाईट,सौंदाबस्ती हाई मास्ट लाईट, सांकी के अरमादाग में हाई मास्ट लाईट,चैनगढा के मुख्य चौक पर हाई मास्ट,लपंगा कॉलोनी हाई मास्ट लाइट,सयाल मोड़ के फुटबॉल मैदान के पास हाई मास्ट लाईट,देवरिया में ?12 लाख का पीसीसी। कंडेर सिद्धवारकला में 49 लाख रुपया की पीसीसी,देवरिया में 60 लाख का पीसीसी,सौंदाबस्ती में 74 लाख रुपया का पीसीसी,लपंगा में 29 लाख रुपया का पीसीसी,चोरधारा में 46 लाख रुपया का पीसीसी,जवहारनगर में 41 लाख रुपया का पीसीसी, हरिहपुर में 28 लाख रुपया का पीसीसी, सौंदाबस्ति में 33 लाख रुपया का पीसीसी, पीरी में 31 लाख रुपया का पीसीसी, चिकोर में 37 लाख का

## उरीमारी परियोजना के लोकल सेल संचालन समिति कि हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के कांटा घर लेबर शेड प्रांगण मे मंगलवार को विस्थापित संघर्ष मोर्चा कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता वरीय उपाध्यक्ष सह लोकल सेल संचालन समिति सदस्य सीताराम किस्कू ने कि। वहीं इस बैठक का संचालन विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा ने किया। वहीं इस बैठक मे मुख्य रूप से आरसीएमयू बरका सयाल के क्षेत्रीय सचिव सह लोकल सेल संचालन समिति उरीमारी परियोजना के अध्यक्ष राजू यादव उपस्थित हुए। वहीं इस बैठक मे सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि उरीमारी परियोजना मे प्रतिदिन 100 गाड़ी लोकल सेल मे एलोटमेंट देने कि मांग सीसीएल प्रबंधन से किया जाएगा। और साथ ही इस गाड़ी में लोडिंग के लिये प्रयाप्त कोयला मुहैय्या कराने कि मांग किया जाएगा। वहीं सीसीएल प्रबंधन अगर विस्थापित संघर्ष मोर्चा समिति कि माओग पर आना-कानी करती है और प्रयाप्त कोयला नहीं देती है तो संघर्ष समिति उरीमारी कोयला डिस्पैच को बंद करेगी। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन कि होगी। वहीं इस बैठक मे बिसमो अध्यक्ष सह लोकल सेल संचालन समिति सचिव पोटंगा मुखिया चरका करमाली, विस्थापित नेता बिश्वनाथ मांझी, दसाराम हेमब्रोम, सिगू हेमब्रोम , तालो बेसरा,राजेंद्र किस्कू, महेश करमाली, बिरजू सोरेन, सरोज मुर्मू, बसदेव सोरेन, राकेश बेसरा, जतरू बेसरा, सुखदेव सोरेन, फूलमती किस्कू, फूलमुनी देवी, शांति देवी, सूरजमुनी देवी, सुशीला देवी, रतन पावरिया, चंदु जायसवाल, बिनोद प्रजापति, कुला प्रजापति, सिबू ठाकुर, द्वारिका ठाकुर, जगमोहन बेदिया, सिबा उरांव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## शिशु विद्या मंदिर स्कूल टिपला ने अपना 35 वा वार्षिक वर्षगांठ धुमधाम से मनाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल दक्षिणी पंचायत के टिपला सयाल स्थित शिशु विद्या मंदिर विधालय ने अपना 35 वा वार्षिक वर्षगांठ हर्षोल्लास एवं धुमधाम से मनाया गया। वहीं विधालय के वार्षिक वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। वहीं विधालय में आयोजित कार्यक्रम का विधायक रौशनलाल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किये। वहीं विधालय के होनहार छात्र छात्राओं ने अतिथियों के बीच रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसे देख सभी अतिथियों पर परिजनों ने सराहा। वहीं विधालय के वर्षगांठ पर विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा कि 35 वर्ष का सफर तय करना इतना आसान नहीं होता है। इन 35 वर्षो के बीच एक एक बच्चे के भविष्य को संवारना और उन्हें सफल बनाकर देश के हर कोने में सफलता दिलाना एक विधालय कि सोच होती है। और शिक्षक उनके मार्गदर्शक होते हैं। वहीं इस मौके पर सतीश मोहन मिश्रा, राजाराम प्रजापति,योगेश दांगी, मुखिया जगदीश साव, नितेश कुमार,राम इकबाल साव, राजू प्रजापति, स्कूल के संस्थापक विमल कुमार यादव,कुंदन कुमार आदि शिक्षक एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में शिक्षक-अभिभावक सभा का आयोजन




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा डीएवी स्कूल के प्रांगण में बाल वाटिका से लेकर नौवीं और ग्यारवीं के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बच्चों के सर्वांगीण विकास, एक अच्छे नागरिक बनने और परीक्षा परिणाम कैसे अच्छे हों इस विषय पर एक सभा आयोजित की गई। सर्वप्रथम विद्यालय के शिक्षकों और उपस्थित अभिभावकों ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं ईश प्रार्थना किया। संगीत शिक्षक अभिषेक पाठक ने अभिभावकों के स्वागत में गीत गाया। प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने आगंतुक अभिभावकों का स्वागत करते हुए यह कहा कि आपके बच्चे पढ़ लिख कर एक अच्छे इंसान बने उनका सर्वांगीण विकास हो इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। संगीत शिक्षिका श्रुति पाठक और शिक्षक अभिषेक पाठक ने माता-पिता पर आधारित एक सुंदर गीत गाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। डीएवी गान और सामाजिक विज्ञान के शिक्षक विनोद कुमार तिवारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा का समापन हुआ।

## शाहिद कमर और शाहिदा कमर ने बांटे कंबल




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को सिल्वर डब स्कूल के प्रांगण में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन आजाद नगर वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक सह अध्यक्ष शाहिद कमर एवं संस्था के सेक्रेटरी शाहिदा कमर के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मो अफजल आलम, विशिष्ट अतिथि डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर मो नौशाद आलम उपस्थित थे। सर्व प्रथम शाहिद कमर और शाहिदा कमर के द्वारा अतिथिगण को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात सभी ने मिल कर गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के मो ताजुद्दीन, कैशियर मो इम्तियाज अहमद नजमी, मो नियाज आरफीन, मुन्ना खान, मो इफ्तिखार अहमद, गुड्डू, रोशन जमीर, औरंगज़ेब, मो जसीम समेत संस्था के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद थे। मौके पर शाहिद कमर और शाहिदा कमर ने कहा कि उनकी संस्था समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य करता रहेगा।

## वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन एवं असर्फी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अतिक्रमित उच्च विद्यालय बरारी के प्रांगण में वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन एवं असर्फी अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 150 मरीजों की जांच हुई। जांच के दौरान ब्लड प्रेशर, सुगर, मोतियाबिंद जैसी बीमारियों की भी जांच की गई। डॉक्टर जफर अंसारी ने लगभग 20 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन का सुझाव दिया। सभी लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन असर्फी अस्पताल में किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन स्कूल की अध्यक्ष शबनम परवीन ने किया। वही मुख्य अतिथि के रूप में वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष शमीम शाह ने इस कार्यक्रम की सराहना की।असर्फी हॉस्पिटल के मार्केटिंग इंचार्ज शेख राहूफ ने कहा की असर्फी हॉस्पिटल द्वारा लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोगों को लाभ मिल सके। मौके पर शहजादी खातून, शहाबुद्दीन, प्रवीण सिंह, फैयाज अंसारी, इम्तियाज अंसारी, नूरेसा खातून, शकीला खातून, नौशाद आलम, सोहेल आलम, शहाबुद्दीन अंसारी, अजमेरी बानो, गीता देवी, रेहाना खातून सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## मेरी सांसे मेरा हक प्रदूषण विरोधी नारों से गूंजा झरिया




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रीन लाइफ झरिया एवं यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ मंगलवार को साल के अंतिम दिन पर्यावरण जागरूकता मार्च का आयोजन किया गया। जागरूकता झरिया 4 नंबर टैक्सी स्टैण्ड से निकल कर बाटा मोड़ तक गया। लोग हाथ में बैनर एवं तख्तियां ले कर चल रहे थे जिस पर मेरी सांसे मेरा हक, साफ हवा मेरा अधिकार, झरिया में प्रदूषण बंद करो, यह कैसी स्वच्छता अभियान गंदी हवा, झूठा अभिमान, पेड़ तेजी से कट रहे हैं इंसान के आयु घट रहे हैं, सब रोगों की एक दवा पर्यावरण की स्वच्छ हवा जैसे स्लोगन लिखे हुए थे। साथ में छोटे बच्चे भी थे जो मुझे जीने का अधिकार दो, झरिया में प्रदूषण बंद करो, सांसे हो रही है कम, आओ प्रदूषण रोके हम जैसे नारे लगा रहे थे। वायु प्रदूषण विरोधी नारों से झरिया में रोड गूंज उठा। यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि प्रदूषण के कारण झरिया के लोगों की आयु तेजी से घट रही है। स्थिति ऐसी है कि अब बच्चे भी जिंदगी की भीख मांग रहे हैं। पर्यावरण जागरूकता मार्च में कोयलांचल नागरिक मंच के राजकुमार अग्रवाल, ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

# असर्फी हॉस्पिटल ने डीवीसी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एमओयू पर किये हस्ताक्षर

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से दमोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ दो प्रमुख एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। ये एमओयू 1 जनवरी 2025 से लागू होंगे और कर्मचारियों, उनके आश्रितों और पेंशनभोगियों के स्वास्थ्य से संबंधित होंगे। इसके तहत कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिसमें मेडिकल जांच, इलाज और अन्य आवश्यक सेवाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, असर्फी हॉस्पिटल और डीवीसी ने एक तीसरे एमओयू पर भी बातचीत शुरू की है, जो वार्षिक स्वास्थ्य जांच से संबंधित है। यह एमओयू जल्द ही हस्ताक्षरित किया जाएगा, जिससे डीवीसी के कर्मचारियों और उनके परिवारों को नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्राप्त होगी। असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेन्द्र सिंह ने कहा कि हमें डीवीसी के कर्मचारियों, उनके आश्रितों और पेंशन भोगियों के लिए यह सुविधा प्रदान करते हुए बेहद खुशी हो रही है। ये एमओयू डीवीसी के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

# डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में दूसरे चरण का दाखिला संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता




**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में दूसरे चरण के दाखिले में 100 बच्चों का दाखिला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में प्राचार्या महुआ सिंह ने बाल वाटिका के बच्चों को उपहार भेंट कर बच्चों को खुशनुमा माहौल प्रदान करते हुए वात्सल्य प्रेम दिखाते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों को स्कूल में हुए नए सकारात्मक परिवर्तनों एवं पहलुओं से रुबरू करवाया। शिक्षा के साथ साथ नवीन तकनीकि की सुविधाओं, खेल के आधुनिक उपकरणों का प्रयोग बच्चें कर पाएंगे यह बताते हुए प्राचार्या ने अभिभावकों को बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षक मेहनती होने के साथ - साथ कर्तव्य परायण हैं जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने में प्रतिबद्ध हैं। अभिभावकों की पहली पसन्द यह विद्यालय बन पाएं इस दिशा में निरंतर यहां के कर्मचारी प्रयासरत हैं।

## समाहरणालय, लातेहार (भू-अर्जन शाखा)
### समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना

(देखें नियम 6 का उप–नियम(1))

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक– 07.06.2024 के द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक हेतु ग्राम–डडैया चादर–I में भूमि का रकबा–**215.44** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :– राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक मौजा– डडैया अंचल–चन्दवा जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :– डडैया चादर–I थाना नं0–247 राजस्व, थाना–चन्दवा पुलिस स्टेशन–चन्दवा, जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 306 | डडैया चादर–I | 56 | 419 | धान दो | 0.86 | 0.86 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– फनेश्वर यादव दक्षिण– निज |
| 307 | डडैया चादर–I | 56 | 425 | धान एक | 0.08 | 0.08 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– मोटिआर दक्षिण– निज |
| 308 | डडैया चादर–I | 56 | 426 | धान दो | 0.14 | 0.14 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– निज दक्षिण– निज मोहित यादव |
| 309 | डडैया चादर–I | 56 | 427 | धान दो | 0.12 | 0.12 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– फुनेश्वर यादव दक्षिण– मोहित यादव |
| 310 | डडैया चादर–I | 56 | 431 | टाङ दो | 0.11 | 0.11 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 311 | डडैया चादर–I | 56 | 465 | टाङ दो | 0.38 | 0.38 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– तपेश्वर यादव |
| 312 | डडैया चादर–I | 56 | 466 (P) | टाङ दो | 0.24 | 0.24 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– फुलेश्वर यादव दक्षिण– मोहित यादव |
| 313 | डडैया चादर–I | 56 | 469 | टाङ दो | 0.22 | 0.22 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– तपेश्वर यादव दक्षिण– रामचरण |
| 314 | डडैया चादर–I | 56 | 499 | टाङ दो | 0.26 | 0.26 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– निज दक्षिण– फुलेश्वर यादव |
| 315 | डडैया चादर–I | 56 | 500 | टाङ दो | 0.55 | 0.55 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– तपेश्वर यादव दक्षिण– निज |
| 316 | डडैया चादर–I | 56 | 501 | टाङ दो | 0.20 | 0.20 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– फुलेश्वर यादव दक्षिण– निज |
| 317 | डडैया चादर–I | 56 | 546 | धान दो | 0.12 | 0.12 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– मंगल उराँव दक्षिण– बाबूलाल गंझू |
| 318 | डडैया चादर–I | 56 | 548 | गढ़ा | 0.04 | 0.04 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– बाबुलाल गंझु दक्षिण– तपेश्वर यादव |
| 319 | डडैया चादर–I | 56 | 549 | टांड दो नई परती | 0.13 | 0.13 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– फुलेश्वर यादव दक्षिण– फलदेव यादव |
| 320 | डडैया चादर–I | 56 | 564 | धान दो | 0.17 | 0.17 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– तपेश्वर यादव दक्षिण– समसान |
| 321 | डडैया चादर–I | 56 | 565 | धान दो | 0.15 | 0.15 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– मोहित यादव दक्षिण– फुनेश्वर यादव |
| 322 | डडैया चादर–I | 56 | 566 (P) | धान दो | 0.08 | 0.08 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– निज दक्षिण– गढ़ा |
| 323 | डडैया चादर–I | 56 | 571 | धान दो | 0.17 | 0.17 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– मंगल उरांव दक्षिण– बाबुलाल गंझू |
| 324 | डडैया चादर–I | 56 | 576 | धान दो | 0.28 | 0.28 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– मंगल उरांव दक्षिण– बाबुलाल गंझु |
| 325 | डडैया चादर–I | 56 | 577 | धान दो | 0.29 | 0.29 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– लालजीत उरांव दक्षिण– मोहित यादव |
| 326 | डडैया चादर–I | 56 | 621 | धान दो | 0.65 | 0.65 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– निज दक्षिण– पुरानी परती |
| 327 | डडैया चादर–I | 56 | 673 | टाङ दो | 0.27 | 0.27 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– मारवाड़ी उराँव दक्षिण– आनन्द गंझूनी |
| 328 | डडैया चादर–I | 56 | 681 | टाङ दो | 0.14 | 0.14 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– तपेश्वर यादव दक्षिण– आनंद गंझीन |
| 329 | डडैया चादर–I | 56 | 686 | टांड एक | 0.08 | 0.08 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– दक्षिण– |
| 330 | डडैया चादर–I | 56 | 746 | धान एक | 0.33 | 0.33 | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | मोहित महतो वो तपेशर महतो वो फुनेशर महतो, पिता–झुमन महतो दो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व पारवती देवी, पति–चरकू यादव दो अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व वारी देवी, पति–पाचु महतो एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– निज दक्षिण– मंगल उरांव |

PR 343250 Land Reforms (24-25)_D

ह0/– उपायुक्त, लातेहार

# अंग्रेजी नव वर्ष को लेकर लोगो में खासा उत्साह, प्राकृतिक सुंदरता खींच रही है लोगों को अपनी ओर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले नए साल को लेकर मंगलवार को शहरी क्षेत्रों में काफी भीड़ देखी गई।लोग नए साल को लेकर तरह तरह के समान खरीदते नजर आए। 2024 के अंतिम दिन और नए साल की शुरुआती समय और मौसम के बदलते ही लोहरदगा के लोग पर्यटन स्थल की ओर रुख करने लगे, लेकिन खराब सड़क के कारण लोग पर्यटन स्थल तक काफी कम पहुंच रहे है। किसी क्षेत्र का विकास का पैमाना उस क्षेत्र के सड़क से की जाती हैं लेकिन सड़क ही खराब हो तो उस क्षेत्र का विकास का अंदाजा आप लगा सकते है। पर्यटन स्थल होने के बावजूद 15 सालो से एक अच्छी सड़क का निर्माण नही हो पाया है, जिससे सेन्हा प्रखंड में स्थित धरधरिया जलप्रपात के विकास और पर्यटको में लगातार गिरावट देखी जा



रही है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण आज विकास की कई योजनाओं से वंचित है पूरा क्षेत्र सेन्हा प्रखण्ड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चटकपुर गांव में स्थित धरधरिया जलप्रपात का दृश्य मन को प्रफुल्लित करता है। पर्यटक सेन्हा के धरघरिया जलप्रपात में नए साल के मौके पर प्रकृति की गोद में उत्सव मनाने पहुंचते हैं। यहां ऊंचाई से गिरता पानी और पहाड़ की सुंदरता मन को आदित करती है। वहीं नव वर्ष मौके पर बहुत और पर्यटन के अद्भुत दृश्य को लोग अपने कैमरे में कैद करते है,वही पिकनिक को लेकर धरघरिया को पर्यटकों का इंतजार रहता है। पर्यटक भी धरधरिया के दीदार को बेताब रहते लेकिन खराब सड़क के कारण कम लोग ही पर्यटन स्थल की रुख करते पाते है।लेकिन यहां की सड़के से निराश होते है यहां नजारा अपने आप में बहुत है जो एक बार यहां आ जाए,यहां की तस्वीरों को अपने कैमरे किए बिना नहीं रह पाता यहां लोग आपको जलप्रपात का सेल्फी लेते दिख जायेंगे। जलप्रपात में वातावरण की सुंदरता की चहचहाहट और प्रकृति जैसे यहां गहना पहन रखा है खूबसूरती का लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत धरधरिया जलप्रपात,चूल्हा पानी की यही खासियत है लेकिन जिला प्रशासन की उदानसीनता के कारण कई साल बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण नही हो रही है जिससे ग्रामीण भी परेशान नजर आते है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र हम सभी ने यह नाम पहले जरूर सुना होगा, पर शायद उस समय इस नाम से खौफ का अहसास होता था।लेकिन अब जिले से जब से उग्रवाद कम हुई है तस्वीरे बदलने लगी है और लोग जलप्रपात का दीदार करने दूर दूर से पहुंच रहे है।लोहरदगा जिला मुख्यालय से 24 किलोमीटर दूर स्थित यह पर्यटन स्थल आज फिर से गुलजार हो चुका है। क्षेत्र की रौनक लौट आई है। पर्यटकों का यहां आना-जाना भी बढ़ा है। जिला प्रशासन क्षेत्र को पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से देख रही है लेकिन बिना सड़क निर्माण का यह सपना अधूरा ही रह जायेगा। यहां की सुंदरता अपने आप में अद्भुत है और यह झरना पूरे तरह से खड़े चट्टान से गिरती है जो और झरनों से इसे अलग पहचान दिलाती है। जो भी पर्यटक यहां पर एक बार आता है, वह कहे बिना नहीं रह सकता कि हमने लाख जहां देखे हैं, पर ऐसा नहीं देखा। निश्चित रूप से धरधरिया जलप्रपात अपने आप में अद्भुत और दिल को सुकून देने वाला रमणीक पर्यटन स्थल है धरधरिया जलप्रपात में विकास के कार्य हो रहे हैं लेकिन सुविधाओ का घोर अभाव है वाटरफॉल तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क ही नहीं है।अरू चौक से लेकर तोराड़ चौकनी और धरधरिया वाटरफॉल तक सड़क की स्थिति काफी खराब है जिसमे लोगो को 2 घंटे का समय लग जाता हैं जिसके कारण पर्यटक बहुत कम इस वाटरफॉल में नजर आते है। पिछले 15 सालो से सड़क का न तो निर्माण हुआ है और न ही मरम्मत जिसके कारण लोगो को मुख्यालय तक आने में भी समस्या का सामना करना पड़ता है। जलप्रपात के सटे गांव के ग्रामीण बताते हैं गांव और मुख्यालय तक जाने के लिए कोई खास सड़क है नही नदी में पुल नही और सड़क का निर्माण ही नहीं हो रहा है जिससे ग्रामीण को मुख्यालय तक जाने में समस्या उत्पन्न होती है। खराब सड़क के कारण पर्यटक भी जलप्रपात में कभी कभार आते हैं जिला प्रशासन भी इसपर ध्यान नहीं दे रही है जिसके कारण सड़क निर्माण नहीं हो पा रही है।जिसे लोगो में काफी उदासीनता देखने को मिलती है।

## कैरो प्रखंड क्षेत्र में बढ़ी ठंड व कनकनी, वृद्ध व बच्चों को ठंड से बचने की है आवश्कता : डॉ. राकेश कुमार



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत इन दिनो बढ़ती ठंड से आम जनजीवन बेहाल है। 31 दिसंबर मंगलवार को लगभग 09 बजे लोगों धुप दिखाई दिया। प्रातः होते ही आसमान पर कोहरा छाये हुए हैं 31 दिसंबर को प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण पहाड़ी, नदी व वन क्षेत्र के इलाक़ों में न्युनतम 07 डिग्री से भी कम तापमान पाया गया। बढ़ते ठंड के कारण लोगो को सुबह शाम घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, वही ठंड के कारण सर्दी, जुकाम, बुख़ार, खाँसी जैसी बिमारियों का लोगो पर प्रभाव देखा जा रहा है। बढ़ते ठंड को लेकर कैरो प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राकेश कुमार ने बताया कि बृद्ध व बच्चों को एसी ठंड से बचने की है आवश्यकता खासकर वैसे व्यक्ति जो बीपी,सुगर बिमारियों से ग्रसित हैं उन्हे हर हाल में ठंड से है बचने की आवश्कता लोग गर्म पानी का सेवन करें एवं गर्म कपड़े से शरीर को ढँक रखने की चिकित्सक ने लोगों को दी है परामर्श।

## पांच राज्यों के कांग्रेस संसदीय दल, सीपीपी के राज्य कमेटी के संयोजक बने सांसद सुखदेव भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को पांच राज्य झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, उड़ीसा और बंगाल का कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी )का राज्य कमेटी केसंयोजक बनाया गया है यह जानकारी डॉक्टर अमर सिंह कांग्रेस संसदीय दल के सचिव ने पत्र के माध्यम से दिए। इसी प्रकार एंटोएंटनी को दो, जोधीमणी को दो, जीसी चंद्रशेखर को एक, डॉक्टर मल्लू रवि एक, परिणीति शिंदे दो, विजेंद्र ओला को दो, वरुण चौधरी को एक, गुरजीत सिंह को तीन, इमरान मसूद को दो और रकीबुल हुसैन को चार राज्यों का संयोजक बनाया गया है। संसद सत्र में सुखदेव भगत के बेहतर कार्यों को देखते हुए सिर्फ सुखदेव भगत को पांच राज्यों का संयोजक बनाया गया है। सांसद सुखदेव भगत पांच राज्यों के सांसदों के साथ समन्वय स्थापित कर इन राज्यों में सांसदों के माध्यम से संगठन की मजबूती प्रदान करने, कांग्रेस संसदीय दल के कार्यों को बेहतर ढंग से चलाने एवं संसद में सांसद संसदीय कार्य प्रणाली के अनुसार कार्य करे उसके लिए प्रेरित करेंगे।

## ज्ञानदीप कोचिंग के बच्चो और शिक्षकों ने रुका और जोन्हा फॉल का किया शैक्षणिक भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र टाटी स्थित ज्ञानदीप कोचिंग के बच्चों एवं शिक्षकों ने मंगलवार 31 दिसंबर को वर्ष 2024 के आखिरी समय को यादगार बनाने के लिए रांची के सबसे खूबसूरत और प्रसिद्ध रुका डैम झरनों में से एक जोन्हा फॉल पहुंचकर वहां के खुबसूरत वादियों का लुत्फ उठाया। साथ ही विभिन्न तरह के व्यंजन बनाकर पिकनिक मनाया। इस अवसर पर ज्ञानदीप कोचिंग के डायरेक्टर गजेंद्र साहू ने कहा की कोचिंग के बच्चे दिसंबर माह शुरू होते ही पिकनिक मनाने की योजना बनाई थी इस पिकनिक में बच्चों ने खूब आनंद लिया। बच्चों ने विभिन्न तरह के व्यंजन बनाकर पिकनिक मनाया। साथ ही कहा कि पढ़ाई के दौरान पिकनिक का एक अलग आनंद रहता है। यह पल वापस जिंदगी में कभी लौटकर नहीं आता है। मौके पर कोचिंग के डायरेक्टर गजेंद्र साहू और लोहरदगा जिला के ताइक्वांडो प्रशिक्षक अरविंद यादव के साथ अन्य लोग शामिल हुए।

## प्रवीण सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत कर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वाधान में प्रथम लोहरदगा जिला ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय लोहरदगा के इंडोर बैडमिंटन हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि प्रवीण सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस टूर्नामेंट भाग लिया है ।लगन और लगातार अभ्यास से ही अपने मंजिल को पाया जा सकता है ।मेरा विश्वास है कि आप सब में ऐसी क्षमता है कि आप निश्चित ही लक्ष्य को प्राप्त करेंगे बस केवल स्वयं को निखारने की आवश्यकता है।लोहरदगा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद ने बताया कि इस टूर्नामेंट में लोहरदगा, रांची ,गुमला तथा लातेहार जिला के अंडर 11, अंडर 15, अंडर 19 तथा सीनियर ग्रुप के खिलाड़ीयों ने भाग लिया।



उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन भविष्य में और भी टूर्नामेंट का आयोजन करता रहेगा। उन्होंने सभी सफल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। खिताबी मुकाबलों में अंडर 11 बॉयज सिंगल में कुलदीप कुमार ने साद खान को हराकर फाइनल खिताब हासिल किया। अंडर 11 के ही बॉयज डबल में साद तथा आयु की जोड़ी विनर हुई जबकि वंश तथा निशांत की जोड़ी रनर हुई। सीनियर डबल में राहुल तथा गोल्डी की जोड़ी विनर हुए जबकि वाहिद एवं श्री राम की जोड़ी रनर हुई। अंडर 15 बॉयज सिंगल में आयुष कुमार ने मुजाहिद खान को हराकर खिताब हासिल किया ।अंडर 15 बॉयज डबल में संस्कार तथा दिनेश की जोड़ी ने श्रीराम तथा मुजाहिद की जोड़ी को हरा कर विनर बने। अंडर-19 बॉयज डबल में वीर तथा अनुराग की जोड़ी ने विवेक तथा अभिनव की जोड़ी को हराकर विनर बने। सीनियर सिंगल में वाहिद ने राहुल को हराया। गर्ल्स अंडर 15 सिंगल में प्रज्ञा झा ने अनु सृष्टि को हराकर विनर बनी ।वही अंडर 15 डबल में रिषिका तथा स्वीटी की जोड़ी ने नव्या तथा अदिति की जोड़ी को हराकर खिताब हासिल किया। अंडर-19 गर्ल्स सिंगल में गुंजन ने अनु सृष्टि को हराकर विनर बनी । सभी खिलाड़ियों को ट्राफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।आज के कार्यक्रम में डॉक्टर गणेश प्रसाद सचिव मुरारी गोस्वामी काजल कुमारी रंजीत साहू आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भंडरा सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा नौडीहा पतरा के समीप सोमवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जिसमें कसपुर गांव निवासी कारी उरांव के पुत्र घूरना उरांव (27 वर्ष) की मौत हो गई। जबकि कसपुर गांव निवासी बीरता भगत के पुत्र मंगलेश्वर उरांव गंभीर रुप से घायल है। जानकारी के अनुसार नौडीहा पतरा के समीप बीच सड़क में खराब पड़ा ट्रैक्टर से स्कूटी का टक्कर हो गया था। इससे स्कूटी में सवार घूरना उरांव की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने घूरना उरांव की मौत की पुष्टि कर दी। इधर घटना के बाद भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के अरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के एक विशेष समुदाय के युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र के सोंस गांव निवासी इम्तियाज उर्फ राजू राय के पुत्र फिरोज राय उर्फ चांद द्वारा 19 दिसंबर 2024 को प्रखंड के एक गांव की आठवीं कक्षा की नाबालिग बहला फुसलाकर विगत पझरी पहाड़ घूमाने ले आया। इसके बाद विशेष समुदाय के युवक द्वारा नाबालिग को रांची जगरनाथ मंदिर ले जाकर जबरजस्ती शादी कर दिल्ली ले गया। तथा दिल्ली से राजस्थान के अलवर अपने रिश्तेदार के पास पहुंचा था। नाबालिग को अपहरण कर भगा ले जाने को लेकर नाबालिग के पिता ने भंडरा थाना में आरोपित फिरोज उर्फ चांद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर नाबालिग की बरामदगी को लेकर गुहार लगाया गया था। इधर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भंडरा थाना पुलिस ने इंटरनेट मीडिया की मदद से नाबालिग व आरोपित युवक फिरोज उर्फ चांद को राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार कर भंडरा थाना लाया गया। इसके बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि आरोपित पहले से ही शादी शुदा है। इसके दो बच्चें भी है।

## लोहरदगा हेल्थ केयर सोसाइटी ने लोहरदगा सदर अस्पताल में जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं फल का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पिछले कुछ दिनों से लगातार लोहरदगा जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जिसे देखते हुए लोहरदगा हेल्थ केयर सोसाइटी द्वारा लोहरदगा के सदर अस्पताल में लोहरदगा हेल्थ केयर सोसाइटी के सेक्रेटरी जमील अख्तर के नेतृत्व में जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं फल का वितरण किया गया और लोगों ने इस नेक कार्य के लिए समिति को तहे दिल से शुक्रिया किया। लोहरदगा हेल्थ केयर सोसाइटी जरूरतमंदों के बीच हमेशा सेवा कार्य के लिए तत्पर रहती है कंबल एवं फल वितरण के पश्चात समिति के सेक्रेटरी जमील अख्तर ने बताया कि लोहरदगा हेल्थ केयर सोसाइटी लोहरदगा जिले में स्वास्थ्य कार्य के अलावा जरूरतमंदों के लिए हर संभव प्रयास एवं मदद करती है सोसाइटी के बैनर तले समिति से जुड़े सभी मेंबर का लक्ष्य होता है कि लोहरदगा जिले में गरीब असहाय मजबूर लोगों का हर संभव मदद किया जाए और समाज में एक मिसाल पैदा की जाए जिससे कि समिति के माध्यम से लोगों तक सेवा का कार्य हम सभी पहुंचा सके आगे उन्होंने कहा कि इसी तरह हम हमेशा आगे भी गरीब, असहाय, मजबूर और जरूरतमंद लोगों के लिए सेवा उपलब्ध करते रहेंगे।

## वर्ष 2025 में जिले में बहेगी विकास की गंगा : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि वर्ष 2025 का सूर्य नई आशा एवं उम्मीद के साथ उदय होगा। यह वर्ष विकास भरा वर्ष होगा। इस वर्ष क्षेत्र में जर्जर पड़े सभी कालीकरण पथों को दुरुस्त कराने का प्रयास किया जाएगा। गांव गांव सड़कों का जाल बिछेगा। कई नदियों पर उच्च स्तरीय पुल का भी निर्माण कराने का प्रयास होगा। बिजली विहिन गांवों में भी बिजली पहुंचाने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के अंत तक शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों का भी तेजी से विकास करने का प्रयास किया जाएगा। स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त होगी। सदर अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक तैनात कराने का प्रयास किया जाएगा। शिक्षकों की कमी से जूझ रहा सिमडेगा कॉलेज में शिक्षकों की कमी को दूर कराने



की कोशिश की जाएगी। अल्पसंख्यक स्कूलों में विद्यालय भवनों का निर्माण कराया जाएगा। गरीब बच्चों को सरकारी स्कूलों में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए पर्यात मात्रा में शिक्षकों की बहाली की जाएगी। भूषण बाड़ा ने कहा कि खेल मैदान का विस्तार कराने के साथ साथ स्थानीय खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए बार बार मौका दिया जाएगा। इस वर्ष लोगों को सर्पदंश से बचाने पर विशेष फोकस किया जाएगा। हर खेत में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराते हुए किसानों को सालों भर खेती करने की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास की जाएगी। सभी मजदूर एवं किसानों को उनका हक और अधिकार दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अनुबंध कर्मियों को स्थायी करवाने के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा। सफाई कर्मियों, पंचायत स्वयं सेवकों, पारा शिक्षक, सहिया, सेविका, जल सहिया, पारा शिक्षक, सहायक पुलिस कर्मी, एनएचम स्वास्थ्य कर्मी, एमपीडब्ल्यू कर्मी की सभी समस्याओं को सरकार से मिलकर दूर करने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि जनता की भावनाओं के अनुरुप काम होगा एवं विकास को गति प्रदान की जाएगी।

# पूर्व प्रधान महालेखाकार ने अपनी लाइब्रेरी को आम जनता को किया समर्पित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पूर्व प्रधान महालेखाकार श्री बेंजामिन लकड़ा ने आज बेंजामिन लकड़ा फाउंडेशन की नींव रखते हुए जिले में ज्ञान का प्रकाश फैलाने के लिए अपनी मेहनत से तैयार लाइब्रेरी को आम जनता को समर्पित कर दिया। बेंजामिन लकड़ा ने अपने निजी आवास में बनाये लाइब्रेरी को आज सिमडेगा के वासियों के लिए खोला दिया है। अब यहां लोग जाकर किताबी ज्ञान हासिल करने के साथ साथ पूर्व प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा से मार्गदर्शन हासिल कर अपना भविष्य बना सकते हैं। इस अवसर पर बेंजामिन लकड़ा फाउंडेशन का उद्घाटन आर्चबिशप विंसेंट इंड रांची, उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार, बिशप विनय कंडुलना (खूंटी के बिशप), प्रोवेंशियल सोसाइटी ऑफ जीसस फादर अजीत खेस्स, माननीय विधायक



कोलेबिरा श्री बिक्सल कोंगारी, सीआईएसएफ कमांडेंट श्री जेम्स बाखला, सेवानिवृत्त आईएएस श्री विनोद किस्पोट्टा एवं संचार इंजीनियर - भारतीय रेलवे श्री रायमेक्स टोप्पो के द्वारा फिता काट कर किया गया। सभी अतिथि ने बेंजामिन लकड़ा को इसके सुन्दर कार्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान रांची के आर्चबिशप विंसेंट इंड ने श्री बेंजामिन लकड़ा द्वारा लिखे गए पुस्तकों की चर्चा करते हुए कहा कि श्री लकड़ा के द्वारा लिखे गए पुस्तक मैंने पढ़ा था उससे मैं प्रभावित हुआ था खुशहाल बुद्ध के लेखकों से भी प्रभावित हुआ था। उन्होंने कहा कि इसके द्वारा लिखे गए पुस्तक ने समाज में परिवर्तन लाने के लिए चुनौती देने के लिए अच्छे उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने लिखा और इसीलिए सभी लेख उनके बहुत ही प्रेरणादायक और चुनौती पूर्ण हुआ करते थे और इसीलिए मेरे जैसे और कितनों को उन्होंने अपने लेख के माध्यम से चुनौती दी होगी उनके अंदर की प्रेरणा को जगाया होगा उनका हौसला बढ़ाया होगा लोगों को चुनौती दी होगी तो जैसे फादर अजीत ने कहा कि जीविका जीवन में एक दूरी होती है लेकिन कुछ समय कुछ लोग जीविका के लिए व्यस्त रहते हैं और बाद में चलकर के शायद जब जीविका के साधन से मुक्त होकर के एक फ्री समय उनको मिलता है तो वह जीवन की और योगदान देते हैं लेकिन श्री बेंजामिन लकड़ा के जीवन में महत्व कहूंगा कि इन दोनों में फर्क नहीं था जीविका के दौरान भी उन्होंने अपने लेखन प्रणाली से बहुतों को योगदान दिया समाज को योगदान दिया और कई छोटी या बड़ी सभा में चाहे वे युवा वर्ग के लिए हो अथवा कुछ विद्वानों के बीच में हो या कुछ साधारण विश्वासियों के बीच में लोगों के बीच में हो उन्होंने अपना योगदान यथासंभव दिया है। और वहीं सिलसिला बना रहा और शायद यही आदत उनकी रही है कि आज भी वे समाज को बिना कुछ दिए चुप नहीं रह सकते उनके मन में शांति नहीं होती है और इसीलिए यह तो एक चरम बिंदु है कहना चाहिए कि उन्होंने अपने इस अवस्था में भी समाज को अब भी कुछ देने का यह सुंदर निर्णय लिया उनके परिवार वालों ने भी इसको सहर्ष स्वीकार किया और पूरा सहयोग दिया और आम जनता के लिए विशेष करके सिमडेगा क्षेत्र में और विशेष करके जो मेधावी है परिश्रमी है आकांक्षी है महत्व आकांक्षी हैं उनकी सहायता के लिए उनका हौसला बढ़ाने के लिए एक सुंदर एक चिन्ह उन्होंने यह पुस्तकालय लाइब्रेरी की सुविधा देने का निश्चय किया यह बहुत ही प्रशंसनीय बात है और हम शब्दों के लिए एक शिक्षाप्रद बात है कि हम अपने जीवन को ऐसे ही बना सकते हैं ऐसे अपने जीवन को लाभदायक बना सकते हैं समाज के लिए जहां से हम पाते हैं तो उसे समाज को हम अपने स्तर में ही अपनी क्षमता के अनुसार जैसे अभी-अभी हमारे पुलिस निरीक्षक ने कहा कि आप 10 आप कमाते हैं तो 10 से भी हम कुछ कार्य जो छोटी हो कुछ करके दे पाने की एक लालसा एक आकांक्षा यह महत्वपूर्ण बात है। अंत आर्च बिशप विसेंट ने कहा कि ईश्वर उनसे अधिक प्रेम करते हैं, जो खुले दिल से लोगों की सेवा देते हैं। बेंजामिन लकड़ा ने हमेशा से समाज के हर वर्ग के लिए अपनी लेखनी से अभिप्रेरित किया। वहीं उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य ज्ञान एवं कौशल को अधिक से अधिक लोगों के बीच बांटना है, तथा अवसर पर आए सभी अतिथियों ने जिले के पूर्व प्रधान महालेखाकार के इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कहा कि ये समाज के लिए प्रेरणायुक्त होने के साथ-साथ विकास में भी सहायक साबित होगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान महालेखाकार श्री बेंजामिन लकड़ा ने कहा कि आने वाली सिमडेगा की पीढ़ियां भी आईएएस-आईपीएस बनें। इसके लिए उन्होंने अपनी लाइब्रेरी आम जनता के लिए समर्पित की है।उन्होंने यह बताया कि अपने आवास बेंजामिन गार्डन - सह- व्हाइट हाउस में उन्होंने पुस्तकालय बनाई है। जिसमें इतिहास, भूगोल, दर्शन आदि से लेकर विभिन्न प्रकार धर्मो से जुड़ी पुस्तकें भी यहां उपलब्ध है। लोग पुस्तकालय में आकर इच्छानुसार पुस्तकें पढ़कर अपनी ज्ञान समृद्ध कर सकते हैं। इसके अलावा बेंजामिन लकड़ा फाउंडेशन द्वारा कई बिजनेसमैन एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रहे गणमान्य व्यक्तियों प्रशस्ति पत्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर कई सारे गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आज से बदलेंगे 10 बड़े नियम




एजेंसी

**नई दिल्ली :** नए साल के साथ ही पर्सनल फाइनेंस और बैंकिंग से जुड़े कई बड़े बदलाव लागू होने वाले हैं. 1 जनवरी 2025 से कई ऐसे नियम लागू होंगे, जिनका सीधा असर रोजमर्रा की जिंदगी और फाइनेंशियल प्लानिंग पर पड़ेगा. इनमें एलपीजी सिलेंडर की कीमतों से लेकर पेंशन और यूपीआई सेवाओं तक के नियम शामिल हैं.

1. एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव
हर महीने की शुरुआत में सरकार एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव करती है. इस बार भी 1 जनवरी 2025 को कीमतों में बदलाव की संभावना है. 14 किलो के घरेलू सिलेंडर की कीमत लंबे समय से स्थिर बनी हुई थी, लेकिन कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है.

2. कारों की कीमतों में बढ़ोतरी
अगर आप कार खरीदने की सोच रहे हैं, तो 1 जनवरी से आपको ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है. प्रमुख ऑटो कंपनियां जैसे मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा, और बीएमडब्ल्यू गाड़ियों की कीमतों में 3% तक की बढ़ोतरी करने वाली हैं.

3. राशन कार्ड के लिए ई-केवाईसी जरूरी
सरकार ने राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है. 31 दिसंबर 2024 तक ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी न करने वाले राशन कार्ड 1 जनवरी 2025 से रद्द कर दिए जाएंगे.

4. पेंशन निकासी के नियमों में सुधार
ईपीएफओ ने पेंशनभोगियों के लिए नियम आसान बना दिए हैं. अब वे देश के किसी भी बैंक से अपनी पेंशन निकाल सकते हैं, और इसके लिए अतिरिक्त सत्यापन की जरूरत नहीं होगी.

5. ईपीएफओ सदस्यों के लिए एटीएमसुविधा
सरकार ईपीएफओ के तहत रजिस्टर्ड कर्मचारियों के लिए एटीएम कार्ड सुविधा शुरू करने की योजना बना रही है. इससे कर्मचारी अपने पीएफ अकाउंट से आसानी से पैसे निकाल सकेंगे.

6. फीचर फोन यूजर्स के लिए यूपीआई लिमिट में वृद्धि.
यूपीआइ 123पे सेवा के तहत फीचर फोन यूजर्स अब 10,000 रुपये तक का भुगतान कर सकेंगे. पहले यह सीमा 5,000 रुपये थी.

7. फिक्स्ड डिपॉजिट के नए नियम
आरबीआई ने ह्क्ष्स्ष्टह्य और ।स्ष्टह्य के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट से जुड़े नियमों में बदलाव किया है. ये नियम 1 जनवरी 2025 से लागू होंगे और डिपॉजिट की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे.

8. अमेरिकी वीजा नियमों में बदलाव
भारत में अमेरिकी दूतावास 1 जनवरी 2025 से नॉन-इमिग्रेंट वीजा के लिए एक बार अपॉइंटमेंट री-शेड्यूल करने की सुविधा देगा. इसके बाद री-शेड्यूल करने पर शुल्क लगेगा.

9. सेंसेक्स और बैंकिंग डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट की नई तारीखें
बीएसई ने घोषणा की है कि 1 जनवरी 2025 से सेंसेक्स और बैंकेक्स के साप्ताहिक कॉन्ट्रैक्ट हर मंगलवार को समाप्त होंगे, जो पहले शुक्रवार को खत्म होते थे.

10. जनवरी में 15 दिनों तक बंद रहेंगे बैंक
जनवरी में कुल 15 दिन बैंक बंद रहेंगे. इनमें रविवार, दूसरा और चौथा शनिवार के अलावा त्योहारों पर होने वाली छुट्टियां भी शामिल हैं. हालांकि, आरबीआई की आधिकारिक छुट्टियों की सूची अभी जारी नहीं की गई है.

# प्राकृतिक आपदाओं से भरा रहा साल 2024

अगर कहा जाए कि यह वर्ष भारत के लिए प्राकृतिक आपदाओं का साल रहा, तो कोई झूठ नहीं होगा। खतरनाक आपदाओं की घटनाओं ने कई लोगों की जान ले ली, हजारों बेघर हो गए और कई जगहों पर जनजीवन ठप हो गया।आइए जानते हैं 2024 में सबसे भयानक प्राकृतिक आपदाओं के कहर के बारे में, जिन्होंने पूरे देश को हिला कर रख दिया। भारत में आई आपदाओं के बारे में बात करने से पहले दुनिया के अन्य देशों की भी बात कर लेते हैं। इस साल दुनिया भर में भी भयानक प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिलीं।



एजेंसी

**नई दिल्ली :** साल 2024 अलविदा कह दिया और नया साल आ गया। साल 2024 इतिहास का सबसे गर्म साल, वायनाड भूस्खलन, चक्रवात फेंगल, तूफान रेमल और कई राज्यों में आई भीषण बाढ़ के रूप में याद किया जाएगा। अगर कहा जाए कि यह वर्ष भारत के लिए प्राकृतिक आपदाओं का साल रहा, तो कोई झूठ नहीं होगा। खतरनाक आपदाओं की घटनाओं ने कई लोगों की जान ले ली, हजारों बेघर हो गए और कई जगहों पर जनजीवन ठप हो गया।आइए जानते हैं 2024 में सबसे भयानक प्राकृतिक आपदाओं के कहर के बारे में, जिन्होंने पूरे देश को हिला कर रख दिया। भारत में आई आपदाओं के बारे में बात करने से पहले दुनिया के अन्य देशों की भी बात कर लेते हैं। इस साल दुनिया भर में भी भयानक प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिलीं। इटली और दक्षिणी अमेरिका में सूखा पड़ा, जबकि नेपाल, सूडान और यूरोप में बाढ़ ने तबाही मचाई।मैक्सिको, माली और सऊदी अरब में हीटवेव के कारण हजारों लोग अपनी जान गंवा बैठे। वहीं, अमेरिका और फिलीपींस जैसे देशों में विनाशकारी साइक्लोन ने कहर ढाया। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसी घटनाएं आने वाले समय में और ज्यादा गंभीर हो सकती हैं।यूरोपियन यूनियन की कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया था। उसके अनुसार, साल 2024 इतिहास का सबसे गर्म साल रहा। जनवरी से नवंबर तक का औसत वैश्विक तापमान प्री-इंडस्ट्रियल एरा (1850-1900) की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। बता दें कि इससे पहले 2023 को सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज किया गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक ये बढ़ती गर्मी इंसानों द्वारा किए गए जलवायु परिवर्तन का सीधा नतीजा है। भारी बारिश और उफनती नदियों के कारण आंध्र प्रदेश के शहर विजयवाड़ा में आई बाढ़ ने इस साल 40 से ज्यादा लोगों की जान ले ली। इतना ही नहीं तीन लाख के करीब लोग इस बाढ़ से प्रभावित हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, 31 अगस्त-नौ सितंबर इस बाढ़ का प्रकोप रहा था। बता दें, बुडामेरु नदी और उफनती कृष्णा नदी के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया था। इसके बाद मौके पर राहत टीम पहुंची और 44,000 से अधिक विस्थापित निवासियों को आश्रय दिया।

## तूफान रेमल ने ली कई जानें

तूफान रेमल 2024 के उत्तर भारतीय महासागर चक्रवात, सीजन का पहला तूफान था। जो 26 मई को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के सुंदरबन डेल्टा क्षेत्र में आया था। तूफान ने बंगाल, मिजोरम, असम और मेघालय में कम से कम 30 से ज्यादा लोगों की जान ले ली और चारों ओर विनाश के निशान छोड़े।

## वायनाड भूस्खलन ने मचाई भारी तबाही

केरल के वायनाड जिले के लोग इस साल की 30 जुलाई को कभी भुला नहीं पाएंगे। जब यहां मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी थी। इस प्राकृतिक आपदा के कारण 300 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। बता दें, वायनाड जिले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम जिले के नीलांबुर वन क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था। भूस्खलन होने के बाद तबाह हुए घरों और मलबे के ढेर के बीच फंसे लोग फोन करके मदद की गुहार लगा रहे थे। इस साल के सबसे खतरनाक भूस्खलन के कारण 1,500 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए और हजारों लोग विस्थापित हो गए।

## हिमाचल प्रदेश में 51 बार बादल फटा बादल

जून से अगस्त तक हिमाचल प्रदेश में 51 बार बादल फटने और बाढ़ की घटनाएं हुईं। इस आपदा में कम से कम 30 लोगों की मौत हुई और कई लोग लापता हो गए। इस प्राकृतिक आपदा से जिन क्षेत्रों को सबसे अधिक प्रभाव पड़ा था, उनमें लाहौल और स्पीति शामिल हैं। इस दौरान 121 घर नष्ट हो गए और 35 भूस्खलन हुए। इस आपदा से राज्य को करीब 1,140 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## तूफान फेंगल ने पुडुचेरी को किया तबाह

30 नवंबर को तूफान फेंगल ने पुडुचेरी के पास दस्तक दी, जिससे कम से कम 19तूफान फेंगल ने लोगों की मौत हो गई और कई अन्य प्रभावित हुए। तूफान के कारण पुडुचेरी में 46 सेमी की रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई, जिससे सड़कें और खेत- खलिहान सब पानी में डूब गए। तूफान के चलते तमिलनाडु के कई जिलों में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा। जहां चक्रवाती तूफान फेंगल ने पुडुचेरी में भारी तबाही मचाई, वहीं इस तूफान का असर महाराष्ट्र में भी दिखा।

## भारी बारिश और बाढ़ से तबाह हुआ पूर्वोत्तर भारत

इस साल देश के पूर्वोत्तर भारत में भी भारी बारिश और बाढ़ से बुरा हाल था। दूर-दूर तक, जहां तक नजर जाए बस पानी ही पानी था। यहां ये फर्क करना मुश्किल था कि नदी का दूसरा किनारा कहां है और गांव की सरहद किधर है। सड़क, रास्ते, पगडंडियां सब सैलाब में डूब चुकी थीं। असम में इस साल आई भयंकर बाढ़ में 117 लोगों की मौत हुई। यहां तक 21 लाख से अधिक लोगों के प्रभावित होने की जानकारी सामने आई थी। हर साल की तरह इस बार भी ये पूर्वोत्तर राज्य ब्रह्मपुत्र नदी का प्रकोप झेल रहा था।

# पर्यावरणविद कौशल ने अजमेर जा रहे यात्रियों को पौधा देकर रवाना किया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत मुख्यालय स्थित आजाद नगर में आयोजित सम्मान समारोह में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने जा रहे पंचायत वासियों को फूल माला के साथ ड्राई फूड और थाईलैंड प्रजाति का बारहमासी आम व कटहल का पौधा देकर उन्हें सम्मान पूर्वक रवाना किया। पर्यावरणविद ने सभी अकीदतमंदों की सुखद ,सुरक्षित व मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग का और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा का दिया हुआ प्रकृति को बचाने के लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चे की तरह हिफाजत करना होगा।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इतिहास गवाह है कि मक्का मदीने का रोजा का गुम्बद 14 सौ वर्ष से हरा है । जिसका रंग में कोई बदलाव आज तक नही हुआ है। प्रकृति के हरे रंग के अनुरूप ही इस्लामी झंडा और पगड़ी का रंग भी हरा रहता है।

इसीलिए तो जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए पर्यावरण प्रेमी होना जरूरी है। पूर्व उपमुखिया अफजल अंसारी ने कहा कि धन्य है डाली पंचायत बाजार की धरती जहां के विश्वस्तरीय पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल उनके धर्मपत्नी सह मुखिया श्रीमती पूनम जायसवाल व पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल जैसे लोग हर वर्ग समुदाय के लोगों के सुख दुःख में सदैव साथ खड़े रहते हैं।

जिससे हिंदू मुस्लिम एकता व आपसी प्रेम एवं सद्भाव सदैव कायम रहता है। अजमेर जाने वाले प्रमुख यात्रियो में पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया नगीना खातुन, पंचायत समिति शहाबुद्दीन अंसारी, इसराइल अंसारी, असिया बीबी, कनीजा बीबी,इसराफिल अंसारी नसरुद्दीन अंसारी, मुख्तार अंसारी, मुंतज़रि अंसारी, वसीम अंसारी, खलील अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी , अतुला अंसारी, युसूफ अंसारी, शेरअली अंसारी, अख्तर अंसारी, जसीम अंसारी, मैमुन बीबी शकीला बीबी सलमा बीबी आदि शामिल थे।

## मतदाता पंजीकरण में जाली दस्तावेज को लेकर 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर जाली दस्तावेज़ों का इस्तेमाल करके मतदाता पंजीकरण आवेदन जमा कराने वाले 12 लोगों के खिलाफ़ मंगलवार को एफ़आईआर दर्ज की है। पुलिस ने यह कार्रवाई कापसहेड़ा एसडीएम और एक चुनाव अधिकारी की शिकायत पर की है। कापसहेड़ा एसडीएम ने थाना द्वारका सेक्टर-17 और बिंदापुर के एसएचओ को छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। वहीं नरेला में एक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को लिखे पत्र में कहा कि जांच में यह पाया गया है कि कुछ आवेदकों ने पहचान और निवास के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड और बिजली बिल सहित दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करके अधिकारियों को धोखा देने का प्रयास किया है।

# पर्यटकों की सुरक्षा का रखें विशेष ख्याल : सीएम धामी

एजेंसी



**देहरादुन :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नव वर्ष के आगमन पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा जाय। नए वर्ष के आगमन पर ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उचित यातायात प्रबंधन किया जाय।पर्यटन स्थलों पर ट्रैफिक को सुव्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

रात्रि में सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख रास्तों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाए, ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घटे। मुख्यमंत्री ने शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक और सुरक्षा प्रबंधों के तहत घटनाओं पर निगरानी रखने के लिए तकनीकी उपायों का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए।बैठक में प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए. पी. अंशुमन और उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

# गांवों में सेवा देने से इनकार करने वाले डॉक्टरों का वेतन बंद होगा




एजेंसी

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने से बचने वाले सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों पर सख्त रुख अपनाया है। राज्य सचिवालय नवान्न ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि जो डॉक्टर बंधन सेवा के तहत निर्धारित स्थानों पर सेवा देने में लापरवाही करेंगे,उनके वेतन पर रोक लगा दी जाएगी। यह निर्णय राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के एकाउंट ऑफिसर्स को निर्देशित किया गया है। एमडी-एमएस उत्तीर्ण सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को तीन साल की अवधि के लिए ग्रामीण, जिला, महकमा और स्टेट जनरल अस्पतालों में सेवा देना अनिवार्य है। इस दौरान वे 65 हजार से 75 हजार रुपये मासिक भत्ता प्राप्त करते हैं। अब यदि वे इस सेवा में लापरवाही करते हैं तो उनका यह भत्ता रोक दिया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह नियम पहले से मौजूद था, लेकिन जनहित को ध्यान में रखते हुए इसे सख्ती से लागू करने का फैसला लिया गया है। वर्तमान में राज्य में 11 सौ से अधिक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर बंधन सेवा के तहत कार्यरत हैं।नए आदेश के अनुसार, यदि कोई डॉक्टर बंधन सेवा का पालन नहीं करता है तो संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। ऐसे डॉक्टरों को तत्काल रिलीव करने के निर्देश दिए गए हैं।एक जनवरी 2025 से बंधन सेवा के नियमों का उल्लंघन करने पर किसी भी प्रकार की दलील या अपील स्वीकार नहीं की जाएगी। डॉक्टरों को जिला स्तर पर सेवा देने के लिए काउंसलिंग के माध्यम से पोस्टिंग मिलेगी।दरअसल कुछ समय पहले, राज्य सरकार ने बंधन सेवा का पालन न करने वाले 31 डॉक्टरों पर 20 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया था। हालांकि, बाद में सरकार ने यह जुर्माना माफ कर दिया। इसके बावजूद डॉक्टरों की लापरवाही नहीं थमी है।यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया है। राज्य सरकार के इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है।


## नए साल के जश्न के लिए शिमला में उमड़ी सैलानियों की भीड़

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में नए साल के जश्न का खुमार सैलानियों पर सिर चढ़कर बोल रहा है। रिज मैदान और मॉल रोड सैलानियों से खचाखच भरे नजर आ रहे हैं। रोजाना हजारों पर्यटक वाहन शिमला की ओर रुख कर रहे हैं। इससे न केवल शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर रौनक बढ़ी है बल्कि यातायात जाम की समस्या भी देखने को मिल रही है। बाहरी राज्यों से शिमला आने वाली एचआरटीसी और पर्यटन निगम की लग्जरी बसों के साथ-साथ कालका-शिमला भी पूरी तरह से पैक होकर आ रही हैं। शहर के अधिकांश होटलों में नए साल के लिए खास इंतजाम किए गए हैं और जनवरी के पहले सप्ताह तक पर्यटकों की रौनक बनी रहने की उम्मीद है। शिमला के अलावा इससे सटे पर्यटन स्थल जैसे कुजरी, फागू और नारकंडा में भी सैलानियों का तांता लगा है।

# कौन है धनकुबेर सौरभ शर्मा ?

## सौरभ के घर में मिलीं सोने चांदी की ईंट व नोटों का पहाड़

एजेंसी



**भोपाल :** जिस शख्स के घर से नोटों का पहाड़, सोने चांदी की ईंटें मिलीं, तीन तीन जांच एजेंसियां उस कांस्टेबल सौरभ शर्मा की तलाश में खाक छान रही है। अबतक उसका पता ठिकाना नहीं मिल पाया है। बता दें कि यह मामला 19 दिसंबर को भोपाल जिले के एक गांव में एक लावारिस वाहन से 11 करोड़ रुपये की नकदी और 52 किलो सोने की जब्ती से जुड़ा है। इस मामले का आरोपी सौरभ शर्मा कौन हैं और उसे कथित तौर पर इतने बड़े पैमाने पर संपत्ति कैसे अर्जित की यह जानने को हर कोई बेचैन है। ग्वालियर का रहने वाला सौरभ शर्मा उर्फ चीनू पूर्व सिविल सेवा अभ्यर्थी है। जाहिर तौर पर वह सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी करने वाले उसी समूह का हिस्सा था, जिस पर बहुप्रशंसित फिल्म 12वीं फेल आधारित है। यहां तक कि उसने राज्य सिविल सेवा परीक्षा में इंटरव्यू तक दे चुका है। सौरभ के पिता, जो एक सरकारी कर्मचारी थे, के निधन के बाद, शर्मा ने परिवहन विभाग में एक कांस्टेबल के रूप में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति प्राप्त की। सूत्रों के मुताबिक, सौरभ शर्मा ने रिश्वतखोरी के लिए कुख्यात विभाग में काम करने के गुर जल्दी ही सीख लिए थे और अनुकंपा के आधार पर उसकी नियुक्ति विवादों में घिर गई जिसके कारण शर्मा को अंततः इस्तीफा देना पड़ा था। फिर उसने एक निर्माण व्यवसाय शुरू किया, जो कथित तौर पर अन्य गतिविधियों का एक माध्यम भर था। 19 दिसंबर को, लोकायुक्त के एसपीई ने भोपाल में कथित तौर पर शर्मा से जुड़े दो परिसरों पर छापा मारा और सोने और चांदी के अलावा 2.1 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की। असली बरामदगी तो बाद में उस रात में हुई जब आयकर विभाग को मेंडोरी गांव के एक खेत में खड़े एक वाहन, जिस पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) की प्लेट और ऊपर सायरन लगा हुआ था, को देखा गया और उसकी तलाशी ली गई तो उस कार में रखे बैग में से 11 करोड़ रुपये कैश और 52 किलो सोना मिला।इस घटना के बाद सौरभ शर्मा गायब है और कोर्ट में उसके द्वारा दी गई अग्रिम जमानत की अर्जी भी खारिज कर दी गई है। 27 दिसंबर को ईडी ने कथित तौर पर शर्मा और उसके रिश्तेदारों और व्यापारिक सहयोगियों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली थी। आयकर विभाग ने उसे नोटिस जारी किया है जबकि लोकायुक्त के एसपीई ने राज्य आपराधिक जांच विभाग से शर्मा के लिए लुकआउट नोटिस जारी करने को कहा है। जांच अधिकारी शर्मा के विदेश में होने से इनकार नहीं कर रहे हैं।